

सूर्योदय प्रातः 6:10 | सूर्यास्त संध्या 5:01 | पखवाड़ा | मार्गशीर्ष कृ. चतुर्थी, संवत 2083 | तापमान | अधिकतम 23° | न्यूनतम 11°

फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, शनिवार, 28 नवम्बर 2026, वर्ष : 17, अंक : 281, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस पखवाड़ा समापन

एवं सरकार के द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित समारोह

28 नवम्बर, 2026 | अपराह्न 12:30 बजे | खेलगांव, रांची







स्थापना दिवस पखवाड़ा
15 से 28 नवम्बर, 2026

मुख्य अतिथि

श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सम्मानित अतिथि

श्री संजय सेठ
माननीय केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री

श्री राधा कृष्ण किशोर
माननीय मंत्री, झारखण्ड

श्री संजय प्रसाद यादव
माननीय मंत्री, झारखण्ड

श्रीमती महुआ माजी
माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा

श्री आदित्य प्रसाद साहु
माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा

श्री प्रदीप कुमार वर्मा
माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा

श्री परिमल नाथवानी
माननीय संसद सदस्य, राज्य सभा

श्री राजेश कच्छप
माननीय सदस्य, झारखण्ड विधान सभा



आयोजित समारोह में
आप सभी की उपस्थिति सादर प्रार्थित है

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड

PR- 394753 (IPRD) 26-27

एक झलक

झामुमो कार्यकर्ता सोबरन सोरेन शहादत दिवस कार्यक्रम में हुए सम्मिलित

भदानीनगर : शहीद सोबरन सोरेन शहादत दिवस कार्यक्रम में भाग लेने शुक्रवार पतरातू प्रखंड से झामुमो कार्यकर्ता गोला प्रखंड के लुकैयाटांड़ गए। मतकमा चौक से प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र महतो की अगुवाई में झंडा-बैनर से लैस बस, ट्रेक्टर सहित अन्य वाहनों पर महिला-पुरूष कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल होने गए। बताते चलें कि लुकैयाटांड़ में शुक्रवार को शहीद सोबरन सोरेन का 69वां शहादत दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी गांडेय विधायक कल्पना सोरेन सहित कई गणमान्य शामिल रहे। कार्यक्रम में शामिल होने वालों में रामदास बेदिया, सूरज हेंब्रम, जयलाल सिंह, आजाद राय, सुलेंद्र सोरेन, महावीर सिंह, रोहित मुंडा, शुभम कुमार सहित अन्य शामिल थे।

उत्कृष्ट कार्य के लिए कुदलुम पंचायत को मिलेगा राज्य स्तरीय पुरस्कार

खूंटी : ग्राम पंचायत भवन में आधारभूत संरचना और नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुदलुम का चयन राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए किया गया है। झारखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पंचायत राज विभाग की ओर से पंचायत के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर यह चयन किया गया है। ग्राम पंचायत कुदलुम को आगामी 28 नवंबर को रांची के खेलगांव परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा। पंचायत भवन की आधारभूत संरचना तथा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के क्षेत्र में बेहतर कार्य के लिए पंचायत को यह सम्मान दिया जाएगा। राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए कुदलुम पंचायत का चयन होने से पंचायतवासियों में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि से कर्रा प्रखंड के साथ-साथ खूंटी जिले का गौरव भी बढ़ा है। पंचायत के उत्कृष्ट कार्यों को राज्य स्तर पर पहचान मिलने से ग्रामीण क्षेत्र में पंचायत व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं के विकास के प्रयासों को नई प्रेरणा मिलेगी।

दुर्घटना में घायल युवा व्यवसायी की इलाज के दौरान मौत

खूंटी : तोरपा थाना क्षेत्र के दियांकल गांव के पास गुरुवार को स्कूटी और बाइक के बीच हुई टक्कर में घायल तोरपा के युवा व्यवसायी विकास कुमार (32) की गुरुवार की रात इलाज के दौरान एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। वह राजेंद्र साहू का बड़ा बेटा था। दुर्घटना में उनके सिर और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफरल अस्पताल तोरपा से रांची रेफर कर दिया गया था। रांची के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। उल्लेखनीय है कि विकास कुमार स्कूटी से किसान पाठशाला की ओर से तोरपा स्थित अपने घर लौट रहे थे। दियांकल गांव के पास विकास कुमार स्कूटी लेकर मुख्य सड़क पर पहुंचे, तभी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद विकास कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। छाता नदी मुक्तिधाम में शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया।

औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए चरणबद्ध दौरा करेगा झारखंड चैम्बर

संयुक्त बैठक में औद्योगिक विकास पर चर्चा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की उद्योग, एमएसएमई एवं ऊर्जा उप समितियों की संयुक्त बैठक चैंबर भवन में हुई। बैठक में औद्योगिक क्षेत्रों की स्थिति, उद्योगों की समस्याओं और विकास को गति देने के उपायों पर चर्चा की गई। बैठक में राज्य के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों का चरणबद्ध दौरा करने तथा उद्योग निदेशक के साथ समन्वय स्थापित करने पर सहमति बनी। औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं को संकलित कर उद्योग सचिव के समक्ष रखने और उनके समाधान के लिए पहल करने का



निर्णय लिया गया। उद्योग उप समिति की चेयरपर्सन ज्योति कुमारी ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्रों की जमीनी समस्याओं का समयबद्ध समाधान जरूरी है। चैंबर अध्यक्ष तुलसी पटेल ने औद्योगिक आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने, विभागीय समन्वय और उद्यमियों की समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया। उपाध्यक्ष विकास विजयवर्गीय और रोहित पोद्दार ने उद्योग, एमएसएमई और ऊर्जा क्षेत्र की समस्याओं के संयुक्त समाधान की आवश्यकता बताई। सह सचिव पूजा ढाढा ने छोटे उद्यमियों को उचित मार्गदर्शन और सहयोग उपलब्ध कराने पर जोर दिया। ऊर्जा उप समिति के चेयरमैन अजय भंडारी ने नेट मीटरिंग की प्रक्रिया सरल करने, एनओसी के लिए समय-सीमा निर्धारित करने और आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन करने की मांग की। सदस्यों ने घरेलू उपभोक्ताओं को भी डीवीसी से बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। पूर्व अध्यक्ष दीपक मारू ने सिंगल विंडो व्यवस्था को प्रभावी बनाने की बात कही। एमएसएमई उप समिति की बैठक में बैंक ऋण, कच्चे माल की लागत, बाजार तक पहुंच, तकनीकी उन्नयन और आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा हुई। उप समिति की चेयरपर्सन नीतू कुमारी ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को प्रभावी बनाने, प्रक्रियागत जटिलताओं को कम करने और विभागीय अनुमतियों की प्रक्रिया में सुधार की आवश्यकता बताई। बैठक में चैंबर अध्यक्ष तुलसी पटेल, उपाध्यक्ष विकास विजयवर्गीय, रोहित पोद्दार, सह सचिव पूजा ढाढा, ज्योति कुमारी, राम बांगड़, मुकेश अग्रवाल, दीपक कुमार मारू, अजय भंडारी, नीतू कुमारी सहित विभिन्न उप समितियों के सदस्य उपस्थित थे।

उत्कृष्ट कार्यों के लिए सुमानडीह की मुखिया अंजना देवी सम्मानित



बुंडू : झारखंड राज्य स्थापना दिवस 2026 के अवसर पर आयोजित राज्य स्थापना दिवस पखवाड़ा के तहत बुंडू प्रखंड में सुमानडीह पंचायत की मुखिया अंजना देवी को उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पंचायत राज विभाग, झारखंड सरकार की ओर से जारी प्रशस्ति पत्र में उनके कार्यों की सराहना की गई है। बीडीओ सावित्री कुमारी ने प्रशस्ति पत्र मुखिया को प्रदान किया। मुखिया अंजना देवी को यह सम्मान पंचायत क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन एवं पंचायत के विकास कार्यों में योगदान के लिए प्रदान किया गया। सम्मान मिलने पर मुखिया अंजना देवी ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह सम्मान उनके लिए प्रेरणास्त्रोत है। पंचायत के सर्वांगीण विकास और ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए वह आगे भी पूरी निष्ठा से कार्य करती रहेंगी।

रामगढ़ की उपरबरगा पंचायत को मिलेगा राज्य स्तरीय पुरस्कार

■ डिजिटल तकनीक से लोक सेवाओं के पारदर्शी वितरण और ग्रामीण आजीविका के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए हुआ चयन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : रामगढ़ जिले के गोला प्रखंड की उपरबरगा ग्राम पंचायत ने अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली से राज्य स्तर पर जिले का मान बढ़ाया है। झारखंड सरकार के पंचायती राज विभाग ने पंचायत का चयन प्रौद्योगिकी के माध्यम से लोक सेवाओं के प्रभावी एवं पारदर्शी वितरण श्रेणी में राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए किया है। 28 नवंबर को रांची के खेलगांव में आयोजित समारोह में पंचायत को सम्मानित किया जाएगा। उपरबरगा पंचायत ने डिजिटल तकनीक के प्रभावी इस्तेमाल से ग्रामीणों तक सरकारी सेवाओं की पहुंच आसान और पारदर्शी बनाई है। पंचायत स्तर पर वीएलई और डिजिटल माध्यमों से आधार कार्ड बनाने एवं उसमें सुधार



करने के साथ जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र सहित विभिन्न जरूरी दस्तावेजों से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे ग्रामीणों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली है और उन्हें समय पर सेवाओं का लाभ मिल रहा है। डिजिटल सेवाओं के साथ पंचायत ने कृषि और ग्रामीण आजीविका के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय पहल की है। औराडीह गांव में ड्रिप सिंचाई, मल्चिंग, सौर ऊर्जा आधारित सिंचाई और पॉलीहाउस के माध्यम से ग्राफ्टेड सब्जियों की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिला प्रशासन की ओर से डीएमएफटी मद के तहत स्मार्ट फार्मिंग से जुड़ी परियोजनाएं भी संचालित की जा रही हैं। वहीं, नेमरा स्थित धुमकुड़िया भवन में 80 किसानों को पांच दिवसीय मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण के साथ किसानों को उत्पादन बैग भी उपलब्ध कराए गए, ताकि वे स्वरोजगार से जुड़कर अपनी आय बढ़ा सकें। उल्लेखनीय है कि उपरबरगा पंचायत के अंतर्गत आने वाला नेमरा गांव मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पैतृक गांव है। पंचायत का राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयन पूरे रामगढ़ जिले के लिए गौरव की बात है। पंचायत में आधारभूत संरचनाओं के विकास, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, ज्ञान केंद्र (लाइब्रेरी) की स्थापना और ग्रामीणों को आजीविका के साधनों से जोड़ने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में उनके योगदान के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों, मुखिया, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक तंत्र के समन्वित प्रयासों ने पंचायत को नई पहचान दिलाई है।

महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन की राजनीति कर रही केन्द्र सरकार : मुजनी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



रांची : झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सह मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुजनी ने केंद्र की मोदी सरकार पर महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन की राजनीतिक साजिश को आगे बढ़ाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण कानून 2023 में ही संसद से पारित हो चुका है। इसके बावजूद परिसीमन की शर्त जोड़कर महिलाओं को उनका अधिकार वर्षों तक टालना सरकार की मंशा पर सवाल खड़ा करता है। मुजनी ने कहा कि अप्रैल 2026 में लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक गिरने के बाद सरकार नए सिरे से परिसीमन संबंधी विधेयक लाने की तैयारी कर रही है। प्रस्तावित विधेयक का मसौदा सार्वजनिक नहीं किया गया है और विपक्षी दलों को विश्वास में लिए बिना इतना महत्वपूर्ण संवैधानिक बदलाव करना लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस महिला आरक्षण की हमेशा पक्षधर रही है। वर्ष 2010 में यूपीए सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक राज्यसभा से पारित कराया था और 2023 में भी कांग्रेस ने महिला आरक्षण कानून का समर्थन किया। कांग्रेस की मांग है कि वर्तमान 543 लोकसभा सीटों में से 181 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएं और इसे 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू किया जाए। मुजनी ने कहा कि सरकार महिला आरक्षण कानून की धारा 334ए में संशोधन कर सकती है, तो परिसीमन की अनिवार्य शर्त हटाकर 2029 से आरक्षण लागू करने का रास्ता क्यों नहीं खोलती? उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की प्राथमिकता महिला सशक्तीकरण के बजाय परिसीमन के माध्यम से राजनीतिक और चुनावी नक्शा बदलना है। उन्होंने कहा कि परिसीमन का प्रभाव राज्यों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व, संघीय ढांचे और लोकतांत्रिक संतुलन पर पड़ेगा। विशेष रूप से दक्षिण भारत और जनसंख्या नियंत्रण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों के प्रतिनिधित्व पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है। कांग्रेस की मांग है कि लोकसभा की 543 सीटों और राज्यों के प्रतिनिधित्व के अनुपात को अगले 25 वर्षों तक सुरक्षित रखा जाए। मुजनी ने असम में 2023 के परिसीमन का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां मुस्लिम बहुल विधानसभा क्षेत्रों की संख्या में कमी आई। इससे परिसीमन की प्रक्रिया के राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों को प्रभावित करने की आशंका मजबूत होती है। उन्होंने चुनाव आयोग और परिसीमन आयोग की निष्पक्षता तथा विश्वसनीयता सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद के विशेष सत्र से पहले प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की थी, लेकिन सरकार ने विपक्ष की मांग को नजरअंदाज किया। मुजनी ने केंद्र सरकार से परिसीमन विधेयक का मसौदा सार्वजनिक करने, सर्वदलीय बैठक बुलाने, लोकसभा सीटों और राज्यों के प्रतिनिधित्व का अनुपात अगले 25 वर्षों तक सुरक्षित रखने तथा महिला आरक्षण को परिसीमन से अलग कर 2029 के लोकसभा चुनाव से लागू करने की मांग की।

श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, श्रद्धालुओं के बीच बैठ कर किया कथा श्रवण



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मुरी : जन जागरण दुर्गा पूजा समिति, मुरी की ओर से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के आयोजन से क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। वृंदावन से पधारी कथावाचक किशोरी कृष्ण प्रिया द्वारा प्रतिदिन श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है। कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति और धर्म के विभिन्न प्रसंगों का वर्णन किया जा रहा है। इसी क्रम में रांची के पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय जन जागरण दुर्गा पूजा पंडाल, मुरी पहुंचे। यहां उन्होंने श्रद्धालुओं के बीच बैठकर कथावाचक किशोरी कृष्ण प्रिया के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया। इस दौरान उन्होंने धार्मिक आयोजन में अपनी सहभागिता निभाई और आयोजन की जानकारी भी ली। कथा श्रवण के बाद सुबोधकांत सहाय ने क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया। साथ ही अपनी पार्टी के स्थानीय कार्यकताओं से मुलाकात कर क्षेत्र की समस्याओं, विकास कार्यों एवं वर्तमान राजनीतिक गतिविधियों को लेकर चर्चा की। उनके आगमन पर स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। इस अवसर पर सिल्ली विधानसभा युवा अध्यक्ष विकास रजक, सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक महतो एवं अन्य सदस्य तथा पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

डीएवी स्कूल बेड़ो में विद्यार्थियों को दिया गया सीपीआर का प्रशिक्षण

जीवन बचाने के सिखाये गुर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने एवं आपातकालीन परिस्थितियों में जीवन बचाने के लिए आवश्यक कौशल सिखाने के उद्देश्य से शुक्रवार को डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में विशेष सीपीआर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। एमवर्सिटी के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के 80 विद्यार्थियों तथा 10 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में एमवर्सिटी की विशेषज्ञ टीम के प्रबंधक आकाश गुप्ता, ओटी प्रशिक्षक सुरभि चक्रवर्ती, ज्योत्सना एवं दिवाकर कुमार ने विद्यार्थियों को हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट के शुरूआती लक्षणों की पहचान, आपातकालीन स्थिति में त्वरित



प्रतिक्रिया तथा सीपीआर देने की सही तकनीक की जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से सीपीआर की प्रक्रिया समझाई और विद्यार्थियों को इसका अभ्यास भी कराया। इस दौरान बताया गया कि सही समय पर दी गई प्राथमिक सहायता और सीपीआर किसी व्यक्ति की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रशिक्षकों से विभिन्न सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। विद्यालय के प्राचार्य कैलाश कुमार ने एमवर्सिटी की विशेषज्ञ टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जीवन की वास्तविक परिस्थितियों और चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना भी है। सीपीआर जैसी जीवनरक्षक तकनीकों का ज्ञान प्रत्येक विद्यार्थी एवं नागरिक के लिए आवश्यक है। इस तरह के प्रशिक्षण से बच्चों में आत्मविश्वास के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होती है।

तेज रफ्तार वैन ने 150 मीटर तक घसीटा, छात्रा की मौत

■ नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रही थी सुचिता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : बेड़ो थाना क्षेत्र के तुको खूंटी टोली मोड़ के समीप शुक्रवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे सड़क हादसे में 10 वर्षीय छात्रा सुचिता उरांव की मौत हो गई। वह खूंटी टोली निवासी मनोहर उरांव की पुत्री थी। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार, सुचिता प्रतिदिन की तरह पैदल कोचिंग जा रही थी। इसी दौरान लोहरदगा की ओर से तेज गति से आ रही मारुति ओमनी वैन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर के बाद वैन छात्रा को करीब 150 मीटर तक घसीटते हुए ले गई और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में उसके ऊपर पलट गई। हादसे में छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से परिजन उसे बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर बेड़ो थाना प्रभारी कफील अहमद, एएसआई अक्षय कुमार सिंह और आशीष कुमार अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नवोदय विद्यालय में नामांकन की कर रही थी तैयारी

परिजनों के अनुसार, सुचिता उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, खूंटी टोली में पांचवीं कक्षा की छात्रा थी। वह पढ़ाई में होनहार थी और नवोदय विद्यालय में नामांकन के लिए तैयारी कर रही थी। उसकी असमय मौत से माता-पिता और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

एला एंगलाइज विद्यालय में ओलंपियाड का हुआ आयोजन

350 विद्यार्थियों ने लिया भाग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

भुरकुंडा : ए ला एंगलाइज विद्यालय परिसर में शुक्रवार को विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता, तार्किक सोच एवं शैक्षणिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से ओलंपियाड का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के लगभग 350 विद्यार्थियों ने उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया। ओलंपियाड के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों से संबंधित प्रश्नों का उत्तर देकर अपनी ज्ञान क्षमता, तार्किक योग्यता एवं प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के ज्ञान को व्यापक बनाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, एकाग्रता और प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता का विकास करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों के



उत्साह की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संविधान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित गतिविधियों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय परिसर में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने भारतीय संविधान की गरिमा, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों, समानता एवं न्याय के संदेश को अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में केजी की प्राचार्या अंजू पटेल, प्रशासक संजय कुमार, उप प्राचार्य धर्मेश सोनी, जय किशोर प्रसाद महतो, कंचन सोनी, कंचन दास, कृष्ण कुमार अम्बष्ठा, वैभव कुमार, सिद्धार्थ कुमार मासूम, गौरव कुमार साहू, विकास कुमार राणा, मंतोष कुमार गोप, बबिता सिंह, काजल बनर्जी, चंचला कुमारी, सीमा कुमारी, गीता प्रसाद और रूचि सिंह का विशेष योगदान रहा।

अनगड़ा प्रखंड में रबी कार्यशाला सह 'खेत बचाओ अभियान' का आयोजन

अनगड़ा : राज्य स्थापना दिवस पखवाड़ा के उपलक्ष्य में शुक्रवार को प्रखंड परिसर, अनगड़ा में प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला सह 'खेत बचाओ अभियान' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व प्रखंड तकनीकी प्रबंधक बिन्दु कुजूर ने सभी सम्मानित अतिथियों को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया।

कृषि योजनाओं और नयी तकनीकों की दी गयी जानकारी

कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रखंड तकनीकी प्रबंधक बिन्दु कुजूर ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसानों को 'किसान समृद्धि योजना' के तहत सोलर पंप सेट अपनाकर डीजल की लागत कम करने और सिंचाई के लिए ड्रिप (टपक) जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर पानी व समय की बचत करने की सलाह दी। साथ ही, मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के लिए मिट्टी रसायन प्रबंधन और जैविक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष चर्चा की गई। दिव्यायन कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ. [नाम जोड़ें] ने भी किसानों को संबोधित करते हुए रासायनिक खादों के अत्यधिक उपयोग से होने वाले नुकसानों के प्रति सचेत किया। उन्होंने मिट्टी और खेत को बचाने के लिए जैविक खेती अपनाने की अपील की तथा रबी फसल की बेहतर पैदावार के लिए नई कृषि तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी।

जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व सैकड़ों किसान रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी (BDO) श्री जयपाल सोय, प्रमुख दीपा उरांव, जिला परिषद सदस्य अनुराधा मुण्डा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी श्री विनोद तिग्गा, टी.आर.आई. मुनाजीर अंसारी, सांसद प्रतिनिधि कामेश्वर महतो व धनेलाल महतो, विधायक प्रतिनिधि श्रवण कुमार मुण्डा, सिरका मुखिया रौशन लाल मुण्डा तथा बरवादाग मुखिया सारथी देवी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

बाल विवाह उन्मूलन पर श्री अग्रसेन स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

भुरकुंडा : अंतरराष्ट्रीय बाल, प्रारंभिक एवं जबरन विवाह उन्मूलन दिवस के अवसर पर शुक्रवार को श्री अग्रसेन स्कूल में बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराना तथा इस सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता संदेश के साथ हुई। इस दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बाल विवाह को रोकने तथा अपने आसपास ऐसी किसी भी घटना की



जानकारी मिलने पर उचित कदम उठाने की शपथ ली। अवसर पर विद्यार्थियों ने एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के माध्यम से बाल विवाह के कारण बच्चों, विशेषकर बालिकाओं के जीवन पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों को दर्शाया गया। विद्यार्थियों ने अपने अभिनय के जरिए बताया कि कम उम्र में विवाह होने से बच्चों की शिक्षा बाधित होती है और उनके शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक विकास पर प्रतिकूल असर पड़ता है। नाटक में यह संदेश दिया गया कि बच्चों की उम्र पढ़ने, सीखने और अपने सपनों को साकार करने की है, न कि विवाह के बंधन में बंधने की। प्राचार्य विवेक प्रधान ने कहा कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक कुरीति नहीं, बल्कि बच्चों के अधिकारों और उनके उज्ज्वल भविष्य से जुड़ा गंभीर विषय है।

झारखंड स्थापना दिवस पर प्रखंड में सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

■ आवास वीबी जी राम जी और 15वें वित्त से जुड़े 101 लाभुक, मेठ, कर्मी व पदाधिकारी किये गये सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : झारखंड स्थापना दिवस पखवाड़े और झारखंड सरकार के 2 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शुक्रवार को प्रखंड सभागार में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास, वीबी जी राम जी और 15वें वित्त से जुड़े 101 लाभुक, मेठ, कर्मी व पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किए गए। वीबी जी राम जी के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वाले रोजगार सेवक, पंचायत सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, लेखा सहायक, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, महिला मेठ के साथ-साथ मजदूर भी सम्मानित किए गए। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना के तहत समय पर कार्य पूर्ण करने वाले दर्जनों लाभुकों के अलावा, आवास मित्र, पंचायत सचिव, आवास कंप्यूटर ऑपरेटर तथा आवास कोऑर्डिनेटर भी सम्मानित किए गए। आवास के साथ-साथ 15वें वित्त में भी उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रखंड कर्मी, क्षेत्रीय कर्मी एवं अभियंता भी सम्मान समारोह का



शानदार हिस्सा रहे। इस अवसर पर वीबी जी राम जी परिवार की ओर से बीपीओ संजय तिर्की को सम्मानित किया गया। वहीं संपूर्ण प्रखंड परिवार की ओर से इस पखवाड़े की शानदार कामयाबी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिनके दिशा-निर्देश में प्रखंड कर्मी व पदाधिकारी ने बेहतर कार्य करते हुए स्थापना दिवस पखवाड़े के उद्देश्य को सफल बनाया। मौके पर बीडीओ राहुल उरांव ने कहा कि झारखंड स्थापना दिवस का यह पखवाड़ा केवल अभियान नहीं है बल्कि उत्सव भी है। आप सभी ने मिलकर प्रखंड, पंचायत, गांव और टोला के स्तर पर बेहतर कार्य का प्रदर्शन किया है, यही कारण है कि बेड़ो प्रखंड में इस अभियान की सफलता दिखाई दे रही है और झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर आप सब आज प्रखंड सभागार में एक शानदार उत्सव का हिस्सा बन रहे हैं। आपको दिया जाने वाला यह प्रशस्ति पत्र, अंग वस्त्र और उपहार इस बात का प्रतीक है कि आपने अपनी जिम्मेदारियों को बड़ी खूबी के साथ निभाया है। झारखंड स्थापना दिवस पखवाड़े की सबसे बड़ी खूबी यह रही कि इस पखवाड़े को हमने उत्सव की तरह मनाया है और यही कारण है कि अपने-अपने क्षेत्र में हमने उत्कृष्ट कार्य करने में सफलता हासिल की है। सरकार द्वारा ऐसे आयोजन का उद्देश्य यह होता है कि हम अपने कार्यों को स्वीकार करते हुए इसे हमेशा एक उत्सव की तरह निर्वाह करते रहें, इससे न केवल लोगों की समस्याओं का समाधान और क्षेत्र का विकास भी होगा बल्कि हमें अपने कार्यों में रुचि भी आयेगी।

21वां चैम्पियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट

आतिश स्पोर्टिंग तुरुप फाइनल में

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : आतिश स्पोर्टिंग तुरुप की टीम 21वां चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई। शुक्रवार को अनगड़ा स्टेडियम लुपुंग में खेले गए पहले सेमीफाइनल मुकाबले में तुरुप ने बेहद रोमांचक मुकाबले में नाइन बुलेट कव्वाली को 1-0 गोल से पराजित किया। दोनों टीमों ने जबरदस्त खेल दिखाया। फाइनल मैच 29 नवंबर को खेला जाएगा। मुख्य अतिथि मां शक्ति फ्यूल के संस्थापक ऑनर विवेक कुमार ने प्लेयर ऑफ मैच का पुरस्कार आतिश स्पोर्टिंग की तरफ से खेल रहे घाना के खिलाड़ी माइकल को प्रदान किया। अतिथि के रूप में प्रमुख दीपा उरांव, दीपक कुमार, मैनू नायक, इरफान अंसारी थे। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेंद्र शाही मुंडा, सीईओ जेलेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष रामसाय मुंडा, राजेश लोहरा, राजन महतो, अजय राज, वीरेंद्र सिंह भोगता, दीपक महतो, बिपिन मुंडा, सौरव कुमार, शिवदास गोस्वामी, आनंद राज, दिलेश महतो थे।



■ 28 नवम्बर को पूर्वाह्न 11:30 बजे से पहले वर्तमान विजेता अंश क्लब कांके बनाम जेएलकेएम रांची तथा 02 बजे से दूसरा सेमीफाइनल मैच टाटीसिलवे एफसी बनाम पहले मैच के विजेता के साथ खेला जायेगा

सूर्योदय प्रातः 6:10 | सूर्यास्त संध्या 5:01 | पखवाड़ा मार्गशीर्ष कृ. चतुर्थी, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 23° न्यूनतम 11°

फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, शनिवार, 28 नवम्बर 2026, वर्ष : 17, अंक : 281, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions





मुख्यमंत्री ने रामगढ़ जिलान्तर्गत 111 करोड़ रुपये की जनकल्याणकारी योजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

शहीदों के संघर्ष से बना अलग झारखंड राज्य : हेमन्त सोरेन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शुक्रवार को रामगढ़ जिले के नेमरा स्थित लुकैयाटांड़ में आयोजित शहीद सोबरन सोरेन के 69वें शहादत दिवस समारोह-सह-पारितोषिक वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने शहीद सोबरन सोरेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने रामगढ़ जिलान्तर्गत लगभग 111 करोड़ रुपये की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया तथा लाभुकों के बीच परिसम्पत्ति का भी वितरण किया।

सीएम ने कहा

- लड़ कर अलग राज्य लिया, लड़ कर अपना अधिकार भी लेंगे
- शहादत की चिनगारी से मिली प्रेरणा
- आदिवासी-मूलवासी समाज का स्वाभिमान
- 50 लाख महिलाओं को प्रतिमाह मिल रही 2500 रुपये की सम्मान राशि, ताकि वे स्वयं अपने माथे से गरीबी की लकीर मिटा सकें

शहादत की चिनगारी से मिली प्रेरणा

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी आदरणीय शहीद सोबरन सोरेन (सोबरन मांझी) जी के 69वें शहादत दिवस पर यहां एकत्रित हुए हैं। इस दिवस को ऐतिहासिक बनाने और जन-जन तक पहुंचाने का कार्य इस राज्य के आदिवासी-मूलवासी समाज के बीच से उभरे नेता आदरणीय स्मृति शेष-स्व. दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी ने किया। सामंती सोच और अत्याचार के विरुद्ध, जिस संघर्ष की आवाज को दबाने का षड्यंत्र रचा गया था, वह आदरणीय गुरुजी के नेतृत्व में फिर से जीवंत हो उठा। आज की नयी युवा पीढ़ी इस शहादत की विरासत को आगे ले जाने का संकल्प लेती है।





■ रामगढ़ के नेमरा स्थित लुकैयाटांड़ में शहीद सोबरन सोरेन के 69वें शहादत दिवस-सह-पारितोषिक वितरण समारोह में सम्मिलित हुए मुख्यमंत्री

आदिवासी-मूलवासी समाज का स्वाभिमान

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुराने दिनों की यादें ताजा की। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था, जब यहां के आदिवासी और मूलवासी समाज के लोग सामंती सोच रखनेवालों के सामने बोलना तो दूर, सिर उठा कर देख भी नहीं सकते थे, लेकिन आज स्थिति बदली है। वर्तमान समय में राज्य का हर गरीब, गुरबा, आदिवासी और मूलवासी समाज निडर होकर अपनी बात रखता है और स्वाभिमान के साथ सिर उठा कर जीता है। इसका पूरा श्रेय आदरणीय शहीद सोबरन मांझी जी की शहादत को जाता है।

शहीदों के संघर्ष से बना अलग राज्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास गवाह है कि बड़ी घटनाएं ही मानव को प्रेरणा देती है। भगवान बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू, चांद-भैरव जैसे महानायकों की तरह ही सोबरन मांझी जी ने अपनी कर्मठता और निडरता का परिचय दिया।

● शेष पृष्ठ 11 पर

केन्द्र सरकार ने परिसीमन को लेकर लिया बड़ा निर्णय

लोकसभा सीटें 50% बढ़ाने का प्रस्ताव कैबिनेट से पारित

एजेंसी

नयी दिल्ली : केन्द्र सरकार ने परिसीमन को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। केन्द्रीय कैबिनेट ने शुक्रवार को लोकसभा की कुल सीटों में 50% बढ़ोतरी के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। लोकसभा में अभी 543 सीटें हैं। 50% बढ़ोतरी के बाद ये 815 हो जायेंगी; अर्थात 272 सीटें बढ़ेंगी। बढ़ायी गयीं सभी सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जा सकती हैं। कुल सीटों की यह संख्या अगले 25 साल तक नहीं बदलेगी।

सरकार इसे 30 नवम्बर से शुरू हो रहे संसद के विशेष सत्र में पास कराना चाहती है। केन्द्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष से बिल पर बहस में हिस्सा लेने की अपील की है। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार बिल पास कराने के लिए धोखे से बहुमत जुटा रही है। 16 अप्रैल को संसद में जो बिल पास नहीं हो सका था। उसमें जनसंख्या आधारित परिसीमन के जरिये सीटों की संख्या बढ़ाने की योजना थी, जिससे राज्यों के बीच प्रतिनिधित्व का अनुपात बदलने की आशंका थी। अब नये बिल में सभी राज्यों की मौजूदा सीटों में 50% बढ़ोतरी और 2051 तक राज्यों के बीच मौजूदा सीट अनुपात बनाये रखने की योजना है। यानी नये प्रस्ताव का मुख्य बदलाव यह है कि लोकसभा में सीटें तो बढ़ेंगी, लेकिन किसी राज्य की दूसरे राज्य के मुकाबले मौजूदा आनुपातिक हिस्सेदारी कम नहीं होगी।



- अगले 25 साल तक संख्या नहीं बदलेगी
- 30 नवम्बर को लोकसभा, 02 दिसम्बर को राज्यसभा में पेश होगा बिल

अप्रैल में 54 वोट से गिर गया था बिल

मोदी सरकार ने 16 से 18 अप्रैल 2026 को संसद का विशेष सत्र बुला कर परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े संविधान संशोधन बिल पेश किये थे। तर्क दिया कि 2029 चुनाव तक महिला आरक्षण कानून लागू करने के लिए इन्हें पारित होना जरूरी है। विधेयक के पक्ष में 298 सांसदों ने वोट दिये। इसके विरोध में 230 सांसदों ने वोट दिये। वोटिंग के दौरान सदन में कुल 528 सांसद मौजूद थे। संविधान संशोधन पारित कराने के लिए मौजूद और वोट करनेवाले सांसदों के दो-तिहाई

● शेष पृष्ठ 11 पर

लोकसभा में 40 व राज्यसभा में 11 सांसदों की जरूरत

लोकसभा में एनडीए के साथ 320 सांसद हैं। फिलहाल, 03 लोकसभा सीटें खाली हैं। अर्थाती लोकसभा में अधिकतम 540 सांसद बिल पर वोटिंग करेंगे। इस हिसाब से लोकसभा में बिल पास कराने के लिए दो-तिहाई के 360 के आंकड़े से एनडीए अभी 40 वोट पीछे है। राज्यसभा में एनडीए के साथ 151 सांसद हैं। राज्यसभा में 243 सांसद वोट करेंगे। इस हिसाब से राज्यसभा में बिल पास कराने के लिए दो-तिहाई के 162 के आंकड़े से एनडीए अभी 11 वोट पीछे हैं।

जनगणना से अलग होगा परिसीमन का आधार

इस प्रस्ताव

● शेष पृष्ठ 11 पर

संसद का विशेष सत्र बुलाये जाने पर विपक्ष ने सरकार को घेरा

एजेंसी

नयी दिल्ली : संसद के आगामी विशेष सत्र में परिसीमन और महिला आरक्षण से जुड़े विधेयकों को लेकर विपक्षी दलों ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल, बीजू जनता दल और अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने आरोप लगाया है कि सरकार महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन के जरिये राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रही है। इससे लोकसभा में उत्तर और दक्षिण भारत के राज्यों के बीच प्रतिनिधित्व का अंतर बढ़ सकता है और लोकतांत्रिक व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। वहीं, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एससीपी) ने अपने सभी सांसदों को विशेष सत्र के दौरान सदन में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि विनिर्माण क्षेत्र को गति देने में विफल मोदी सरकार अब लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत का कृत्रिम रास्ता तैयार करने की कोशिश कर रही है। कांग्रेस इसका पूरी ताकत से विरोध करेगी। रमेश ने पार्टी की तीन मांगें दोहरायीं। इनमें अगले 25 वर्षों तक लोकसभा की मौजूदा सदस्य संख्या और राज्यों के बीच सीटों का वर्तमान अनुपात बनाये रखना तथा 2029 के लोकसभा चुनाव से महिलाओं को एक-तिहाई आरक्षण देना शामिल है। उन्होंने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं के लिए आरक्षण के भीतर आरक्षण की भी मांग की।



कांग्रेस सांसद कार्ति चिदम्बरम ने पत्रकारों से कहा कि महिला आरक्षण विधेयक पहले ही सर्वसम्मति से पारित हो चुका है, लेकिन सरकार इसका इस्तेमाल परिसीमन लागू करने के बहाने के रूप में कर रही है। उन्होंने 850 सदस्यों वाली लोकसभा के विचार का विरोध करते हुए कहा कि इससे संसद की कार्यक्षमता प्रभावित होगी।

● शेष पृष्ठ 11 पर

किरेन रिजिजू ने चार दिवसीय संसद सत्र में सदस्यों से सार्थक चर्चा का किया आग्रह

केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सांसदों से सोमवार से शुरू होनेवाले चार दिवसीय संसद सत्र में सार्थक चर्चा करने का आग्रह किया है। किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों के विशेष सत्र से पहले नयी दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए यह बात कही। केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि इन विधेयकों को 02 दिसम्बर से शुरू होनेवाले राज्यसभा के सत्र में भी पेश किया जायेगा। लोकसभा की बैठक सोमवार, 30 नवम्बर को फिर से शुरू होगी, जबकि राज्यसभा की बैठकें 02 दिसम्बर से शुरू होनेवाली हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि सरकार सोमवार से शुरू होनेवाले लोकसभा के चार दिवसीय सत्र के दौरान कई महत्त्वपूर्ण विधायी कार्य पेश करेगी। संसद के विशेष सत्र को लेकर विपक्षी नेताओं



● शेष पृष्ठ 11 पर

एक झलक

आज काशी तमिल संगमम 5.0 के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे उपराष्ट्रपति

नयी दिल्ली : उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन शनिवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी जायेंगे, जहां वह काशी तमिल संगमम 5.0 के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। इस आयोजन का उद्देश्य काशी और तमिलनाडु के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक एवं सभ्यतागत सम्बन्धों को मजबूत करना है। उपराष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन 28 नवम्बर को वाराणसी के दौरे पर रहेंगे। काशी तमिल संगमम का यह पांचवां संस्करण 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को दर्शाता है। दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति काल भैरव मंदिर और काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना भी करेंगे।

कार्टून कोना



न्यायपालिका में सामाजिक प्रतिनिधित्व बढ़ाने को पूर्व सीजेआई ने उठायी आवाज

एजेंसी

नयी दिल्ली : उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शुक्रवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिख कर उच्च न्यायपालिका में एससी, एसटी ओबीसी, अल्पसंख्यकों और महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व पर गहरी चिन्ता जतायी है। तीन पन्नों के इस पत्र में उन्होंने आरोप लगाया कि हालिया न्यायिक सिफारिशों और तबादलों में योग्यता तथा समावेशिता की 'पूरी तरह अनदेखी' की गयी है। पत्र की प्रति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को भी भेजी गयी है। बिना किसी समुदाय का नाम लिये जस्टिस गवई ने लिखा कि देश की कुल आबादी में 05 प्रतिशत से भी कम हिस्सेदारी रखने वाले एक विशेष वर्ग का उच्चतम न्यायालय में 40 प्रतिशत से अधिक प्रतिनिधित्व है।



वर्ष 2050 तक झारखंड को विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाने का लें संकल्प : राज्यपाल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और कौशल विकास राज्य के भविष्य को मजबूत बनाने के प्रमुख आधार हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगारपरक प्रशिक्षण और ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक बेहतर चिकित्सा सुविधाओं की पहुंच सुनिश्चित करना आवश्यक है। राज्यपाल शुक्रवार को रांची के एक होटल में आयोजित 'झारखंड चर्चा 2026' को सम्बोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए उनके प्रभावी क्रियान्वयन, स्थानीय समुदायों की भागीदारी और नियमित मूल्यांकन पर विशेष ध्यान देना चाहिए।



राज्यपाल ने कहा कि झारखंड का गठन वर्ष 2000 में हुआ था। अब गहन आत्ममंथन करते हुए वर्ष 2050 तक राज्य को विकसित, आत्मनिर्भर

● शेष पृष्ठ 11 पर

रूस से सकुशल स्वदेश लौटे झारखंड के मनीष साहू

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची/जमशेदपुर : राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष, झारखंड ने रूस के येकातेरिनबर्ग में हिरासत में रखे गये भारतीय नागरिक मनीष साहू की सुरक्षित भारत वापसी की पुष्टि की है। 29 वर्षीय मनीष साहू, 26 नवम्बर 2026 को दिल्ली पहुंचे और 27 नवम्बर 2026 को ट्रेन द्वारा अपने गृह नगर जमशेदपुर, पूर्वी सिंहभूम पहुंच गये हैं।

ज्ञातव्य है कि मनीष साहू 06 अक्टूबर 2026 को पर्यटक के रूप में रूस गये थे और येकातेरिनबर्ग में रह रहे थे। 27 अक्टूबर 2026 के बाद परिवार से सम्पर्क टूटने पर उनकी माता नीलम साहू, जो साई मंदिर के निकट, परुडीह, सोको कॉलोनी, मकान संख्या 146/1, जमशेदपुर में रहती हैं, ने राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष में शिकायत दर्ज करायी।



● शेष पृष्ठ 11 पर

'फोब्स' में झारखंड, रांची के स्टार्टअप 'एकोकिंटसुगी' लेदर स्क्रैप से बना आकर्षक जूता व हैंडबैग की अनूठी पहल को मिला स्थान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

नयी दिल्ली/रांची : नयी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला इस वर्ष झारखंड की राजधानी रांची, धुर्वा से आये दुष्यन सिंह के स्टार्टअप 'एकोकिंटसुगी' लेदर स्क्रैप (बेकार चमड़े) से बना आकर्षक जूता और हैंडबैग को 'फोब्स' ने विशेष स्थान दिया है। उनके स्टार्टअप ने पर्यावरण संरक्षण और टिकाऊ फैशन की दिशा में अपनी अनूठी पहल से लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। अपने स्टार्टअप के माध्यम से वे लेदर स्क्रैप (बेकार पड़े चमड़े के टुकड़ों) का बेहतर इस्तेमाल कर आकर्षक जूते और हैंडबैग तैयार कर रहे हैं।

स्टार्टअप के जरिये तैयार कर रहे हैं आकर्षक लेदर प्रोडक्ट



- भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में झारखंड पवेलियन में धुर्वा, रांची के दुष्यन सिंह अपने स्टार्टअप के जरिये लेदर स्क्रैप (बेकार चमड़े) से बना रहे आकर्षक जूते और हैंडबैग कर रहे हैं प्रदर्शित
- स्टार्टअप द्वारा तैयार विंगटिप ऑक्सफोर्ड जूते इसके रचनात्मक डिजाइन और हस्तनिर्मित शिल्पकला का उदाहरण
- रांची के स्टार्टअप ने टिकाऊ फैशन और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश
- झारखंड पवेलियन में हस्तशिल्प, नवाचार और झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को मिल रहा मंच

इस स्टार्टअप (एकोकिंटसुगी) में विभिन्न स्थानों से अनुपयोगी चमड़े के टुकड़े एकत्र किये जाते हैं। इसके बाद इन टुकड़ों को अलग-अलग आकार में काट कर कलात्मक तरीके से जोड़ा जाता है और उन्हें आकर्षक उत्पादों का रूप दिया जाता है। इस प्रक्रिया में प्रत्येक उत्पाद को हाथों से तैयार किया जाता है। इससे न केवल शिल्पकारों की दक्षता, मेहनत और रचनात्मकता सामने आती है, बल्कि बेकार सामग्री का उपयोग कर संसाधनों की बर्बादी को कम करने का संदेश भी मिलता है।

यह पहल सतत विकास की दिशा में एक सार्थक प्रयास

एकोकिंटसुगी की खासियत यह है कि यह बेकार समझे जाने वाले चमड़े के टुकड़ों को उपयोगी और आकर्षक फैशन उत्पादों में बदल रहा है। स्टाइल और डिजाइन से समझौता किये बिना पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार उत्पादन को बढ़ावा देने की यह पहल सतत विकास की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। स्टार्टअप द्वारा तैयार विंगटिप ऑक्सफोर्ड जूते भी इसके रचनात्मक डिजाइन और हस्तनिर्मित शिल्पकला का उदाहरण हैं। भारत मंडपम स्थित झारखंड पवेलियन में आगंतुक इस स्टार्टअप के उत्पादों को करीब से देख सकते हैं और इसकी नवाचारपूर्ण कार्यशैली से परिचित हो सकते हैं। भारतीय अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में इस वर्ष 'विकास और विरासत' की थीम पर मेले में देश के 32 राज्यों एवं केन्द्रशासित प्रदेशों तथा 11 देशों के प्रदर्शक हिस्सा ले रहे हैं। मेले में झारखंड सहित विभिन्न राज्यों के पवेलियन, हस्तशिल्प, एमएसएमई उत्पाद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ आधुनिक तकनीक, वर्चुअल रियलिटी और गेमिंग पर आधारित 'प्लेयर्स@मंडपम' जोन भी आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

झारखंड की पारम्परिक कला-संस्कृति सहित नवाचार, उद्यमिता और पर्यावरण अनुकूल उत्पादन का अनोखा संगम

वहीं, मेले में झारखंड की सांस्कृतिक पहचान भी विशेष रूप से प्रदर्शित हो रही है। राज्य के ढोल वादक सांस्कृतिक प्रस्तुति से लोगों का मन मोह रहे हैं।

● शेष पृष्ठ 11 पर

एक झलक

व्यक्ति का शव नदी के पास से बरामद

चरही : चरही थाना क्षेत्र के प्रेमनगर स्थित नदी के पास से एक व्यक्ति शव चरही ने बरामद किया। बताया जाता है कि आस पास के कॉलोनी वासी को शव होने की जानकारी मिलते ही इसकी सूचना थाना को दिया। पुलिस तत्काल घटना स्थल पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई। मृतक व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकीं। शव पुनः पहचान के लिए मृतक का शव चरही थाना लाया गया। किसी तरह इसकी जानकारी मृतक की पत्नि बबीता देवी थाना पहुंची। मृतक की शव को रामगढ़ जिले के मांडू थाना के पूंडी डगडगिया निवासी रति टुडू (48 वर्ष) पिता बुधू मांझी के रूप में पहचान की है। बताया जाता है कि मृतक व्यक्ति मानसिक रूप से कमजोर था। पुलिस ने सरकारी प्रक्रिया को पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया।

आज सम्मानित किये जायेंगे हजारीबाग जिले के 671 झारखंड आन्दोलनकारी : सीटू



हजारीबाग : हजारीबाग जिले के 671 झारखंड राज्य अलग करने के लिए आंदोलन में शामिल आंदोलनकारियों की सूची हजारीबाग जिला में दिसंबर 2025 में ही आ गया था लेकिन इस पर जिला प्रशासन का कोई विशेष ध्यान नहीं था। इस संबंध में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के गणेश कुमार सीटू और प्रवीण मेहता ने आन्दोलनकारियों को तत्काल प्रमाण पत्र दे कर सम्मानित करने की मांग उपायुक्त, हजारीबाग से किया तो उपायुक्त, हजारीबाग ने तत्काल झारखंड स्थापना दिवस समारोह के अंतिम दिन 28 नवम्बर 2026 को झारखंड आंदोलनकारी को जिला स्तर पर एवं प्रखंड स्तर पर सम्मानित करने पर सहमती प्रदान की है. इसी के अनुसार हजारीबाग जिला मुख्यालय पर गणेश कुमार वर्मा, अंगेश कुमार शर्मा, सुंदरी देवी, सौहेल अख्तर, जयप्रकाश नारायण, कैलाश राम, महेश बेदिया साहित्य 47 लोगों को वि भा विश्वविध्यालय के विवेकानंद सभागार में आयोजित समारोह में प्रमाण पत्र देकर उपायुक्त, हजारीबाग सम्मानित करेंगे।

सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान, 90 लोगों की हुई काउंसिलिंग



हजारीबाग : झारखंड स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को जिला मोड़ पर विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिला परिवहन कार्यालय एवं ट्रैफिक पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस अभियान के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों के पालन और सुरक्षित वाहन परिचालन के प्रति जागरूक किया गया।
अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के साथ-साथ आम लोगों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कुल 90 लोगों की काउंसलिंग कर उन्हें यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने तथा सड़क पर सावधानी बरतने की अपील की गई। जागरूकता अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए, जिनमें यातायात नियमों और सुरक्षित यात्रा के आवश्यक निर्देशों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने लोगों से सड़क सुरक्षा नियमों को अपनी आदत में शामिल करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आग्रह किया। अभियान का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, यातायात नियमों के प्रति लोगों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करना था। जिला परिवहन कार्यालय और ट्रैफिक पुलिस ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से आम लोगों की सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया।

सड़क, पेयजल और स्टेडियम निर्माण की समस्याओं को लेकर सांसद व विधायक ने डीसी से की मुलाकात

समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में सम्बन्धित स्थलों का होगा भौतिक निरीक्षण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों की ज्वलंत समस्याओं के समाधान को लेकर शुक्रवार को सांसद मनीष जायसवाल और बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने जिला उपायुक्त हेमंत सती से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। इस दौरान सड़क, पेयजल, स्टेडियम निर्माण और व्यवसायियों को मिल रही आपराधिक धमकियों सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सांसद ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में गंभीरता से पहल करने का निर्देश दिया। बरही विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा के दौरान एनएच-19 (जीटी रोड) पर बरही चौक, महुदी और रसोइया धमना में लगातार लगने वाले जाम, सड़क दुर्घटनाओं और जर्जर सड़क की समस्या

- बरही, सदर और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं पर हुई विस्तृत चर्चा, एक सप्ताह में सकारात्मक पहल का डीसी ने दिया भरोसा



प्रमुखता से उठाई गई। इस संबंध में एनएचएआई के परियोजना निदेशक आशुतोष सोनी के साथ गहन विमर्श हुआ। समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में शनिवार को उपायुक्त हेमंत सती और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम द्वारा संबंधित स्थलों का भौतिक निरीक्षण करने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा बरही की पेयजलापूर्ति योजना को जल्द सुचारू करने और वहां स्टेडियम निर्माण की दिशा में भी चर्चा हुई। सदर विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को लेकर सांसद मनीष जायसवाल ने भारत माता चौक से नगवां बायपास तक सड़क चौड़ीकरण का कार्य पिछले तीन महीने से बाधित रहने पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता सुभाष प्रसाद को फटकार लगाते हुए तत्काल निर्माण कार्य सुचारू कराने का निर्देश दिया। इस मामले में उपायुक्त कार्यालय में विभागीय टेक्निकल सेल और संवेदक के साथ जल्द बैठक करने का निर्णय लिया गया। वहीं सिंघानी चौक से सुल्तानां तक सड़क के सुदृढ़ीकरण और कटकमसांडी में स्टेडियम निर्माण की दिशा में शीघ्र पहल करने का आग्रह भी सांसद मनीष जायसवाल ने उपायुक्त हेमंत सती से किया। बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करते हुए सांसद ने बड़कागांव चौक पर लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए बायपास सड़क निर्माण का महत्वपूर्ण सुझाव दिया। वहीं हजारीबाग जिले के व्यवसायियों को लगातार मिल रही आपराधिक धमकियों पर गंभीर चिंता जताते हुए उन्होंने उपायुक्त से तत्काल जिला सुरक्षा समिति की बैठक बुलाने और पीड़ित व्यवसायियों को आवश्यक सुरक्षा मुहैया कराने का आग्रह किया।
बैठक के बाद उपायुक्त कार्यालय के बाहर सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर उपायुक्त के साथ सकारात्मक और विस्तृत चर्चा हुई है। उपायुक्त हेमंत सती ने आगामी एक सप्ताह के भीतर इन समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल का भरोसा दिया है। उन्होंने बताया कि बरही में सड़क जाम, जर्जर सड़क, पेयजलापूर्ति और स्टेडियम निर्माण की स्थिति का जायजा लेने के लिए स्वयं उपायुक्त के नेतृत्व में टीम स्थल निरीक्षण करेगी। पिछले करीब दस वर्षों से निमार्णाधीन बरही सड़क की समस्या हर बरसात में और गंभीर हो जाती है। इसके स्थायी समाधान के लिए ठोस पहल की जायेगी।

जाम की समस्या को लेकर डीसी से मिले सांसद व विधायक

बरही : रसोइया धमना से चौपारण तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर आए दिन लगने वाले भीषण सड़क जाम की समस्या को लेकर हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल और बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने गंभीर पहल की है। इस समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में दोनों जनप्रतिनिधियों ने हजारीबाग के उपायुक्त हेमंत सती से मुलाकात कर सड़क जाम से आम लोगों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया। इस दौरान एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर आशुतोष सोनी भी उपस्थित रहे। मुलाकात के दौरान रसोइया धमना से बरही होते हुए चौपारण तक सड़क पर बार-बार लगने वाले जाम, यातायात व्यवस्था में सुधार और इसके स्थायी समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। सांसद और विधायक ने इस मार्ग पर जाम की समस्या को गंभीर बताते हुए इसके निराकरण के लिए ठोस पहल करने का आग्रह किया। इस पर उपायुक्त हेमंत सती ने आश्वासन दिया कि 28 नवंबर को वे स्वयं हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार के साथ बरही एवं चौपारण का दौरा करेंगे। इस दौरान संबंधित क्षेत्रों का भौतिक निरीक्षण कर सड़क जाम के कारणों का जायजा लिया जाएगा तथा समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा बरहीडीह उच्च विद्यालय के समीप मल्टीपर्पस वेंडर पैलेस के निर्माण के लिए प्रस्तावित स्थल का भी निरीक्षण किया जाएगा। इसका उद्देश्य व्यवस्थित तरीके से फुटपाथी दुकानदारों और छोटे व्यवसायियों को स्थान उपलब्ध कराकर सड़क पर अतिक्रमण एवं यातायात बाधा की समस्या को कम करना है।

विभावि में स्थापित होगी एनसीसी की इकाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के मुख्यालय परिसर में अब एनसीसी की इकाई का गठन किया जायेगा। खास बात यह कि इस इकाई में पुरुष और महिला कैडेट्स कदम से कदम मिलाते हुए प्रशिक्षण लेंगे। इस संबंध में शुक्रवार को कैडेट्स की भर्ती के लिए चयन प्रक्रिया का आयोजन विनोदिनी तर्वे पार्क में किया गया जिसमें 50 (24 छात्राएं एवं 26 छात्र) की संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। एनसीसी अधिकारियों हवलदार सोनू कुमार तथा जीसीआई कुसुम कुमारी (एनसीसी) की देखरेख में अभ्यर्थियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं लिखित परीक्षा आयोजित की गई। पहले दौर में विश्वविद्यालय इकाई के लिए कुल 53 एनसीसी कैडेट्स का चयन किया जाना प्रस्तावित है। विश्वविद्यालय के केयरटेकर



एनसीसी आफिसर डॉ उमेन्द्र सिंह ने बताया कि कुलपति प्रो. चंद्र भूषण शर्मा की प्रेरणा एवं प्रोत्साहन से विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाई की स्थापना की जा रही है। कुलपति के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद से ही वह एनसीसी का एक ही स्थापना की दिशा में पहल कर रहे थे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सुरेंद्र कुशवाहा ने भर्ती स्थल पर पहुंचकर चयन प्रक्रिया का निरीक्षण किया तथा पूरी व्यवस्था का जायजा लिया। डॉ. उमेंद्र सिंह एवं फिजियोथेरेपी विभाग के डॉ. राहुल उपस्थित रहे। भर्ती प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अर्थशास्त्र विभाग के शोधार्थियों अनुप कुमार मेहता, अदिति मिश्रा एवं पंकज सहित अन्य सहयोगियों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। भर्ती प्रक्रिया संपन्न होने पर अपना संतोष व्यक्त करते हुए कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने बताया कि इससे विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व-क्षमता, आत्मविश्वास, राष्ट्रप्रेम एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित होग। उन्हें व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के साथ राष्ट्रसेवा के अवसर मिलेगा।

विभावि के यूसीईटी में संस्कृत अध्ययन केन्द्र के पाठ्यक्रमों का पुस्तक वितरण कार्यक्रम सम्पन्न



हजारीबाग : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूसीईटी) में 26 नवंबर को संस्कृत अध्ययन केंद्र के 'संस्कृत भाषा प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम' एवं 'संस्कृत भाषा दक्षता पाठ्यक्रम' के विद्यार्थियों के बीच पुस्तकों का वितरण किया गया। ज्ञात हो कि केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा यूसीईटी में संचालित संस्कृत अध्ययन केंद्र के सत्र 2026-27 के पाठ्यक्रमों का शुभारम्भ 31 अक्टूबर को हुआ था। इस अवसर पर यूसीईटी के निदेशक डॉ. आशिष कुमार साहा, संस्कृत अध्ययन केंद्र के पाठ्यक्रम समन्वयक सुवीर कुमार, केंद्र के शिक्षक राजदीप घोष, यूसीईटी के अन्य प्राध्यापकगण तथा संस्कृत अध्ययन केंद्र के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

उप विकास आयुक्त ने बिरहोर टोला पहुंच कर बिरहोर परिवारों की मूलभूत आवश्यकताओं व समस्याओं की ली जानकारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : उपायुक्त हेमन्त सती के निर्देशानुसार शुक्रवार को डेमोटांड़ स्थित बिरहोर टोला में बिरहोर परिवारों के समग्र विकास, मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं सरकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से बिरहोर परिवारों की आवश्यकताओं एवं समस्याओं का आकलन करते हुए उनके निराकरण की दिशा में विभिन्न विभागों द्वारा पहल की गई। शिविर में आपूर्ति, पेयजल एवं स्वच्छता, वन, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, उद्योग, मनरेगा, आवास, आधार, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। विभिन्न



विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर बिरहोर परिवारों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त रिया सिंह ने बिरहोर टोला पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने बिरहोर परिवारों की मूलभूत आवश्यकताओं एवं समस्याओं की जानकारी लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को उनके त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उप विकास आयुक्त ने बिरहोर टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान केंद्र के नियमित संचालन में लापरवाही पर आंगनबाड़ी सेविका को फटकार लगाते हुए नियमित रूप से केंद्र संचालित करने का निर्देश दिया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के बीच स्वेटर का भी वितरण किया। उन्होंने बिरहोर परिवारों के आवासों का निरीक्षण करते हुए क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत कराने एवं आवास से संबंधित आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत निमार्णाधीन आवासों को निर्धारित समय में शीघ्र पूर्ण कराने को कहा। बिरहोर परिवारों द्वारा उपयोग किए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की जांच कराने तथा पेयजल संबंधी समस्याओं का 15वें वित्त आयोग की राशि से निराकरण करने का निर्देश भी संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

जिप सदस्य शेख तैयब ने ग्रामीणों को बिजली की समस्या से दिलायी निजात



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : प्रखण्ड के सिरैय पंचायत के उदालबेडा में बिजली की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों को जिप सदस्य शेख तैयब ने निजात दिलाया। पिछले एक सप्ताह से विद्युत ट्रांसफार्मर जल जाने से वहां के ग्रामीण अंधेरे में अपना गुजारा कर रहे हैं। बिजली की कठिनाइयों से गुजर रहे ग्रामीणों ने इसकी जानकारी विष्णुगढ़ मध्य जिप सदस्य शेख तैयब दी। उन्होंने त्वरित पहल करते हुए विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से संपर्क किया और 100 केबीए का विधुत ट्रांसफार्मर ग्रामीणों को महज दो दिनों के भीतर उपलब्ध करवाया। जिसका उद्घाटन शुक्रवार को विधिवत फीता काटकर किया। बिजली की समस्या दूर होने पर मध्य जिप सदस्य शेख तैयब का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत करते हुए हृदय से आभार प्रकट किया। इस दौरान शेख तैयब ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या का समाधान करना हमारा पहला प्राथमिकता है। आप सबो के आशीर्वाद मिला तो आगे भी आपकी सेवा में खड़ा रहूंगा। इस मौके पर समाजसेवी टेकलाल महतो, सुरेश प्रसाद, मनोज कुमार समेत दर्जनों की संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद थे।

संविधान देश की एकता, अखंडता और लोकतंत्र का मजबूत आधार है : राणा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : प्रखंड में स्थित डीवीसी कोनार डैम परिसर में गुरुवार को संविधान दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर संविधान के मूल सिद्धांतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती के लिए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह ने अंग्रेजी तथा प्रबंधक (विद्युत) चंदन कुमार ने हिन्दी में संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के संवैधानिक आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर



परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान महज एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि देश के लोकतंत्र की आत्मा और राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का मजबूत आधार है। संविधान में निहित आदर्श हमें समानता, न्याय और आपसी भाईचारे के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संविधान के आदर्शों और मौलिक कर्तव्यों को अपनी जीवनशैली एवं कार्यसंस्कृति का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रबंधक (मानव संसाधन) आशुतोष अनुतोष बी. एक्का का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बी.एन. मंडल, सीएसआर प्रभारी सुनील कुमार, कार्यपालक अभियंता (सिविल) चंद्रशेखर प्रसाद, जूनियर इंजीनियर (सिविल) राउत सोरेन, उच्च विद्यालय के प्राचार्य भरत किशोर महतो, मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश्वर कुमार रजक सहित अमन टोप्पो, नंदलाल साहू, विवेक केरकेट्टा, दिनेश किस्कू, महेश प्रजापति, राकेश कुमार, राकेश कुमार भास्कर, रवि कुमार गोस्वामी एवं सुजीत मोदी उपस्थित थे। संविधान दिवस का यह आयोजन संविधान के प्रति सम्मान, लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और राष्ट्र के प्रति नागरिक कर्तव्यों के निर्वहन का संदेश देकर संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में कोनार के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का रहा सराहनीय योगदान।

जीएसबी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास ग्रामीणों को मिलेगी आवागमन में सुविधा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कटकमसांडी, हजारीबाग : ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने एवं आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में कटकमसांडी पंचायत के ग्राम पुण्डबुरू में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। ग्राम पुण्डबुरू निवासी अर्जुन यादव के घर से रेलवे लाइन तक जीएसबी (G.S.B.) सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास आज कटकमसांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी के द्वारा किया गया। यह योजना वीबी ग्राम जी (VB-GRAMG) के तहत संचालित है। योजना संख्या 01/2026-27 के अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य की प्राक्कलित राशि 4,99,870 रुपये निर्धारित की गई है। शिलान्यास के अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा कुमारी, बीपीओ गोपाल कुमार, पंचायत सचिव प्रियंका कुमारी, रोजगार सेवक लखन दास, दिनेश्वर यादव सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे। इस सड़क के निर्माण से ग्राम पुण्डबुरू के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। विशेष रूप से किसानों एवं स्थानीय लोगों को अपने खेतों और आसपास के क्षेत्रों तक पहुंचने में सहूलियत होगी। ग्रामीणों को उम्मीद है कि सड़क निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा होगा। ग्रामीण विकास की दिशा में इस प्रकार की योजनाएं गांवों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने तथा ग्रामीण जीवन को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

अफीम की खेती से बर्बाद होगा जमीन और आनेवालीं पीढ़ियों का भविष्य : एसपी



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चौपारण : चौपारण प्रखंड के चोरदाहा अहरी गांव में अफीम की अवैध खेती के खिलाफ पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को अफीम की खेती के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए इससे दूर रहने की अपील की। एसपी ने कहा कि अफीम की खेती न केवल कानूनन अपराध है, बल्कि इससे जमीन की उर्वरा शक्ति भी प्रभावित होती है। इसका दुष्प्रभाव आने वाली पीढ़ियों के भविष्य पर भी पड़ता है। उन्होंने ग्रामीणों को समझाया कि कुछ पैसों के लालच में अपनी जमीन और बच्चों का भविष्य बर्बाद न करें। समाज को नशामुक्त और अपराधमुक्त बनाने में पुलिस का सहयोग करें तथा खेती के लिए वैकल्पिक फसलों को अपनाएं।
इस अवसर पर एसपी ने गांव के बच्चों के बीच चिप्स, कुरकुरे, टॉफी और कॉपी-पेन का वितरण किया। बच्चों को नियमित स्कूल जाने, मन लगाकर पढ़ाई करने और जीवन में बेहतर मुकाम हासिल करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस अधीक्षक की इस पहल से ग्रामीणों में जागरूकता का संदेश पहुंचा।

राज्य स्तरीय ग्रामीण एवं स्वदेशी खेलकूद में धनबाद की टीम उपविजेता

धनबाद : रांची में आयोजित राज्य स्तरीय ग्रामीण एवं स्वदेशी खेलकूद प्रतियोगिता-2026 में धनबाद जिले के बालक वर्ग की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का स्थान हासिल किया। टीम की इस उपलब्धि से जिले का मान बढ़ा है। प्रतियोगिता के दौरान धनबाद के खिलाड़ियों ने बेहतर खेल कौशल, अनुशासन और खेल भावना का परिचय दिया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में टीम की सफलता से जिले के खेल जगत में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन और जिला खेल पदाधिकारी ने सभी खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं टीम प्रबंधन को बधाई दी।

02 जनवरी को निर्वाचन एवं विशेष आमसभा

चुरचू पैक्स चुनाव की प्रक्रिया शुरू, मतदाता सूची प्रकाशित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चुरचू (हजारीबाग) : चुरचू पैक्स में निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। शुक्रवार, 27 नवंबर 2026 को चुरचू पैक्स की प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया। निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, सुव्यवस्थित एवं निर्धारित समय-सीमा के भीतर संपन्न कराने की दिशा में निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद शौकत सरवर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 5 दिसंबर 2026 को किया जायेगा। वहीं, नामांकन की तिथि 21 दिसंबर 2026 निर्धारित की गई है। नामांकन से संबंधित दावा-आपत्ति के निस्तारण एवं



चुनाव चिह्न आवंटन की प्रक्रिया 22 दिसंबर 2026 को पूरी की जायेगी। इसके बाद 2 जनवरी 2027 को निर्वाचन कार्यक्रम एवं विशेष आमसभा आयोजित करने की तिथि तय की गई है। निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद शौकत सरवर ने चुरचू पैक्स के सभी वैध मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्वाचन से संबंधित सभी निर्धारित कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लें तथा मतदाता सूची का अवलोकन कर चुनाव प्रक्रिया में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें निर्वाचन कार्यक्रम की समयबद्ध घोषणा एवं मतदाता सूची के प्रकाशन से पैक्स चुनाव को लेकर क्षेत्र में गतिविधियां तेज हो गई हैं। निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद शौकत सरवर की तत्परता, जिम्मेदारीपूर्ण कार्यशैली एवं चुनावी प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की जा रही है। उनके प्रयासों से चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाये रखने तथा मतदाताओं को समय रहते सभी आवश्यक जानकारियां उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हुई है। चुरचू पैक्स चुनाव अब धीरे-धीरे निर्णायक चरण की ओर बढ़ रहा है और आगामी निर्धारित तिथियों पर होने वाली गतिविधियों को लेकर मतदाताओं में उत्सुकता बनी हुई है।

कार ने स्कूटी समेत तीन दो पहिया वाहनों में जोरदार टक्कर मारी, चार घायल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़-हजारीबाग मार्ग पर आठ माइल के समीप गुरुवार देर शाम तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार का कहर देखने को मिला। सड़क पर मौत बनकर आई अनियंत्रित कार ने स्कूटी समेत तीन दो पहिया वाहनों में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें एक घायल की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। हालांकि किसी घायलों की मौत होने की पुष्टि नहीं है। वहीं घायलों में शामिल एक दंपती को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया है। घायलों की पहचान घुघलिया निवासी शहबान अंसारी (30), बेडम निवासी आनंद पांडेय (45) तथा हजारीबाग के नूरा निवासी राजेश राणा और उनकी पत्नी धनेश्वरी देवी के रूप में हुई है। दुर्घटना में शहबान अंसारी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वहीं राजेश राणा और धनेश्वरी देवी की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग भेज दिया।

टक्कर के बाद मची अफरा-तफरी, चालक फरार

हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गयी। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विष्णुगढ़ पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए घायलों को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हजारीबाग की ओर से तेज रफ्तार से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा से जा रहे स्कूटी समेत तीन दो पहिया वाहनों को अपने चपेट में लिया और रौंदते हुए निकल गई। दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना के कारणों का पता करने पर जानकारी मिली कि जैसे ही अनियंत्रित कार ने स्कूटी को जोरदार टक्कर मारी। उसी वक्त कार का एयरवेक खुल गया, जिसके चलते कार चालक को आगे कुछ दिखाई नहीं दिया, सामने से आ रहे और दो बाइकों में जोरदार टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारण सड़क पर कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की।

दो बाइकों की भिड़ंत के बाद सड़क पर गिरे लेखपाल को ट्रक ने रौंदा, मौके पर मौत

विष्णुगढ़ : हुटपा के पास गुरुवार की शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे में लेखपाल विष्णुनाथ रविदास की मौके पर ही मौत हो गई। दो मोटरसाइकिलों के बीच आमने-सामने की टक्कर के बाद सड़क पर गिरे लेखपाल को पीछे से आ रहे एक ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। जानकारी के अनुसार, विष्णुनाथ रविदास चौपारण प्रखंड संसाधन केन्द्र (बीआरसी) में लेखपाल के पद पर कार्यरत थे। इसके साथ ही उन्हें बीआरसी विष्णुगढ़ का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था। गुरुवार को विष्णुगढ़ में विभागीय कार्य निपटाने के बाद वह टाटीझरिया के रास्ते हजारीबाग स्थित अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सदर प्रखंड के हुटपा के पास उनकी मोटरसाइकिल की दूसरी बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वह सड़क पर गिर पड़े। इसी बीच पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें कुचल दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़ कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग भेज दिया।

कारोबार की सम्भावनाएं तलाशने कोलकाता से धनबाद पहुंचे 50 उद्यमी



धनबाद : कारोबार के विस्तार और नए व्यावसायिक अवसरों की तलाश में कोलकाता के करीब 50 उद्यमी शुक्रवार को धनबाद पहुंचे। होटल ग्रैंड मिराज बाय रैडिसन में बीएनआई ब्लैकडायमंड्स, धनबाद और बीएनआई प्रूडेंट, कोलकाता की ओर से आयोजित 1-2-1 बिजनेस कॉन्क्लेव में दोनों शहरों के कुल 120 कारोबारियों ने हिस्सा लिया। कॉन्क्लेव के दौरान उद्यमियों के बीच आमने-सामने बैठकें हुईं। इसमें एक-दूसरे के व्यवसाय, उत्पादों और सेवाओं की जानकारी साझा करने के साथ आपूर्ति, वितरण, व्यावसायिक साझेदारी और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की गई। कोलकाता के कारोबारियों का धनबाद पहुंचना स्थानीय बाजार और यहां की कारोबारी क्ष

एक झलक

छात्र की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार से मिले बाबूलाल मरांडी

चतरा : चतरा जिले के कान्हाचट्टी प्रखंड स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, चारु में सातवीं कक्षा के 14 वर्षीय छात्र रविकांत हेंब्रम की कथित हत्या के मामले में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी शुक्रवार को मृतक के पैतृक गांव चरनी तरी, तिसरी प्रखंड पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। इस दौरान बाबूलाल मरांडी ने चतरा के पुलिस अधीक्षक से फोन पर बात कर मामले की जानकारी ली। उन्होंने घटना से जुड़े तथ्यों और पुलिस की कार्रवाई के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की।

जेपीएससी परीक्षा रद्द करने के मामले में सुनवाई पूरी

रांची : जेपीएससी की ओर से आयोजित चार परीक्षाओं को रद्द करने के राज्य सरकार के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई शुक्रवार को संयुक्त रूप से झारखंड उच्च न्यायालय में हुई। इस मामले में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। जिन चार नियुक्ति परीक्षाओं को रद्द करने के मामले में आज सुनवाई हुई, उनमें 14वीं जेपीएससी, एपीओ, एफआरओ और एसीएफ की परीक्षा शामिल है। राज्य सरकार ने 18 अगस्त को अधिसूचना जारी कर इन परीक्षाओं को रद्द कर दिया था। एफआरओ और एसीएफ परीक्षा नियुक्ति रद्द करने मामले में प्रार्थियों की ओर से अदालत को बताया गया कि उनकी लिखित परीक्षा हो चुकी है, फिजिकल परीक्षा आयोजित की जानी थी। परीक्षा की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गयी थी। ऐसे में उनकी परीक्षाओं को रद्द करना अनुचित है।

प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय में चिकित्सा शिविर

रांची : पिठोरिया एजुकेशनल फाउंडेशन की ओर से संचालित प्रेम मंजरी उच्च विद्यालय में गुरुवार को एनजीओ फाउंडेशन फॉर बेटरमेंट ऑफ ह्यूमैनकाइंड के सौजन्य से चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के 141 विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। इस दौरान डॉ. अनन्य नमन केसरी, स्वास्थ्य कर्मी जयपाल महतो और प्रतिभा कुमारी ने विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच के क्रम में विद्यार्थियों का ब्लड प्रेशर (बीपी), ब्लड शुगर और हीमोग्लोबिन स्तर की जांच की गई। इसके बाद विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए आवश्यक चिकित्सीय परामर्श भी दिया गया।

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय जागरूकता अभियान का शुभारम्भ

बाल विवाह के उन्मूलन में समाज की भागीदारी आवश्यक : न्यायायुक्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के उन्मूलन और जन-जागरूकता के उद्देश्य से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत 100 दिवसीय जागरूकता अभियान का शुक्रवार को शुभारंभ किया गया। व्यवहार न्यायालय, रांची में न्यायायुक्त सह डालसा अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा-1 ने जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा झालसा की सदस्य सचिव रंजना अस्थाना और डालसा अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में अभियान शुरू किया गया। इस अवसर पर न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के बचपन, शिक्षा और भविष्य को प्रभावित करने के साथ उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में बाधा डालता है। इसका उन्मूलन कानून के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। उन्होंने अभिभावकों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों और युवाओं से बाल विवाह रोकने के लिए आगे आने की अपील की। 100



दिवसीय अभियान के दौरान विभिन्न माध्यमों से लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों और बच्चों के अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और बेहतर भविष्य का अवसर सुनिश्चित करना है। अभियान के तहत डालसा की डिप्टी एलएडीसी कविता कुमारी खाती और पीएलवी दीपक मुंडा, बंधु उरांव, प्रदीप नाग, सिकंदर मुंडा, रेणु देवी, उमेश कुमार तथा निशांत निश्चल ने वेंडर मार्केट, रांची में जागरूकता वाहन के माध्यम से लोगों को जानकारी दी। इस दौरान पंपलेट और लीफलेट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में डालसा सचिव प्रभारी अभिषेक श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार सह जज प्रभारी प्रशांत कुमार वर्मा, न्यायिक दंडाधिकारी, एलएडीसीएस के सदस्य, अधिवक्ता, कर्मचारी और पीएलवी उपस्थित थे।

कांके के कस्तूरबा विद्यालय में छात्राओं को दी गयी साइबर सुरक्षा की जानकारी

रांची : बच्चों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रखने और ऑनलाइन खतरों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), रांची की ओर से शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, कांके में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। झारखंड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा झालसा की सदस्य सचिव रंजना अस्थाना और डालसा अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डिप्टी एलएडीसी राजेश कुमार सिन्हा ने छात्राओं को इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराध, ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर बुलिंग, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, ऑनलाइन धोखाधड़ी और निजी जानकारी के दुरुपयोग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने अनजान लोगों से ऑनलाइन संपर्क में सावधानी बरतने, पासवर्ड और निजी जानकारी साझा नहीं करने तथा संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचने की सलाह दी। छात्राओं को बताया गया कि ऑनलाइन दुर्व्यवहार, धमकी, ब्लैकमेलिंग या साइबर बुलिंग की स्थिति में डरने अथवा चुप रहने की जरूरत नहीं है। ऐसी स्थिति में अभिभावक, शिक्षक या किसी विश्वसनीय वयस्क को जानकारी दें और शिकायत दर्ज कराएं। उन्हें साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और आपातकालीन सहायता नंबर 112 की जानकारी भी दी गई।

आईआईएम रांची में संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

संवैधानिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण पर हुई चर्चा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : अटल बिहारी वाजपेयी नेतृत्व, नीति एवं सुशासन केंद्र (एबीवीसीएलपीजी), आईआईएम रांची ने पॉलिनॉमिक्स क्लब के सहयोग से संविधान दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्देश्य भारतीय संविधान के मूल्यों और वर्तमान समय में उसकी प्रासंगिकता पर चर्चा करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उदय सहाय, आईपीएस (सेवानिवृत्त), आईआईएम रांची के निदेशक प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव, एबीवीसीएलपीजीके चेयरपर्सन प्रो. अमरेंदु नंदी और प्रो. सेंथिल कुमार ए. और डीन अकादमिक प्रो. तनुश्री दत्ता उपस्थित थे। स्वागत संबोधन में प्रो. सेंथिल ने 26 नवंबर को संविधान



अपनाए जाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने डॉ. बी. आर. आंबेडकर के बताए गए न्याय, समानता, गरिमा और सामाजिक लोकतंत्र के आदर्शों का उल्लेख किया। साथ ही, भगवान बिरसा मुंडा के योगदान को याद करते हुए उन्होंने मानवीय गरिमा और अपने भविष्य को तय करने में लोगों की भागीदारी के महत्व को रेखांकित किया। प्रो. सेंथिल ने संवैधानिक मूल्यों को आईआईएम रांची के समग्र विकास के दृष्टिकोण से जोड़ते हुए विद्यार्थियों को अपने ज्ञान और विचारों का उपयोग समाज के हित में जिम्मेदारी के साथ करने की बात कही। निदेशक, आईआईएम रांची; प्रो. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने मुख्य वक्ता श्री उदय सहाय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने श्री सहाय की विविध पेशेवर यात्रा और डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से ऐतिहासिक व्यक्तित्वों के योगदान को लोगों तक पहुंचाने के उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने प्रबंधन शिक्षा में संविधान की प्रासंगिकता पर चर्चा करते हुए कहा कि - संविधान समाज के संचालन के नियम तय करने के साथ नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों की रक्षा करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से संविधान को समझने और इसे बनाने में योगदान देने वाले लोगों के प्रयासों को जानने के लिए प्रेरित किया। साथ ही, लोकतंत्र को मजबूत बनाने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में संविधान सभा के पहलेअध्यक्ष डॉ. सच्चिदानंद सिन्हा पर आधारितडॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग की गयी। इसका निर्माण श्री उदय सहाय, आईपीएस (सेवानिवृत्त) ने किया है।

डीएवी हेहल में 'पहल' के तहत फेट कम प्रदर्शनी व म्यूजिक शो का भव्य आयोजन

विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा ने मोहा सबका मन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : डीएवी हेहल, रांची में 'पहल' के तहत फेट कम प्रदर्शनी एवं म्यूजिक शो का भव्य एवं आकर्षक आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का प्रांगण विद्यार्थियों की सृजनात्मकता, कलात्मक प्रतिभा और उत्साह से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आधारित आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए। विज्ञान, कला, पर्यावरण, तकनीक एवं अन्य विषयों से संबंधित इन मॉडलों में बच्चों की कल्पनाशीलता, नवाचार और रचनात्मक सोच की अद्भुत झलक देखने को मिली। विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गयी कलाकृतियों और मॉडलों ने अतिथियों एवं



अभिभावकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धनंजय कुमार, ए.डी.एम. (लॉ एंड ऑर्डर), रांची तथा विशिष्ट अतिथि आदर्श कुमार, असिस्टेंट कमांडेंट, सीआरपीएफ ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाई। अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा निर्मित मॉडलों एवं कलाकृतियों का अवलोकन किया तथा उनकी प्रतिभा, परिश्रम और रचनात्मकता की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में आत्मविश्वास, नवाचार, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं व्यावहारिक ज्ञान का विकास करते हैं। इस अवसर पर आयोजित म्यूजिक शो ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

मेदांता रांची में ड्यूल चैम्बर लीडलेस पेसमेकर का सफल प्रत्यारोपण



अत्याधुनिक तकनीक से हृदय उपचार में नयी उपलब्धि, संक्रमण और लीड सम्बन्धी जटिलताओं का जोखिम होगा कम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : मेदांता हॉस्पिटल, रांची में अत्याधुनिक ड्यूल चैंबर लीडलेस पेसमेकर (AVEIR DR) का सफल प्रत्यारोपण किया गया। अस्पताल की कैथ लैब में संपन्न इस प्रक्रिया को आधुनिक और न्यूनतम चीर-फाड़ वाली हृदय चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। यह प्रत्यारोपण अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. मुकेश अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। ड्यूल चैंबर लीडलेस पेसमेकर हृदय के ऊपरी और निचले कक्ष के बीच बेहतर समन्वय के साथ धड़कन नियंत्रित करने में मदद करता है। पारंपरिक पेसमेकर की तरह इसमें छाती में उपकरण लगाने या हृदय तक तार पहुंचाने की जरूरत नहीं होती। इस तकनीक में छाती में पेसमेकर पॉकेट नहीं बनाना पड़ता, जिससे पॉकेट में संक्रमण और पारंपरिक लीड से जुड़ी जटिलताओं का जोखिम कम होता है। यह तकनीक विशेष रूप से सक्रिय जीवनशैली वाले मरीजों के लिए उपयोगी हो सकती है। डिवाइस की अनुमानित बैटरी लाइफ उपयुक्त परिस्थितियों में 15 वर्ष से अधिक हो सकती है। डॉ. मुकेश अग्रवाल ने कहा कि ड्यूल चैंबर लीडलेस पेसमेकर मरीजों को पारंपरिक पेसमेकर की तुलना में अधिक सुविधाजनक विकल्प प्रदान करता है। इससे संक्रमण और लीड संबंधी जटिलताओं का जोखिम कम होता है।

'कारवां 2.0' के लिए मुकुंद रूंगटा को दिया निमंत्रण

17 से 20 दिसम्बर तक रांची में होगा मारवाड़ी युवा मंच का राष्ट्रीय अधिवेशन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के 16वें राष्ट्रीय अधिवेशन 'कारवां 2.0' की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी क्रम में मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश एम. जैन ने चाईबासा स्थित रुंगटा स्टील ग्रुप के निदेशक एवं समाजसेवी मुकुंद रूंगटा से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें अधिवेशन में शामिल होने का निमंत्रण दिया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अधिवेशन की रूपरेखा, तैयारियों और प्रस्तावित कार्यक्रमों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि 17 से 20 दिसंबर 2026 तक रांची में आयोजित होने वाला यह अधिवेशन संगठनात्मक एकता, आपसी संवाद, सामाजिक समर्पण और युवा शक्ति के संगम का महत्वपूर्ण अवसर होगा।



अधिवेशन की मेजबानी कर रही मारवाड़ी युवा मंच, रांची शाखा के पदाधिकारी और सदस्य आयोजन को ऐतिहासिक बनाने में जुटे हैं। देश के विभिन्न राज्यों से हजारों प्रतिनिधियों ने अधिवेशन के लिए पंजीकरण कराया है। इस आयोजन से झारखंड की सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान मिलेगी। मुकुंद रूंगटा का मारवाड़ी युवा मंच से पुराना जुड़ाव रहा है। वे पूर्व में राष्ट्रीय पदाधिकारी के रूप में संगठन को अपनी सेवाएं दे चुके हैं। शिष्टाचार भेंट के दौरान पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बलराम सुल्तानिया, राष्ट्रीय सहायक मंत्री हर्ष सुल्तानिया, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण जैन छाबड़ा, प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया, पूर्व प्रांतीय कोषाध्यक्ष अर्जुन सिंघानिया और प्रांतीय संयोजक अमित शर्मा उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रांतीय सूचना, जनसंपर्क, प्रचार-प्रसार एवं सामाजिक सम्मान के संयोजक अमित शर्मा ने दी।

रॉयल्टी भुगतान की समस्या पर संवेदकों ने की बैठक, आन्दोलन की तैयारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड संवेदक संघ की महत्वपूर्ण बैठक मंगलम गार्डन, मोरहाबादी में आयोजित हुई। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों के संवेदक शामिल हुए। इस दौरान रॉयल्टी भुगतान में आ रही समस्याओं और नए नियमों के कारण पुराने कार्यों का भुगतान लंबित रहने के मुद्दे पर चर्चा की गई। हजारीबाग के संवेदक दीपक मेहता ने वर्ष 2020 से संबंधित रॉयल्टी भुगतान का मामला उठाते हुए कहा कि नए नियम लागू होने से पहले किए गए कार्यों का भी भुगतान नहीं हो रहा है। कोडरमा जिला संवेदक संघ के अध्यक्ष विमल मोदी ने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए आंदोलन, न्यायिक प्रक्रिया और जनप्रतिनिधियों के माध्यम से दबाव बनाने की जरूरत है। उन्होंने सभी जिलों में संगठन को मजबूत करने पर भी जोर दिया। बैठक में उपस्थित संवेदकों ने रॉयल्टी की समस्या के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने और संगठन को मजबूत बनाने की



■ मंगलम गार्डन में जुटे विभिन्न जिलों के ठेकेदार, संगठन मजबूत करने और कानूनी लड़ाई पर जोर

बात कही। वक्ताओं ने कहा कि आंदोलन, कानूनी लड़ाई तथा जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के माध्यम से समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा। आगे की आंदोलनात्मक रणनीति तय कर आंदोलन की घोषणा की जाएगी। बैठक में रांची जिला संवेदक संघ के गोपाल प्रसाद गुप्ता, एजाज अंसारी, गौतम उपाध्याय, राजीव सिंह, राजेश गुप्ता, अजीत गुप्ता, केदार गोप, राकेश चौधरी, मुरली चौधरी सहित विभिन्न जिलों के

स्कूलों के आसपास विशेष पुलिस गश्त बढ़ायी जाये : अजय राय

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड पैरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि राजधानी रांची में स्कूल खुलने एवं छुट्टी होने के समय विशेष पुलिस गश्ती की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अजय राय ने कहा कि रांची शहर के विभिन्न इलाकों में स्कूल आने-जाने वाली छात्राओं के साथ मनचलों एवं रोड रोमियो द्वारा पीछा करने, अशोभनीय टिप्पणी करने, फब्तियां कसने तथा छेड़खानी जैसी घटनाओं की शिकायतें सामने आ रही हैं। यह स्थिति छात्राओं के साथ-साथ उनके अभिभावकों के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि बेटियां बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए घर से स्कूल निकलती हैं, लेकिन यदि रास्ते में उन्हें असुरक्षा, डर और छेड़खानी का सामना करना पड़े तो यह बेहद चिंताजनक है। किसी भी छात्रा को शिक्षा प्राप्त करने के लिए भय के माहौल से गुजरना पड़े, यह स्वीकार्य नहीं है। अजय राय ने कहा कि छात्राओं की सुरक्षा केवल पुलिस या स्कूल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे

अजय राय ने SSP से विशेष रूप से की हैं मांगें



1. रांची शहर के सभी प्रमुख स्कूलों के आसपास सुबह स्कूल खुलने और दोपहर अथवा शाम को छुट्टी के समय नियमित पुलिस गश्ती सुनिश्चित की जाए।
2. लालपुर, डोरंडा, हरमू, अरगोड़ा, रातू रोड, बरियातू, कांके रोड, मोरहाबादी, मेन रोड, धुर्वा, हटिया, कोकर सहित शहर के विभिन्न शैक्षणिक क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाए।
3. स्कूलों के आसपास सादे लिबास में महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए, ताकि छात्राओं को परेशान करने वाले असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा सके।
4. स्कूलों के आसपास अनावश्यक रूप से बाइक लेकर खड़े रहने वाले तथा छात्राओं का पीछा करने वाले संदिग्ध युवकों की जांच की जाए।
5. स्कूल प्रबंधन और स्थानीय पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की व्यवस्था हो।
6. संवेदनशील स्कूल मार्गों एवं चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सुनिश्चित की जाए।

समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभिभावक अपने बच्चों को स्कूल भेजते समय उनकी सुरक्षा को लेकर आश्वस्त रहना चाहते हैं। पुलिस प्रशासन की सक्रियता से असामाजिक तत्वों में कानून का भय पैदा होगा और छात्राएं निर्भीक होकर अपनी शिक्षा जारी रख सकेंगी। उन्होंने रांची के रख से आग्रह किया कि इस विषय को गंभीरता से लेते हुए तत्काल विशेष पुलिस गश्ती अभियान शुरू किया जाए तथा स्कूल खुलने और छुट्टी होने के समय इसकी नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए।

झारखंड में ठंड का प्रकोप बढ़ा, 72 घंटे में न्यूनतम तापमान 05 से 06 डिग्री तक गिरा

रांची : झारखंड की राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में पिछले 72 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान में पांच से छह डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। तापमान में लगातार गिरावट से राज्यभर में कनकनी और ठिठुरन बढ़ गई है। सुबह और शाम के समय ठंड का असर अधिक महसूस किया जा रहा है। मंगलवार को रांची का न्यूनतम तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस था, जो शुक्रवार को घटकर 9.8 डिग्री पर पहुंच गया। इसी तरह जमशेदपुर में न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री से गिरकर 15.1 डिग्री, डाल्टनगंज में 18.3 डिग्री से घटकर 11.6 डिग्री और बोकारो में 17.2 डिग्री से गिरकर 12.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चाईबासा में भी न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री से घटकर 12.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। हालांकि, मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना से इनकार किया है। विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में रांची और आसपास के इलाकों में सुबह के समय हल्का कुहासा छा सकता है। इसके बाद आसमान साफ रहने की संभावना है। इधर, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान पूर्वी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर में 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम तापमान लातेहार में 7.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह हल्का कुहासा छाया रहा। हालांकि, बाद में मौसम साफ हो गया, लेकिन दिनभर ठंड का असर बना रहा।

सातवें खनन सम्मेलन में झारखंड के खनन क्षेत्र की सम्भावनाओं पर चर्चा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) के झारखंड राज्य परिषद की ओर से शुक्रवार को होटल चाणक्य बीएनआर में सातवें आईसीसी खनन सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में खनन एवं खनिज क्षेत्र से जुड़े उद्योग प्रतिनिधियों, विशेषज्ञों और अधिकारियों ने झारखंड के खनन क्षेत्र की संभावनाओं, चुनौतियों और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की। सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण 'झारखंड खनन दृष्टिकोण 2030' शोध प्रकाशन का लोकार्पण रहा। नवंबर 2026 में प्रकाशित इस शोध पत्रिका में कारोबार की सुगमता बढ़ाने, निवेश आकर्षित करने और खनिज प्रशासन को मजबूत बनाने की



संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया है। कार्यक्रम की शुरूआत आईसीसी झारखंड राज्य परिषद के अध्यक्ष डॉ. अमृतांशु प्रसाद के स्वागत संबोधन से हुई। इसके बाद परिषद की खान एवं धातु समिति के अध्यक्ष तथा मेकॉन के तकनीकी निदेशक अमित राज ने विषय पर विचार रखे। हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड के खान अध्यक्ष बिजेश झा ने विशेष संबोधन किया। मेकॉन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुमार वर्मा ने भी अपने विचार साझा किए। अंत में वी-कैप मनी के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी विकास आर. सहाय ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सम्मेलन में तीन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। पहले सत्र में महत्वपूर्ण खनिजों की खोज, उत्खनन, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन से जुड़ी नीतिगत एवं नियामकीय चुनौतियों पर चर्चा हुई।

28 से 30 नवम्बर तक रांची में आयोजित होगा तीन दिवसीय 'अरण्यक-26' (झारखंड वन फिल्म महोत्सव)

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड में पर्यावरण, वन, वन्यजीव संरक्षण और जैव विविधता से जुड़े महत्त्वपूर्ण मुद्दों को सिनेमा के सशक्त माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से

प्रवेश निःशुल्क

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड सरकार द्वारा 28 से 30 नवम्बर, 2026 तक 'अरण्यक-26' (झारखंड वन फिल्म महोत्सव) का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन रांची के डोरंडा स्थित वन परिसर के पलाश ऑडिटोरियम और जैप (JAP) के शौर्य ऑडिटोरियम में किया जायेगा, जहां देश-विदेश की चुनिंदा पर्यावरण विषयक फिल्मों का प्रदर्शन होगा।

विभाग का संदेश और उद्देश्य

इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक हॉफ संजीव कुमार , प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य प्राणी रवि रंजन, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक राजकुमार बाजपेयी, मुख्य वन संरक्षक एस आर नटेश, वन प्रमंडल पदाधिकारी वन्य प्राणी अवनीश चौधरी आदि उपस्थित थे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक हॉफ झारखंड संजीव कुमार ने महोत्सव



के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस आयोजन का मुख्य लक्ष्य फिल्मों के माध्यम से जंगल, वन्यजीव, जैव विविधता, जलवायु परिवर्तन और प्रकृति पर निर्भर समुदायों के जीवन से जुड़े संवेदनशील मुद्दों को समाज के सामने लाना है। इससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ेगी और सिनेमा के विभिन्न रचनात्मक माध्यमों को एक मंच मिलेगा।

महोत्सव की प्रमुख विशेषताएं

- **700 से अधिक प्रविष्टियां और 75 चुनिंदा फिल्में** : महोत्सव के इस पहले संस्करण के लिए कुल 700 से अधिक फिल्मों की प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं, जिनमें से लगभग 75 सर्वश्रेष्ठ फिल्मों का चयन प्रदर्शन के लिए किया गया है।
- **विभिन्न श्रेणियां और अंतरराष्ट्रीय भागीदारी** : फिल्मों को 'भारतीय प्रतियोगिता', 'भारतीय चयनित फिल्म प्रदर्शन' और 'अंतरराष्ट्रीय फिल्म प्रदर्शन' की श्रेणियों में बांटा गया है। अंतरराष्ट्रीय श्रेणी में भारत के अलावा पोलैंड, तुर्की, ग्रीस, ताइवान, अजरबैजान, दक्षिण अफ्रीका, अमेरिका और ब्रिटेन सहित कई देशों की फिल्में शामिल हैं।
- **संवाद और चर्चा सत्र** : फिल्म स्क्रीनिंग और प्रतियोगिताओं के अतिरिक्त, महोत्सव में फिल्मकारों और विषय विशेषज्ञों के साथ विशेष संवाद कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे।

इन फिल्मों के माध्यम से दर्शकों को झारखंड और भारत की पर्यावरणीय चुनौतियों तथा संरक्षण के प्रयासों को करीब से समझने का अवसर मिलेगा। साथ ही, वे प्रकृति से जुड़े स्थानीय अनुभवों की तुलना वैश्विक स्तर के प्रयासों से कर सकेंगे। इस तीन दिवसीय महोत्सव में देश-विदेश के फिल्मकार, पर्यावरणविद, वन्यजीव संरक्षण विशेषज्ञ, शोधकर्ता, विद्यार्थी और सिनेमा प्रेमी बड़ी संख्या में हिस्सा लेंगे।

सीएम हेमन्त से पत्रकार व लेखक सोमनाथ आर्य व लक्ष्मी कुमारी ने की मुलाकात



उनके राजनीतिक जीवन पर लिखीं दो पुस्तकें कीं भेंट

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पत्रकार एवं लेखक डॉ. सोमनाथ आर्य और प्रकाशक संस्था 'और एक प्रयास' की अध्यक्ष लक्ष्मी कुमारी ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री को उनके राजनीतिक जीवन पर लिखीं दो पुस्तकें भेंट कीं। इन पुस्तकों में एक हिन्दी और दूसरी अंग्रेजी भाषा में लिखी गयी है। हिन्दी पुस्तक 'हूल से हेमन्त तक - आदिवासी अस्मिता, सत्ता और संघर्ष की अनकही दास्तान' और अंग्रेजी पुस्तक 'The Invisible Coup: Hemant Soren, Jharkhand and the Politics of Power' का प्रकाशन 'और एक प्रयास' द्वारा किया गया है।

सम्पादकीय.....

सर्वोच्च न्यायालय से उम्मीदें

अपने देश में लोकतंत्र को खत्म करने और संवैधानिक संस्थाओं की मर्यादा को तोड़ने के कथित प्रयासों के बीच बार-बार न्यायपालिका की ओर उम्मीद भरी नजरों से देखा जाता है। लेकिन, हाल के दिनों में कुछ ऐसी घटनाएं हुई हैं, जिन्हें देख कर निराशा हो रही है कि क्या भारत के विचार को न्यायपालिका बचा पायेगी। उदार, लोकतांत्रिक, समावेशी, विविधता में एकता; इन्हीं विचारों से भारत बना है। यह सदियों से अपने मूल्यों पर टिका हुआ है। आजादी की लड़ाई में इन मूल्यों के कारण ही स्वाधीनता सेनानियों के हौसले बंधे रहे और शक्तिशाली ब्रिटिश साम्राज्य को अपनी पताका भारत से उतारनी पड़ी। जब संविधान बना, तो लोकतांत्रिक मूल्यों को सर्वोपरि रखने के लिए हरेक नागरिक को वोट का अधिकार दिया गया। यही हमारी सबसे बड़ी ताकत रही। लेकिन, इस बार जिस तरह से चुनाव आयोग ने मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अर्थात एसआईआर किया है, उससे आम नागरिक की वोट देने की ताकत को ही छीना जा रहा है। अब इसी एसआईआर के मामले पर सर्वोच्च न्यायालय में कई याचिकाएं राहुल गांधी समेत अन्य लोगों ने दायर की हैं। 16 नवम्बर को इन याचिकाओं में एक अर्जी और जोड़ी गयी, जिसमें न्यायालय से अनुरोध किया गया कि चुनाव आयोग से 48 सवाल पूछने की अनुमति दी जाये। दरअसल, पहले 17 नवम्बर को मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कथित एकतरफा निर्णयों पर सवाल उठानेवालीं याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई होनी थी, जो अब 09 दिसम्बर को होगी। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने माननीय न्यायालय से अनुरोध किया कि विपक्ष के नेताओं की तरफ से 16 नवम्बर को दाखिल आवेदन पर नोटिस जारी करे, लेकिन न्यायालय ने इससे इनकार कर दिया और कहा कि सुनवाई के बाद नोटिस पर निर्णय लिया जायेगा। आवेदन में राहुल गांधी और विपक्षी नेताओं ने चुनाव आयोग से जो 48 सवाल पूछे थे, उनमें खास सवाल हैं कि पूरे देश में एसआईआर कराने का निर्णय किसने लिया?...कितने निर्णयों पर मुख्य चुनाव आयुक्त की राय से दो अन्य चुनाव आयुक्त असहमत थे?...फॉर्म 6 को बदलने का निर्णय किसने लिया?...मुख्य चुनाव आयुक्त और दोनों चुनाव आयुक्तों ने 26 अक्टूबर के जवाबी हलफनामे को कब और कैसे मंजूरी दी...किसी बैठक में, फाइल के जरिये, या फिर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से?...19 फरवरी 2025 से 26 अक्टूबर 2026 के बीच, चुनाव आयुक्त संधू और चुनाव आयुक्त जोशी ने कितनी बार लिखित आपत्तियां दर्ज करायीं? यदि शीर्ष न्यायालय चुनाव आयोग से इन सवालों को पूछने की अनुमति देता, तो फिर ज्ञानेश कुमार को जवाब देना ही पड़ता। फिलहाल, बात टल गयी है, जिस कारण एक तरह से ज्ञानेश कुमार को थोड़ी राहत मिल गयी है। भाजपा को भी अपनी रणनीति पर काम करने के लिए समय मिल गया है। बहरहाल, एसआईआर के कारण मतदान के अधिकार से वंचित लोगों को न्याय नहीं मिल पाया है। लेकिन, लोग निराश नहीं हैं। उन्हें सर्वोच्च न्यायालय से बहुत उम्मीदें हैं। देखनेवाली बात होगी कि संदर्भ पर सर्वोच्च न्यायालय का अंतिम निर्णय क्या आता है।

अदालतों को भी समझनी होगी अपनी लक्ष्मण रेखा

विशेष | डॉ. सत्यवान सौरभ



भारतीय संविधान के अनुच्छेद 129 और 215 के तहत सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों को अपनी अवमानना के लिए दंड देने की शक्ति प्राप्त है। इसका उद्देश्य न्यायपालिका की प्रतिष्ठा बचाना, न्यायिक आदेशों का सम्मान सुनिश्चित करना और न्याय प्रशासन में बाधा डालनेवालों पर अंकुश लगाना है। लेकिन, न्यायालय की अवमानना का कानून किसी न्यायाधीश के व्यक्तिगत सम्मान की रक्षा का हथियार नहीं है। यह न्यायिक संस्था और न्याय प्रक्रिया की गरिमा बचाने का संवैधानिक माध्यम है। दोनों के बीच अन्तर समझना बेहद जरूरी है। अदालत की अवमानना मुख्य रूप से दो प्रकार की होती है। दीवानी अवमानना में न्यायालय के आदेश, निर्देश, निर्णय या दिये गये आश्वासन की जान-बूझ कर अवहेलना शामिल है।

न्यायपालिका लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है, लेकिन किसी भी संवैधानिक संस्था की ताकत उसके अधिकारों के विस्तार में नहीं, बल्कि उनके मर्यादित और निष्पक्ष इस्तेमाल में होती है। न्यायालय के आदेशों की अवहेलना निश्चित रूप से गंभीर मामला है। यदि सरकारी अधिकारी ही अदालतों के निदेशों को ठेंगे पर रखने लगें तो कानून के शासन का क्या अर्थ रह जाएगा? लेकिन इसका दूसरा पक्ष भी उतना ही महत्वपूर्ण है। क्या किसी न्यायाधीश को अपने आदेश की अवहेलना होते ही किसी अधिकारी को तत्काल अवमानना का दोषी ठहराने का अधिकार मिल जाता है? क्या न्यायिक नाराजगी ही कानूनी अपराध का प्रमाण बन सकती है? सर्वोच्च न्यायालय की हालिया टिप्पणियों ने इसी खतरनाक प्रवृत्ति पर सवाल उठाते हुए न्यायिक अधिकारों की सीमा याद दिलाई है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 129 और 215 के तहत सर्वोच्च न्यायालय तथा उच्च न्यायालयों को अपनी अवमानना के लिए दंड देने की शक्ति प्राप्त है। इसका उद्देश्य न्यायपालिका की प्रतिष्ठा बचाना, न्यायिक आदेशों का सम्मान सुनिश्चित करना और न्याय प्रशासन में बाधा डालने वालों पर अंकुश लगाना है। लेकिन न्यायालय की अवमानना का कानून किसी न्यायाधीश के व्यक्तिगत सम्मान की रक्षा का हथियार नहीं है। यह न्यायिक संस्था और न्याय प्रक्रिया की गरिमा बचाने का संवैधानिक माध्यम है। दोनों के बीच अंतर समझना बेहद जरूरी है। अदालत की अवमानना मुख्य रूप से दो प्रकार की होती है। दीवानी अवमानना में न्यायालय के आदेश, निर्देश, निर्णय या दिए गए आश्वासन की जानबूझकर अवहेलना शामिल है। विजय माल्या को वर्ष 2022 में अवमानना के मामले में सुनाई गई सजा इसका उदाहरण है। वहीं आपराधिक अवमानना में न्यायालय को बदनाम करने वाली ऐसी अभिव्यक्ति, जो न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित करे, न्याय प्रशासन में बाधा डाले अथवा न्यायिक कार्यवाही को बाधित करे, शामिल होती है। प्रशांत भूषण का वर्ष 2020 का मामला इसी श्रेणी में चर्चित रहा। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि न्यायपालिका की आलोचना करना अपराध है। लोकतंत्र में न्यायाधीशों के निर्णयों पर सवाल उठाना, न्यायिक व्यवस्था की कमियों पर चर्चा करना और संस्थागत जवाबदेही की मांग करना नागरिकों का अधिकार है। आलोचना और अवमानना के बीच की रेखा इतनी धुंधली नहीं होनी चाहिए कि असहमति को ही अपराध बना दिया जाए। हालिया विवाद बिहार के रोहतास जिले से जुड़ा है, जहां एक अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने पुलिस अधीक्षक को प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। निर्देश का पालन नहीं होने पर न्यायिक अधिकारी ने पुलिस अधीक्षक को तलब किया और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 384 के तहत अवमानना का दोषी ठहराते हुए एक रुपये का सांकेतिक जुमार्ना लगा दिया। मामला सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा तो वहां इस कार्रवाई के कानूनी आधार पर ही सवाल खड़े हो गए। सर्वोच्च न्यायालय की पीठ ने स्पष्ट किया कि अदालत के आदेश का पालन न करना और अदालत के सामने अवमानना करना दो अलग-अलग बातें हैं। किसी अधिकारी द्वारा पहले दिए गए न्यायिक आदेश का पालन नहीं करना अपने आप में न्यायालय के सामने किया गया अपराध नहीं बन जाता। पीठ ने न्यायिक अधिकारी को अपनी शक्तियों की सीमा समझने की सलाह दी और बाहुबली की तरह व्यवहार न करने की नसीहत भी दी। यह टिप्पणी केवल एक न्यायिक अधिकारी के आचरण पर सवाल नहीं है, बल्कि पूरी न्यायिक व्यवस्था के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है। न्यायाधीश होना अधिकारों का खुला लाइसेंस नहीं है। अदालत का आदेश बाध्यकारी जरूर है, लेकिन आदेश की अवहेलना पर कार्रवाई भी निर्धारित कानून के अनुसार ही होनी चाहिए। न्यायिक अधिकारिता और व्यक्तिगत नाराजगी के बीच अंतर मिटने लगे तो न्याय की निष्पक्षता प्रभावित होना तय है।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 384 न्यायालय को कुछ विशेष अपराधों के लिए संक्षिप्त प्रक्रिया अपनाने का अधिकार देती है। इनमें न्यायालय के सामने प्रश्नों का उत्तर देने से इनकार करना, शपथ लेने से मना करना, दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश की अवहेलना करना और न्यायिक कार्यवाही में जानबूझकर अपमान या बाधा उत्पन्न करना जैसे अपराध शामिल हैं। इस प्रक्रिया के तहत अधिकतम एक हजार रुपये का जुमार्ना लगाया जा सकता है। लेकिन इस सीमित शक्ति का इस्तेमाल न्यायालय के किसी भी पुराने आदेश की अवहेलना को दंडित करने के लिए नहीं किया जा सकता। कानून ने अधिकार दिया है तो उसकी सीमा भी तय की है। न्यायिक पद पर बैठे व्यक्ति को इस सीमा का सम्मान करना ही होगा। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब न्यायाधीश ही कानून की प्रक्रिया को दरकिनार करने लगें तो आम नागरिक न्याय किससे मांगेगा? किसी अधिकारी की गलती पर कार्रवाई जरूरी है, लेकिन क्या न्यायिक अधिकारी को भी यह अधिकार है कि वह अपनी नाराजगी को तत्काल दंड में बदल दे? न्यायालय में मौजूदगी के दौरान किए गए अपमान और किसी पुराने आदेश के अनुपालन में हुई देरी को एक ही तराजू में नहीं तौला जा सकता।

यूपी का बजट नहीं उठा पायेगा अखिलेश के वादों का बोझ

गौरतलब | संजय सक्सेना



पार्टी के प्रमुख वादों पर नजर डालें, तो इनमें सीधे तौर पर सरकारी खजाने पर असर डालनेवाली कई बड़ी योजनाएं शामिल हैं। पात्र महिलाओं और बुजुर्गों को सालाना 40,000 रुपये की आर्थिक सहायता (पेंशन) देने का वादा किया गया है। वहीं, अगले पांच वर्षों में 25 लाख सरकारी नौकरियां देने और स्नातक बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिलने तक हर महीने 5,000 रुपये भत्ता देने की घोषणा की गयी है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की बिसात बिछ चुकी है और समाजवादी पार्टी (सपा) ने जन-मन का मैनिफेस्टो, सत्ताइस का संकल्प, पीडीए का प्रण पत्र जारी कर सियासी पारा चढ़ा दिया है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा जारी इस 28 पन्नों के दस्तावेज में समाज के हर वर्ग युवा, महिला, किसान, गरीब और सरकारी कर्मचारियों को साधने के लिए कई लोकलुभावन वादे किए गए हैं। लेकिन, सियासी गलियारों और आर्थिक विशेषज्ञों के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि सत्ता में आने पर इन वादों को पूरा करने के लिए कितने धन की आवश्यकता होगी? और क्या उत्तर प्रदेश का मौजूदा बजट इस भारी-भरकम खर्च को झेल पाएगा, या फिर इसकी कीमत राज्य की बुनियादी विकास योजनाओं को चुकानी पड़ेगी? समाजवादी पार्टी ने अपने घोषणापत्र के केंद्र में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के साथ-साथ युवाओं और महिलाओं की आर्थिक सुरक्षा को रखा है। पार्टी के प्रमुख वादों पर नजर डालें तो इनमें सीधे तौर पर सरकारी खजाने पर असर डालने वाली कई बड़ी योजनाएं शामिल हैं। पात्र महिलाओं और बुजुर्गों को सालाना 40,000 रुपये की आर्थिक सहायता (पेंशन) देने का वादा किया गया है। वहीं, अगले पांच वर्षों में 25 लाख सरकारी नौकरियां देने और स्नातक बेरोजगार युवाओं को नौकरी मिलने तक हर महीने 5,000 रुपये भत्ता देने की घोषणा की गई है। घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली, सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली, किसानों के बकाया बिजली बिलों की 100 फीसदी माफी और तत्काल किसान कर्जमाफी का संकल्प लिया गया है। इसी प्रकार गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) के परिवारों को 10 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा, 5 रुपये में भोजन की थाली वाली समाजवादी कैंटीन, सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना की बहाली और बंद पड़े 26,000 प्राथमिक स्कूलों को फिर से खोलने जैसे वादे भी घोषणा पत्र में शामिल हैं। इन वादों को जमीन पर उतारने के लिए कितने धन की जरूरत पड़ेगी, इस पर दो बिल्कुल अलग-अलग आंकड़े सामने आ रहे हैं। एक तरफ समाजवादी पार्टी की घोषणापत्र समिति के प्रमुख और प्रदेश के पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन का दावा है कि पार्टी के इन प्रमुख वादों को सालाना लगभग 80,000 करोड़ रुपये के खर्च में पूरा किया जा सकता है। उनके अनुसार, यह राशि उत्तर प्रदेश के करीब 9 लाख करोड़ रुपये के कुल वार्षिक बजट के दसवें हिस्से से भी कम है, जिसे संसाधनों के बेहतर प्रबंधन से जुटाया जा सकता है।

आज का इतिहास

- 1520 : मैगलन का बेड़ा प्रशांत महासागर में पहुंचा।
- 1660 : लंदन की रॉयल सोसाइटी की स्थापना का फैसला।
- 1890 : महात्मा ज्योतिबा फुले का निधन।
- 1893 : न्यूजीलैंड में महिलाओं ने पहली बार राष्ट्रीय चुनाव में मतदान किया।
- 2008 : 26/11 हमले में मेजर संदीप उन्नीकृष्णन शहीद।
- 1520 : 38 दिनों की कठिन यात्रा के बाद फर्डिनेंड मैगलन का बेड़ा दक्षिण अमेरिका के उस जलमार्ग से निकलकर प्रशांत महासागर में पहुंचा, जिसे आज 'मैगलन जलडमरूमध्य' कहते हैं।
- 1660 : लंदन के ग्रेशम कॉलेज में क्रिस्टोफर रेन और रॉबर्ट बॉयल समेत बारह विद्वानों ने विज्ञान की एक संस्था बनाने का निर्णय लिया, जो आगे चलकर 'रॉयल सोसाइटी' कहलायी। यह आज दुनिया की सबसे पुरानी वैज्ञानिक संस्थाओं में से है।
- 1814 : लंदन का अखबार 'द टाइम्स' भाप से चलनेवाली प्रिंटिंग मशीन पर छपनेवाला पहला अखबार बना।
- 1821 : पनामा स्पेन से अलग हुआ। यह दिन पनामा में स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाता है।
- 1893 : न्यूजीलैंड के आम चुनाव में महिलाओं ने पहली बार वोट डाला। यह राष्ट्रीय चुनाव में महिलाओं को मताधिकार देनेवाला दुनिया का पहला स्वशासित देश बना।
- 1912 : अल्बानिया ने ऑटोमन साम्राज्य से आजादी की घोषणा की।
- 1919 : लेडी नैन्सी एस्टर ब्रिटिश संसद के हाउस ऑफ कॉमन्स में सीट सँभालने वाली पहली महिला बनीं।
- 1943 : दूसरे विश्व युद्ध के दौरान रूजवेल्ट, चर्चिल और स्टालिन की तेहरान में बैठक (तेहरान सम्मेलन) शुरू हुई।
- 1960 : मॉरिटानिया को फ्रांस से आजादी मिली।
- 1964 : नासा ने मंगल ग्रह के लिए मेरिनर 4 यान लॉन्च किया, जिसने बाद में मंगल की पहली नजदीकी तस्वीरें भेजीं।
- 1975 : तिमोर-लेस्ते (पूर्वी तिमोर) ने पुर्तगाल से आजादी की घोषणा की।

सुविचार

जिसके पास बुद्धि है, उसके पास बल है। बुद्धिहीन के पास बल कहां?

चाणक्य

अतीत चाहे जैसा हो, उसकी स्मृतियां प्रायः सुखद होती हैं।

प्रेमचंद

● किसने क्या कहा



कैंसर के इलाज और शोध को बेहतर बनाने के लिए सामूहिक राष्ट्रीय प्रयास जरूरी

सी. पी. राधाकृष्णन
उपराष्ट्रपति

हिन्द महासागर में शांति, सुरक्षा व विकास सुनिश्चित करना सामूहिक जिम्मेदारी



एस. जयशंकर
विदेश मंत्री

अंकजाल - 8462

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

	18	16	27	21		14	19	23	
25	6		9				2		14
20		4		2		7		8	20
25	7		3		2		7		10
				2		2		7	27
35	8		2		8				
13		7		3		4		2	20
14	5		3		4		8		27
19		8				6		7	25
	24	32	9		31	24	21	17	

अंकजाल 8461 का हल

	12	13	24	18	20		25	32	
31	5	8	5	4	9		2	7	9
25	7	5	3	8	2		7	3	10
			2	6	7	9	3	7	34
14	2	5	7		2	5	7	8	22
22	9	2	3	8		5	6	7	18
25	3	6	4	5	2	5			
9	6	3		4	7	8	8	5	32
14	8	6		4	6	8	7	1	26
	28	22		21	15	40	15	6	

Jagrutidaur.com, Bangalore

संत की सीख

एक धनी सेठ ने एक संत के पास आकर उनसे प्रार्थना की, महाराज, मैं आत्मज्ञान प्राप्त करने के लिए साधना करता हूं पर मेरा मन एकाग्र ही नहीं हो पाता है। आप मुझे मन को एकाग्र करने का कोई मंत्र बताएं। सेठ की बात सुनकर संत बोले, मैं कल तुम्हारे घर आऊंगा और तुम्हें एकाग्रता का मंत्र प्रदान करूंगा। यह सुनकर सेठ बहुत खुश हुआ। उसने इसे अपना सौभाग्य समझा कि इतने बड़े संत उसके घर पधारेंगे। उसने अपनी हवेली की सफाई करवाई और संत के लिए स्वादिष्ट पकवान तैयार करवाए। नियत समय पर संत उसकी हवेली पर पधारे। सेठ ने उनका खूब स्वागत-सत्कार किया। सेठ की पत्नी ने मेवों व शुद्ध घी से स्वादिष्ट हलवा तैयार किया था। चांदी के बर्तन में हलवा सजाकर संत को दिया गया तो संत ने फौरन अपना कमंडल आगे कर दिया और बोले, यह हलवा इस कमंडल में डाल दो। सेठ ने देखा कि कमंडल में पहले ही कूड़ा-करकट भरा हुआ है। वह दुविधा में पड़ गया। उसने संकोच के साथ कहा, महाराज, यह हलवा मैं इसमें कैसे डाल सकता हूं। कमंडल में तो यह सब भरा हुआ है। इसमें हलवा डालने पर भला वह खाने योग्य कहां रह जाएगा, वह भी इस कूड़े-करकट के साथ मिलकर दूषित हो जाएगा। यह सुनकर संत मुस्कराते हुए बोले, वत्स, तुम ठीक कहते हो।

संविधान की प्रस्तावना से जनपीड़ा तक फैला एक जीवन



प्रो. आरके जैन

किसी विचारवान व्यक्तित्व की सबसे बड़ी पहचान यह नहीं होती कि उसने अपने जीवन में कितने पद हासिल किए, बल्कि यह होती है कि उसके रहते समाज ने कितनी बार अपने विवेक की आवाज सुनी। छत्तीसगढ़ के सार्वजनिक और बौद्धिक जीवन में ऐसी ही एक निर्भीक आवाज का अवसान हो गया। 26 नवंबर, संविधान दिवस की सुबह, जब देश संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान और लोकतांत्रिक मूल्यों को स्मरण कर रहा था, उसी दिन प्रख्यात गांधीवादी चिंतक, संविधान विशेषज्ञ, वरिष्ठ अधिवक्ता और सशक्त लेखक कनक तिवारी जी ने अंतिम विदाई ली। यह संयोग जितना मार्मिक है, उतना ही अर्थपूर्ण भी। जिस संविधान की आत्मा को समझने, समझाने और जनजीवन में प्रतिष्ठित करने के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित किया, उसी संविधान के दिवस पर उनका महाप्रयाण होना एक युगीन विडंबना की तरह हमारे सामने है। उनका जाना केवल छत्तीसगढ़ की क्षति नहीं, बल्कि उस वैचारिक परंपरा के लिए गहरा आघात है, जो सत्ता से अधिक सत्य और पद से अधिक सिद्धांतों को महत्व देती है।

26 जुलाई 1940 को जन्मे कनक तिवारी जी का जीवन बहुआयामी प्रतिभा, अथक अध्ययन और सामाजिक प्रतिबद्धता का विलक्षण उदाहरण रहा। अंग्रेजी साहित्य के प्राध्यापक के रूप में शुरूआत करने के बाद पत्रकारिता और फिर स्वर्ण पदक के साथ विधि की शिक्षा प्राप्त कर उन्होंने अधिवक्ता के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। मध्य प्रदेश गृह-निर्माण मंडल के अध्यक्ष से लेकर छत्तीसगढ़ के महाधिवक्ता जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों तक की उनकी यात्रा उपलब्धियों से अधिक उत्तरदायित्वों की यात्रा थी। गांधी, विवेकानंद, लोहिया और भगत सिंह के विचारों का प्रभाव उनके व्यक्तित्व और चिंतन में स्पष्ट दिखाई देता था। वे विचारों को केवल उद्धृत करने वाले बुद्धिजीवी नहीं थे, बल्कि उन्हें जीवन के व्यवहार और सार्वजनिक विमर्श में उतारने का साहस रखते थे। उनके लिए संविधान कानून की धाराओं का संग्रह भर नहीं, बल्कि नागरिक स्वतंत्रता, समानता, न्याय और मानवीय गरिमा का जीवंत दस्तावेज था।

उनकी लेखनी का मूल स्वर सत्ता की प्रशस्ति नहीं, बल्कि व्यवस्था की पड़ताल था। 'संविधान का सच', 'संविधान की पड़ताल', 'फिर से हिंद स्वराज' और 'गांधी और पंचायती राज' जैसी कृतियाँ उनके गहन अध्ययन, स्वतंत्र चिंतन और लोकतांत्रिक सरोकारों की सशक्त अभिव्यक्ति हैं। वे संविधान को राजपथ की औपचारिकता से निकालकर जनपथ की वास्तविकता बनाना चाहते थे। उनका मानना था कि संविधान की सफलता उसके उत्सवों, समारोहों और भाषणों से नहीं, बल्कि आम नागरिक के जीवन में आए न्यायपूर्ण बदलाव से मापी जानी चाहिए। आदिवासी समाज के अधिकारों, बस्तर की पीड़ा, विस्थापन, सामाजिक विषमता और वंचितों के सवालों पर उनकी मुखरता इसी संवेदनशील दृष्टि का परिणाम थी। वे उन मुद्दों पर भी बोलते थे, जिन पर बोलना सुविधाजनक नहीं होता। उनकी लेखनी में अध्ययन की प्रामाणिकता थी, तर्क की दृढ़ता थी और सबसे बढ़कर उन लोगों के प्रति संवेदना थी, जिनकी आवाज व्यवस्था तक पहुँचते-पहुँचते अक्सर दम तोड़ देती है।

परिसीमन-महिला आरक्षण पर फिर आर-पार, विपक्ष में दरार

गौरतलब | स्वदेश कुमार



27 नवम्बर को मोदी कैबिनेट की बैठक में इस पर चर्चा भी हुई। अप्रैल का घटनाक्रम इस पूरी बहस की कुंजी है। तब सरकार ने 16 से 18 अप्रैल तक विशेष सत्र बुलाया था और 17 अप्रैल को यह संशोधन लोकसभा में 298 के मुकाबले 230 मतों से गिर गया, जो दो-तिहाई बहुमत से काफी कम था। उस दिन सदन में मौजूद 528 सदस्यों के हिसाब से जरूरी आंकड़ा 352 था। अंतिम क्षणों में गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के लिए 50 फीसदी आनुपातिक बढ़ोतरी को बिल में जोड़ने की पेशकश की, मगर विपक्ष अपने रुख पर कायम रहा।

संसद एक बार फिर उस सवाल पर लौट रही है, जिस पर अप्रैल में सरकार को अपनी पहली बड़ी संसदीय हार झेलनी पड़ी थी। लोकसभा 30 नवंबर और राज्यसभा 2 दिसंबर को बैठेगी और कार्यवाही 3 दिसंबर तक चलेगी। सरकार इसे आवश्यक सरकारी कामकाज बता रही है, लेकिन माना जा रहा है कि वह 131वां संविधान संशोधन विधेयक, 2026 फिर लाएगी, जिसमें लोकसभा की अधिकतम सदस्य संख्या 850 करने का प्रस्ताव है। आज 27 नवंबर को मोदी कैबिनेट की बैठक में इस पर चर्चा भी हुई। अप्रैल का घटनाक्रम इस पूरी बहस की कुंजी है। तब सरकार ने 16 से 18 अप्रैल तक विशेष सत्र बुलाया था और 17 अप्रैल को यह संशोधन लोकसभा में 298 के मुकाबले 230 मतों से गिर गया, जो दो-तिहाई बहुमत से काफी कम था। उस दिन सदन में मौजूद 528 सदस्यों के हिसाब से जरूरी आंकड़ा 352 था। अंतिम क्षणों में गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के लिए 50 फीसदी आनुपातिक बढ़ोतरी को बिल में जोड़ने की पेशकश की, पर विपक्ष अपने रुख पर कायम रहा। इसके बाद सरकार ने परिसीमन और केंद्रशासित प्रदेशों से जुड़े दोनों साथ वाले विधेयक वापस ले लिए।

इस विवाद की जड़ 2023 के कानून में है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम, यानी 128वां संशोधन, लोकसभा में 454-2 के भारी बहुमत से पारित हुआ था। राज्यसभा में उसे सभी 214 सदस्यों का समर्थन मिला। पर कानून में पेंच यह था कि आरक्षण जनगणना के बाद होने वाले परिसीमन पर आधारित है, और मौजूदा जनगणना की संदर्भ तिथि एक मार्च 2027 है। इसलिए 2029 के आम चुनाव से पहले उस आधार पर परिसीमन पूरा होने की संभावना कम मानी जाती है। सरकार का तर्क था कि अगली जनगणना और परिसीमन में समय लगेगा और महिलाओं की भागीदारी टलेगी, इसलिए 2011 की जनगणना को आधार बनाया जाए। यही प्रस्ताव विपक्ष को खटका। विपक्ष की आपत्ति दो बातों पर है। पहली, शशि थरूर ने कहा था कि महिला कोटे को परिसीमन से जोड़ना महिलाओं की आकांक्षाओं को बंधक बनाना है। दूसरी, दक्षिणी राज्यों को डर है कि उनका प्रभाव घटेगा और बदलाव का फायदा उत्तर में मजबूत भाजपा को मिल सकता है। कांग्रेस का कहना है कि वह आरक्षण के पक्ष में है, पर परिसीमन और सीटें बढ़ाना अनिवार्य बनाने पर उसे आपत्ति है। पी. चिदंबरम का सुझाव है कि अनुच्छेद 334 हटा दिया जाए तो आरक्षण तुरंत लागू हो सकता है।

खैर, तमाम किंतु-परंतु के बीच मोदी सरकार के सामने अब असली लड़ाई संख्या बल की है। 540 की प्रभावी सदस्य संख्या में बिल पास कराने के लिए 361 वोट चाहिए, जबकि अप्रैल में एनडीए को 298 मिले थे। एनडीए के पास अभी करीब 320 सांसद हैं और सरकार की नजर डीएमके के 22 और एनसीपी (शरद पवार) के आठ सांसदों पर है। इन दोनों को जोड़ने पर भी आंकड़ा 355 तक पहुंचता है, यानी पांच कम।

राशिफल

मेष अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। समय ठीक है।	**तुला** पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जानेवाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।
वृष महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।	**वृश्चिक** दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जायेगा।
मिथुन परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़ कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा।	**धनु** संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।
कर्क सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पायेगी।	**मकर** मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रह। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जायेगा। पर प्रपंच में ना पड़ कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।
सिंह अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।	**कुंभ** स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नयी ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी।
कन्या कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। सचेत रहें।	**मीन** सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

एक झलक

धान के खेत में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

महुआडांड़ (लातेहार) : महुआडांड़ थाना क्षेत्र के रामपुर में शुक्रवार सुबह धान के खेत में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव भारत गैस गोदाम के पीछे हेदुआ धोढ़ा के समीप खेत में पड़ा था। शव मिलने की खबर फैलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह ग्रामीण धान की कटाई करने खेत पहुंचे थे। इसी दौरान खेत के बीच एक व्यक्ति का शव पड़ा दिखाई दिया। शव देखते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने तत्काल महुआडांड़ थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अमित कुमार रविदास पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी ।वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

बालूमाथ (लातेहार) : बालूमाथ-मुरपा मुख्य सड़क पर ललकागड़ा के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से मुरपा निवासी आयुष यादव की मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल आयुष ने रिम्स ले जाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया। वह पिता सुखरी यादव के इकलौते पुत्र थे। उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना रात करीब 10 बजे की है। बताया जाता है कि आयुष बालूमाथ से अपने घर मुरपा लौट रहे थे। इसी दौरान ललकागड़ा के समीप अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बालूमाथ अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉ. दयानंद कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सक ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। हालांकि, रिम्स पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई। युवक की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने शुक्रवार को मुरपा चौक पर सड़क जाम कर दिया। ग्रामीणों ने दुर्घटना में शामिल वाहन और चालक की पहचान कर कार्रवाई करने के साथ पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा एवं आर्थिक सहायता देने की मांग की।

पेट्रोल डाल कर पिकअप जलानेवाला आरोपी रांची से गिरफ्तार, सामान बरामद

लातेहार : गारू थाना क्षेत्र के सरयू तेतरटोला में वाहन जलाने की घटना में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी को रांची से पकड़ा। उसके पास से घटना में इस्तेमाल पेट्रोल की बोतल, माचिस और मोबाइल फोन बरामद किया गया है। 24 नवंबर की रात सरयू तेतरटोला में एक पिकअप वाहन को आग के हवाले कर दिया गया था। घटना के बाद गारू थाना में कांड संख्या 25/26 के तहत मामला दर्ज किया गया था। वारदात को अंजाम देने वाले की तलाश में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर छापेमारी दल गठित किया गया। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों से मिले सुराग के आधार पर पुलिस ने रांची के रातू रोड स्थित शिव दुर्गा मंदिर लेन से अशोक कुमार यादव (26) को गिरफ्तार किया। वह चतरा जिले के टंडवा थाना क्षेत्र के सराढु का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, आरोपी की निशानदेही पर पेट्रोल की बोतल, माचिस और मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

बाल विवाह के खिलाफ लातेहार में निकला कैंडल मार्च, अधिकारियों और कर्मियों ने ली शपथ

बच्चों के अधिकारों की रक्षा का दिया संदेश



समाहरणालय से कचहरी तक निकाली गयी जागरूकता रैली

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन दिवस पर शुक्रवार को लातेहार में कैंडल मार्च निकाला गया। समाहरणालय परिसर से शुरू हुए मार्च में उपायुक्त संदीप कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और महिला कर्मियों ने भाग लिया। इस दौरान बाल विवाह मुक्त समाज बनाने का संकल्प लिया गया।कैंडल मार्च के दौरान उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मियों को बाल विवाह उन्मूलन की शपथ दिलायी। मार्च समाहरणालय परिसर से निकलकर कचहरी तक पहुंचा। प्रतिभागियों ने बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाने, बच्चों के अधिकारों की रक्षा करने और उन्हें सुरक्षित बचपन देने का संदेश दिया।उपायुक्त संदीप कुमार ने कहा कि बाल विवाह बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और भविष्य पर गंभीर असर डालता है। इस कुप्रथा को खत्म करने के लिए प्रशासन के साथ समाज के हर व्यक्ति को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को शिक्षा और विकास के समान अवसर देना तथा बाल विवाह के प्रति लोगों को जागरूक करना सामूहिक जिम्मेदारी है।उन्होंने लोगों से अपील की कि बाल विवाह की जानकारी मिलने पर तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचित करें, ताकि समय रहते इसे रोका जा सके। बच्चों को सुरक्षित माहौल और बेहतर भविष्य देने के लिए समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सविता कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, मुख्यालय डीएसपी प्रदीप कुमार समेत अन्य पदाधिकारी, सेविका और सहायिका मौजूद थीं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया बाल विवाह मुक्त भारत अभियान, ग्रामीणों को दिलायी शपथ



लातेहार : जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार की ओर से जिले के विभिन्न विद्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत लोगों को बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों, इसके दुष्परिणामों और रोकथाम के उपायों की जानकारी दी गयी। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में अभियान चलाया गया। इस दौरान डालसा की टीम और पारा लीगल वॉलंटियर्स ने ग्रामीणों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत सजा और जुमार्ने के प्रावधानों की जानकारी दी।कार्यक्रम में बताया गया कि कम उम्र में शादी से बच्चों, विशेषकर बालिकाओं के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। इससे उनकी शिक्षा बाधित होती है और भविष्य की संभावनाएं भी प्रभावित होती हैं।अभियान के दौरान ग्रामीणों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को बाल विवाह नहीं करने, न होने देने और इसकी सूचना प्रशासन तक पहुंचाने की शपथ दिलाई गई। लोगों से अपील की गई कि कहीं बाल विवाह की जानकारी मिलने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, पुलिस आपातकालीन नंबर 112 अथवा डालसा के टोल फ्री नंबर 15100 पर सूचना दें।

बाल विवाह मुक्त पलामू के संकल्प के साथ मनाया निषेध दिवस



■ जागरूकता और सामूहिक भागीदारी से बाल विवाह रोकने का आह्वान

मेदिनीनगर : अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह निषेध दिवस पर शुक्रवार को मेदिनीनगर के टाउन हॉल में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सादात अनवर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बाल विवाह के दुष्परिणामों, रोकथाम और बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण पर चर्चा की गई। उप विकास आयुक्त ने इस सामाजिक कुरीति को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास और जनभागीदारी को जरूरी बताया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करने की अपील की। इसके लिए पुलिस हेल्पलाइन 112, महिला हेल्पलाइन 181 और संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि पिछले तीन वर्षों में पलामू में बाल विवाह की दर 39.9 प्रतिशत से घटकर 35 प्रतिशत हो गई है। जागरूकता और सामुदायिक प्रयासों से इसमें कमी आयी है। आने वाले समय में बाल विवाह की दर को घटाकर 5.5 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर बाल विवाह मुक्त गांव बनाने और बाल विवाह रोकथाम में बेहतर योगदान देने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने बाल विवाह के विरुद्ध शपथ भी ली। कार्यक्रम में जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक, यूनिसेफ, पीसीआई और नीति आयोग के प्रतिनिधि, विभिन्न प्रखंडों के बीडीओ, पंचायत प्रतिनिधि, मुखिया, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित थे।

बाल विवाह के खिलाफ वेदिक सोसाइटी का अभियान, 500 लोगों ने निकाला कैंडल मार्च

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



लातेहार : जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी संगठन वेदिक सोसाइटी ने अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह विरोधी दिवस पर लातेहार में जागरूकता अभियान चलाया। जिला मुख्यालय समेत विभिन्न प्रखंडों और गांवों में कार्यक्रम, शपथ ग्रहण और कैंडल मार्च आयोजित कर लोगों को बाल विवाह के खिलाफ एकजुट होने का संदेश दिया गया। अभियान में करीब 500 लोगों ने भाग लेकर 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में बाल विवाह से बचाई गई लड़कियों, इसे रुकवाने में अहम भूमिका निभाने वाली महिलाओं और ग्रामीण स्तर पर बदलाव की अगुवाई करने वाली महिला नेतृत्वकताओं ने भाग लिया। बाल विवाह का विरोध कर अपना विवाह रुकवाने वाली बेटियों को सम्मानित किया गया। धर्मगुरुओं ने भी अभियान का समर्थन किया कैंडल मार्च में बच्चों, महिलाओं और पुरुषों समेत विभिन्न वर्गों के लोग शामिल हुए। पुरोहित, मौलवी, हलवाई, रसोइया, बैंड-बाजा संचालक, टेंट व्यवसायी, सजावट करने वाले और शादी के कार्ड छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस संचालकों ने बाल विवाह में शामिल नहीं होने तथा इसकी जानकारी मिलने पर अधिकारियों को सूचित करने की शपथ ली।वेदिक सोसाइटी के निदेशक चंद्रशेखर सिंह ने कहा कि बाल विवाह के खिलाफ लड़ाई बेटियों को बचपन, शिक्षा और अपने भविष्य का फैसला लेने का अधिकार दिलाने की लड़ाई है। विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा, जब बेटियां शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर होंगी। उन्होंने कहा कि सरकार, प्रशासन और समाज के सामूहिक प्रयासों से लातेहार को बाल विवाह मुक्त बनाया जा सकता है।

गिरिडीह के प्रवासी मजदूर की विशाखापटनम में मौत

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गिरिडीह : जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के बेको हरिजन टोला निवासी सुकर घांसी के 22 वर्षीय पुत्र कैलाश कुमार घांसी की विशाखापट्टनम में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, कैलाश कुमार पिछले सोमवार से लापता थे। परिजन और परिचित उनकी तलाश कर रहे थे। गुरुवार शाम को उनका शव संदिग्ध अवस्था में बरामद हुआ। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

नर्सिंग सेवा को बताया मानवता का सच्चा धर्म

एएनएम छात्राओं को सेवा और समर्पण का संदेश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



लातेहार : स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नर्सों की भूमिका केवल मरीजों के उपचार तक सीमित नहीं, बल्कि उनके प्रति संवेदना, सहयोग और मानवीय व्यवहार भी इस पेशे की पहचान है। इसी संदेश के साथ शुक्रवार को नर्सिंग कौशल कॉलेज, लातेहार में एएनएम के चौथे बैच की छात्राओं के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त संदीप कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। छात्राओं को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि नर्सिंग का पेशा मानवता की सेवा से जुड़ा है। स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने में नर्सिंग कर्मियों का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्राओं से प्रशिक्षण के दौरान पूरी मेहनत, लगन और समर्पण के साथ सीखने तथा अपने ज्ञान और कौशल को लगातार बेहतर बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक अच्छे स्वास्थ्यकर्मी के लिए तकनीकी जानकारी के साथ संवेदनशीलता, अनुशासन, धैर्य और सेवाभाव भी जरूरी है। मरीजों के प्रति जिम्मेदारी और मानवीय दृष्टिकोण ही स्वास्थ्य सेवा को सार्थक बनाते हैं।

तिलक की खुशियां लौटते वक्त हादसे में बदलीं, दो वाहनों की भिड़ंत में छह घायल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : तिलक समारोह की खुशियां मनाकर घर लौट रहे लोगों को गुरुवार देर रात सड़क हादसे ने अस्पताल पहुंचा दिया। एनएच-39 पर होटवाग गांव के समीप पहाड़ी ढाबा के पास दो वाहनों की सीधी टक्कर में छह लोग घायल हो गए। इनमें तीन की हालत गंभीर है। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए रांची स्थित रिम्स रेफर किया गया। हादसे में दोनों वाहनों में सवार लोग तिलक समारोह से लौट रहे थे और समारोह में शामिल होने जा रहे थे। एक वाहन में सवार लोग पलामू के लेस्लीगंज से तिलक कार्यक्रम में शामिल होकर लातेहार लौट रहे थे। वहीं, दूसरे वाहन के लोग लातेहार के अंबाटीकर से तिलक समारोह में शामिल होकर पलामू के पोलपोल जा रहे थे। इसी दौरान पहाड़ी ढाबा के पास दोनों वाहनों की टक्कर हो गई। टक्कर के बाद स्थानीय लोगों ने सदर थाना और एंबुलेंस को सूचना दी।

सहकारी समितियों को मजबूत करने पर जोर



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : जिले में सहकारी समितियों को मजबूत बनाने, सदस्यता बढ़ाने और किसानों को समय पर बीज व उर्वरक उपलब्ध कराने को लेकर जिला स्तरीय बैठक हुई। इसमें निर्वाचन, आर्थिक पारदर्शिता, अभिलेखों के रखरखाव और खराब धान बीज से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने पर चर्चा हुई। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी आशा टोप्पो, सहायक निबंधक सरिता बरला, जिला अंकेक्षण पदाधिकारी शिव कुमार भगत, कृषि विभाग के प्रतिनिधि तथा विभिन्न लैम्पस के अध्यक्ष और सचिव शामिल हुए। बैठक में आशा टोप्पो ने सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया। लक्ष्य से अधिक 49 सदस्य बनाने वाले जालिम खुर्द लैम्पस के सचिव की सराहना करते हुए अन्य समितियों को भी अभियान तेज करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामीण सेवाओं और लेन-देन बढ़ाकर समितियों की आय बढ़ाने तथा तूफान से हुए नुकसान के आकलन में सहयोग की अपील की।सरिता बरला ने निर्वाचन प्रक्रिया पूरी करने, सदस्यता पंजी अद्यतन रखने और कम्प्यूटर व्यवस्था के दूसरे चरण के लिए सदस्यों की सूची तैयार करने का निर्देश दिया। वहीं शिव कुमार भगत ने आय-व्यय विवरण, रोकड़ बही और अंकेक्षण संबंधी अभिलेख समय पर तैयार रखने पर जोर दिया। कृषि विभाग के प्रतिनिधि ने रबी बीज बिक्री समय पर सुनिश्चित करने और 15 दिसंबर से उर्वरक उठाव की नई व्यवस्था लागू होने की जानकारी दी। कामता, लाधुप और पोचरा सहित अन्य समितियों के प्रतिनिधियों ने खराब गुणवत्ता वाले धान बीज से प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग उठाई।

बीडीओ अमित कुमार के विवाह समारोह में शामिल हुए झारोटेफ और जिले के अधिकारी, नवदम्पती को दीं शुभकामनाएं



लातेहार : बरियातू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) अमित कुमार के विवाह समारोह में झारोटेफ के पदाधिकारी और लातेहार जिले के कई प्रशासनिक अधिकारी शामिल हुए। लेस्लीगंज में आयोजित समारोह में सभी ने नवदंपती को शुभकामनाएं देते हुए सुखमय वैवाहिक जीवन की कामना की। बीडीओ अमित कुमार, झारोटेफ के जिला मीडिया प्रभारी संदीप पासवान के छोटे साले हैं। विवाह समारोह में झारोटेफ के जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष धीरज कुमार, सचिव दिलीप कुमार सिंह तथा जिला कार्यकारिणी के सदस्य दिलीप सिंह, सत्येंद्र कुमार मेहरा, मनोज यादव और रामकुमार यादव शामिल हुए।इसके अलावा उपायुक्त लातेहार के ओएसडी श्रेयांश, जिला शिक्षा पदाधिकारी गौतम कुमार साहू, जिला निबंधन प्राधिकारी विपिन कुमार साहू, नगर पंचायत अधिकारी राजीव रंजन कुमार, लातेहार अंचलाधिकारी नंदकुमार राम, मनिका बीडीओ संदीप कुमार, मनिका अंचल अधिकारी अमन कुमार और थाना प्रभारी सहित जिले के कई पदाधिकारी समारोह में पहुंचे।

जिला स्तरीय रबी कार्यशाला सह 'खेत बचाओ अभियान' का हुआ आयोजन

किसानों को दी गयी आधुनिक खेती की जानकारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



■ मिट्टी की उर्वरता बचाने, जैविक खेती अपनाने और कम पानी में अधिक उत्पादन पर दिया गया जोर

मेदिनीनगर : कृषि विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार को मेदिनीनगर के टाउन हॉल में जिला स्तरीय रबी कार्यशाला सह 'खेत बचाओ अभियान' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त सादात अनवर एवं जिला कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर पशुपालन, मत्स्य एवं सहकारिता विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए प्रखंड कृषि पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में किसानों ने कार्यशाला में भाग लिया। कार्यशाला में किसानों को मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने, रासायनिक खादों के संतुलित उपयोग, जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की जानकारी दी गई। कृषि वैज्ञानिकों ने रबी मौसम की प्रमुख फसलों गेहूं, चना, मसूर, सरसों एवं मक्का की उन्नत खेती के तरीकों से किसानों को अवगत कराया। इस दौरान बीजोपचार, प्राकृतिक खेती, हरी खाद, संतुलित उर्वरक के उपयोग तथा कम पानी में अधिक उत्पादन के लिए ड्रिप एवं स्प्रिंकलर सिंचाई पद्धति अपनाने पर जोर दिया गया। कार्यशाला के दौरान विभिन्न सरकारी कृषि योजनाओं के तहत चयनित लाभुकों के बीच सरसों बीज, स्वीकृति पत्र एवं अन्य सामग्री का वितरण किया गया। इसके तहत 10 प्रगतिशील किसानों को उन्नत प्रभेद का सरसों बीज, दो किसानों को सूक्ष्म सिंचाई योजना तथा एक किसान को किसान समृद्धि योजना का लाभ दिया गया। वहीं एक किसान को किसान क्रेडिट कार्ड का स्वीकृति पत्र भी सौंपा गया। कार्यशाला के माध्यम से किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती अपनाकर उत्पादन बढ़ाने तथा मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने के प्रति जागरूक किया गया।

रामपुर के आरपीएस स्कूल में 61 विद्यार्थियों ने लिया विद्यादान ओलंपियाड में हिस्सा



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

महुआडांड़ (लातेहार) : ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को प्रतियोगिताओं से जोड़ने और उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से महुआडांड़ प्रखंड के रामपुर स्थित आरपीएस स्कूल में विद्यादान ओलंपियाड 2026 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं से दसवीं तक के 61 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। ओलंपियाड में विद्यार्थियों को अपनी ज्ञान क्षमता, तार्किक सोच और विषयों की समझ परखने का अवसर मिला। कार्यक्रम में वित्तीय साक्षरता सहयोगी के रूप में आईडीएफसी फर्स्ट अकादमी तथा सहयोगी संस्था के रूप में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की सहभागिता रही। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ आर्थिक समझ और वित्तीय जागरूकता के महत्व से भी परिचित कराया गया। विद्यालय के निदेशक सत्यानन्द वर्मा एवं प्राचार्य प्रवीण कुमार के मार्गदर्शन में आयोजन संपन्न हुआ। शिक्षक सुजीत कुमार और भानु प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निदेशक सत्यानन्द वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं है। उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर मिले तो वे हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।

रोजगार, आवास और जमीन विवाद की शिकायतें लेकर पहुंचे लोग

उपायुक्त ने दिये जांच के निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



लातेहार : रोजगार, सरकारी योजनाओं का लाभ और जमीन विवाद जैसी समस्याओं को लेकर शुक्रवार को जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से लोग उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप कुमार ने साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम में लोगों की फरियाद सुनी और संबंधित अधिकारियों को मामलों की जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया।जन शिकायत निवारण के दौरान लोगों ने आजीविका के लिए रोजगार उपलब्ध कराने, आंगनबाड़ी सेविका पद पर नियुक्ति, दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत करने, अबुआ आवास की राशि नहीं मिलने और जमीन विवाद से संबंधित आवेदन सौंपे। लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराते हुए राहत दिलाने की मांग की। उपायुक्त ने सभी शिकायतकर्ताओं की बात सुनने के बाद संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित किए। उन्होंने निर्देश दिया कि मामलों का भौतिक सत्यापन कर वास्तविक स्थिति की जानकारी लें और शिकायतों का जल्द निष्पादन करें। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं की जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी। जन शिकायत निवारण के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को आम लोगों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने और शिकायतों के समाधान में अनावश्यक देरी नहीं करने के निर्देश दिये।

प्रधानमंत्री और अबुआ आवास योजना के तहत दो परिवारों ने किया गृह प्रवेश, खिले लाभुकों के चेहरे

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



भवनाथपुर : भवनाथपुर प्रखंड क्षेत्र के कैलान गांव में शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना के तहत नवनिर्मित आवासों में दो लाभुक परिवारों का गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बीडीओ नंद जी राम, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, मुखिया सुकनी देवी एवं बीपीओ चितरंजन कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने विधिवत पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर गृह प्रवेश कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने नए पक्के मकान में प्रवेश करते ही दोनों लाभुक परिवारों के चेहरे खुशी से खिल उठे। वर्षों से पक्के मकान का सपना संजोए गरीब परिवारों के लिए यह पल बेहद खास और यादगार बन गया। इस दौरान घरों में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने लाभुकों को नए आवास की बधाई देते हुए उनके सुखमय एवं खुशहाल जीवन की कामना की। इस मौके पर बीडीओ नंद जी राम ने लाभुक मनोज यादव, पिता सुरेश यादव को प्रधानमंत्री आवास योजना का स्वीकृति प्रमाण पत्र सौंपा।

सांसद वीडी राम ने हुसैनाबाद में आयोजित गोष्ठी में युवाओं को किया प्रेरित

संविधान गौरव दिवस पर संविधान के मूल्यों को अपनाने का आह्वान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : पलामू संसदीय क्षेत्र के हुसैनाबाद स्थित ए.के. सिंह कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में संविधान गौरव दिवस पर संविधान गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने संविधान की महत्ता, संवैधानिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका पर विचार रखे। सांसद श्री राम ने कहा कि भारतीय संविधान लोकतंत्र की आधारशिला है। यह देश की एकता, अखंडता, सामाजिक न्याय, समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का मार्गदर्शक है। संविधान प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार और अवसर प्रदान करता है तथा अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद और प्रारूप समिति के अध्यक्ष बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित संविधान निर्माण में योगदान देने वाले सभी महापुरुषों को याद किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का योगदान ऐतिहासिक और अतुलनीय है। उनके विचारों, सामाजिक न्याय और वंचितों के अधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता को अपनाकर ही उन्हें सच्चा सम्मान दिया जा सकता है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बाबा साहेब की विरासत और योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान देने तथा उनके जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने का कार्य किया गया है। संविधान दिवस और संविधान गौरव दिवस जैसे आयोजन संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। उन्होंने शिक्षकों और विद्यार्थियों से संविधान का अध्ययन करने तथा उसके आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। कहा कि देश की प्रगति के लिए समाज में समरसता, सद्भाव और समानता को बढ़ावा देना जरूरी है। इस दौरान सांसद ने संविधान की प्रस्तावना का पाठ कराया और उपस्थित लोगों को उसकी शपथ दिलाई। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, कॉलेज सचिव प्रफुल्ल कुमार सिंह, प्राचार्य डॉ. राम सुभग सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, वरिष्ठ नेता राम प्रवेश सिंह, रविंद्र सिंह, ईश्वरी पांडेय, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, मंडल अध्यक्ष अजय गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश मेहता, सुबोध कश्यप, रंजीत पासवान सहित कॉलेज के शिक्षक, छात्र-छात्राएं और गणमान्य लोग उपस्थित थे।

लोकतांत्रिक मूल्यों के संकल्प के साथ संत मरियम में मना संविधान दिवस



मेदिनीनगर : संत मरियम आवासीय विद्यालय में गुरुवार को संविधान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को भारतीय संविधान की महत्ता, लोकतांत्रिक आदर्शों और नागरिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन श्री अविनाश देव एवं शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से केक काटकर किया गया। इसके उपरांत भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ हुआ। उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने संविधान में निहित आदर्शों और मूल्यों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए शपथ ली। इस अवसर पर चेयरमैन श्री देव ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान केवल शासन संचालन का दस्तावेज नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक चेतना, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का आधार स्तंभ है। संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व का अधिकार प्रदान करने के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति उसके दायित्वों का भी बोध कराता है। उन्होंने कहा कि किसी भी सशक्त राष्ट्र की नींव उसके जागरूक, अनुशासित और जिम्मेदार नागरिकों से निर्मित होती है। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि संविधान के आदर्शों को केवल पुस्तकों और भाषणों तक सीमित न रखकर अपने व्यवहार और जीवनशैली में आत्मसात करना आवश्यक है।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत प्रभात फेरी एवं सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया, हेलमेट का भी हुआ वितरण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



■ डीटीओ ने प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना, वाहन चालकों से यातायात नियमों के पालन की अपील

मेदिनीनगर : सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को जिले में जागरूकता एवं जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान गिरिवर हाई स्कूल से प्रभात फेरी निकाली गई, जो सदीक चौक, कचहरी चौक, छहमुहान एवं त्रिकोणिया चौक होते हुए गुजरी। जिला परिवहन पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी को रवाना किया और स्वयं भी इसमें शामिल होकर आमजनों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। वहीं, जिले के जोड़ चेक पोस्ट पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान उप परिवहन आयुक्त सह सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार पलामू, जिला परिवहन पदाधिकारी श्री कुमार एवं ट्रैफिक प्रभारी रुद्रानंद सरस द्वारा दोपहिया वाहन चालकों के बीच हेलमेट का वितरण किया गया। जांच अभियान में बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ट्रिपल राइडिंग, मोबाइल पर बात करते हु

एक झलक

तेंबू उरांव बने राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी के गुमला जिला प्रतिनिधि

घाघरा (गुमला) : घाघरा प्रखंड के बदरी गांव निवासी पूर्व जिला परिषद सदस्य तेंबू उरांव को राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी ने गुमला जिला का अपना प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इस संबंध में सांसद की ओर से आधिकारिक पत्र जारी कर उन्हें प्रतिनिधि की जिम्मेदारी सौंपी गई है।मनोनीत होने पर तेंबू उरांव ने राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सांसद द्वारा जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी, निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ करेंगे। उनका प्रयास रहेगा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिले। साथ ही जरूरतमंद ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और उनकी समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने की दिशा में भी कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि जनसेवा उनकी प्राथमिकता रहेगी और क्षेत्र के विकास एवं ग्रामीणों के हित में लगातार प्रयासरत रहेंगे।तेंबू उरांव के राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोनीत होने की खबर से घाघरा क्षेत्र के समाजसेवियों एवं शुभचिंतकों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों में आशीष सोनी, अमित ठाकुर, श्याम किशोर पाठक, बिपिन बिहारी सिंह, लाल साहू सहित कई लोग शामिल हैं ।

संविधान दिवस पर ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट की गुमला जिला इकाई का गठन

अरविंद कच्छप बने अध्यक्ष



गुमला : संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार, 26 नवंबर को ऑल इंडिया क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट की गुमला जिला इकाई का गठन गुमला सर्किट हाउस में किया गया। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजीत तिर्की एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण कच्छप की उपस्थिति में आयोजित बैठक में समाज की एकजुटता, अधिकारों की रक्षा, सामाजिक उत्थान तथा शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।बैठक में सर्वसम्मति से अरविंद कच्छप को गुमला जिला अध्यक्ष, हेमंत कुमार को जिला सचिव एवं फ्रांसिस टोप्पो को उपाध्यक्ष चुना गया। वहीं सेत कुमार एक्का को कोषाध्यक्ष तथा विजय कुमार नायक को सह सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यसमिति सदस्य के रूप में एंथोनी लकड़ा, अजीत सलिल तिर्की, शंकर दयाल बिरजिया, अनिल कुमार लकड़ा, विनोद बड़वा, रोज खाखा, ज्योति मिंज, राजेंद्र किंडो, सलीम टोप्पो, होशियाना तिर्की, विपत केरकेट्टा, प्रेम एक्का सहित अन्य लोगों का चयन किया गया।इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजीत तिर्की ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य ईसाई अल्पसंख्यक समाज को एक मंच पर संगठित करना तथा समाज के लोगों के अधिकार, सम्मान एवं सामाजिक विकास के लिए सामूहिक रूप से कार्य करना है। उन्होंने कहा कि एकजुट एवं जागरूक समाज ही अपनी समस्याओं को मजबूती से उठा सकता है और विकास की दिशा में आगे बढ़ सकता है।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत कोडरमा में निकली जागरूकता प्रभात फेरी, 100 एनसीसी कैडेटों ने लिया हिस्सा

उपायुक्त उत्कर्ष मिश्रा ने हरी झंडी दिखा कर प्रभात फेरी को किया रवाना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कोडरमा : झारखंड सरकार के परिवहन विभाग के सचिव के निर्देश के आलोक में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अवसर पर शुक्रवार को कोडरमा जिले में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी (DTO) विजय कुमार सोनी के कुशल नेतृत्व में प्रातः 8:00 बजे सड़क सुरक्षा जागरूकता प्रभात फेरी निकाली गई।कार्यक्रम में 45 झारखंड बटालियन एनसीसी, कोडरमा के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पारस लिम्बू के मार्गदर्शन में एनसीसी



पदाधिकारी लेफ्टिनेंट संतोष कुमार, ट्रेनिंग JCO राजू तिर्की, सेकंड ऑफिसर अभय नारायण एवं पी. दिलेश्वर बॉया के नेतृत्व में लगभग 100 एनसीसी कैडेटों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ भाग लिया।प्रभात फेरी को जिले के उपायुक्त उत्कर्ष मिश्रा, उप विकास आयुक्त (DDC) रवि जैन, जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी एवं लेफ्टिनेंट संतोष कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रभात फेरी महाराणा प्रताप चौक से प्रारंभ होकर सुभाष चंद्र बोस चौक तक निकाली गई।इस अवसर पर उपायुक्त उत्कर्ष मिश्रा सहित जिले के कई प्रशासनिक पदाधिकारी एवं कर्मचारी भी प्रभात फेरी में शामिल हुए। उपायुक्त महोदय ने एनसीसी कैडेटों एवं छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रत्येक नागरिक को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए। प्रभात फेरी में शामिल एनसीसी कैडेटों एवं छात्र-छात्राओं ने अपने हाथों में सड़क सुरक्षा से संबंधित पोस्टर, बैनर एवं आकर्षक स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर जागरूकता के नारे लगाए। उनके नारों एवं संदेशों ने आम नागरिकों का ध्यान आकर्षित किया। इस दौरान लोगों को हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, यातायात नियमों का पालन करने, तेज गति से वाहन नहीं चलाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सड़क दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक करना तथा यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना था। एनसीसी कैडेटों की अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल और प्रभावशाली बनाया। सड़क सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ प्रभात फेरी का समापन हुआ।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ने बिसनपुर के स्कूल में बच्चों को किया जागरूक

- एलवी राजेश कुमार पंडित ने बताया बाल विवाह के दुष्परिणाम, बच्चों से कहा...कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिले, तो 1098 पर दें सूचना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति पर रोक लगाने के लिए अब बच्चों को ही जागरूकता की मुहिम से जोड़ने की पहल की जा रही है। इसी कड़ी में अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह उन्मूलन दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), गुमला की ओर से राजकीय कृत मध्य विद्यालय बिसनपुर में जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को



बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाने, अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में पीएलवी (पारा लीगल वॉलंटियर) राजेश कुमार पंडित ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक कुरीति नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य, शिक्षा, स्वास्थ्य और स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। अशिक्षा, गरीबी, रूढ़िवादी सोच और सामाजिक दबाव के कारण आज भी कम उम्र में बच्चों की शादी कर दी जाती है, जिसका खामियाजा उन्हें जीवनभर भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि कम उम्र में विवाह होने से विशेषकर बालिकाओं का शारीरिक और मानसिक विकास प्रभावित होता है। उनकी पढ़ाई अधूरी रह जाती है और आत्मनिर्भर बनने का सपना भी टूट जाता है। जिस उम्र में बच्चों के हाथों में किताबें होनी चाहिए, उस उम्र में उन पर शादी और पारिवारिक जिम्मेदारियों का बोझ डालना उनके अधिकारों का हनन है।पीएलवी ने बच्चों से अपील की कि वे बाल विवाह को किसी भी परिस्थिति में सामान्य परंपरा समझकर स्वीकार न करें। यदि परिवार, गांव या आसपास कहीं भी बाल विवाह की तैयारी अथवा घटना की जानकारी मिलती है तो इसकी सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर दें। उन्होंने बच्चों को अपने परिवार और समाज में भी इस कुप्रथा के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।उन्कहोंने स्पष्ट कहा कि बाल विवाह मुक्त समाज का निर्माण बकेवल प्रशासन या कानून डबंभ भरोसे संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भंभबभंभंभढं निभानी होगी। हर बच्चे को सुरक्षित बचपन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सम्मान के साथ जीवन जीने का अधिकार मिलना चाहिए।डालसा के इस अभियान का उद्देश्य बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों एवं संरक्षण संबंधी प्रावधानों की जानकारी देना और बाल विवाह के खिलाफ सामाजिक चेतना विकसित करना था।

कुन्दा स्वास्थ्य केन्द्र में सीएस का औचक निरीक्षण, कई स्वास्थ्य कर्मी मिले अनुपस्थित

चतरा: प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदा में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सिविल सर्जन (सीएस) डॉ सतेंद्र कुमार सिन्हा अचानक निरीक्षण करने पहुंच गए । सीएस के औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य कर्मियों में हलचल मच गई । निरीक्षण के दौरान कई स्वास्थ्य कर्मी अपने कार्यस्थल से अनुपस्थित पाए गए । इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मियों की हाजिरी काट दी और उनसे स्पष्टीकरण की मांग की । इस दौरान सीएस ने ओपीडी, प्रसव गृह, लैब सहित स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न वार्डों का बारीकी से निरीक्षण किया. उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची

सर्वसाधारण के लिए सूचना



नाम–हसीब खान, उम्र–35 वर्ष, उँचाई–5 फीट 2 ईंच, रंग–सॉवला,

उपरोक्त लापता व्यक्ति हसीब खान, उम्र–35 वर्ष, पत्नी सोनी खातून, ग्राम–सोसो, पोस्ट, चन्दवे, थाना–पिठौरिया, जिला–राँची जो दिनांक–27.10.2026 को अपने घर से बगैर बताए कहीं चले गए जो आजतक अपने घर वापस नहीं आए है। जिनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। जिसके संबंध में पिठौरिया थाना सनहा सं0–17/2026, दिनांक–04.11.2026 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता/दिखता है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

(Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)

पुलिस उपाधीक्षक, मु0, प्रथम, राँची। –9431706141
थाना प्रभारी, पिठौरिया, राँची। –9431706186
आवेदिका सोनी खातून। –8084840598

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 394728 Police(26-27)#D

झारखण्ड सरकार
अधीक्षक, मंडल कारा, सिमडेगा
गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
ई0–निविदा सूचना

1.	कारा का नाम	मंडल कारा, सिमडेगा।
2.	विषय	कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलू, फल, चीनी, दुध खाद्य सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई0निविदा का आमंत्रण। प्रथम त्रैमासिक निविदा दिनांक 01.01.2027 से 31.03.2027 तक
3.	निविदा प्रपत्र मूल्य (Non refundable) online स्वीकार की जायेगी।	₹10000.00 (दस हजार) मात्र
4.	Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय	तिथि–01.12.2026 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 16.12.2026 के अपराह्न 04.00 बजे तक।
5.	निविदा Online upload करने की तिथि	तिथि–01.12.2026 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 16.12.2026 के अपराह्न 04.00 बजे तक।
6.	आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample)जमा करने की तिथि	तिथि–17.12.2026 को 10.00 बजे पूर्वाहन से अपराह्न 04.00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा।
7.	अग्रधन राषि (EMD) जमा करने की तिथि	तिथि–01.12.2026 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 16.12.2026 के अपराह्न 04.00 बजे तक। अनुमानित मुल्य का 3% Online जमा करना होगा।
8.	निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान	तिथि– 18.12.2026 को पूर्वाहन 11.00 बजे मंडल कारा, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में अपर समाहर्ता, सिमडेगा की उपस्थिति में।

नोटः–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, सिमडेगा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Hepline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

–ह0–
अधीक्षक,
मंडल कारा, सिमडेगा।

PR 394717 Simdega(26-27)D

झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा कांके की बैठक सम्पन्न

सहदेव सिंह मुंडा बने अध्यक्ष, मुकुल नायक और फलिंदर मुंडा उपाध्यक्ष, रंथू उरांव-अपर्णा बाडा सचिव



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कांके: झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा कांके प्रखंड कमेटी का आज विस्तारित बैठक का आयोजन सुकुरहुटू स्थित धरती आबा बिरसा मुंडा टांड में किया गया. बैठक में कांके प्रखंड कमेटी का गठन किया गया. सहदेव सिंह मुंडा - अध्यक्ष, मुकुल नायक एवं फलिंदर मुंडा उपाध्यक्ष, रंथू उरांव - सचिव,अपर्णा बाडा महासचिव,बैद्यनाथ महतो संगठन सचिव, अरुणा बाडा - कोषाध्यक्ष चुनी गई. इसके अलावा संजय पहान ,दीनदयाल लोहरा,जितेंद्र उरांव रामवृक्ष महतो ,बशारत अंसारी को सदस्य चुना गया । इस मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक प्रधान सचिव पुष्कर महतो व दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल के प्रभारी अंथन लकड़ा, विनीत लकड़ा, अमित पॉल नवनिर्वाचित पदाधिकारी को पुष्पमाला पहनकर स्वागत किया एवं झारखंड आंदोलनकारियों के राजकीय मान सम्मान, अलग पहचान बाल बच्चों एवं आश्रितों के रोजी रोजगार व नियोजन की सौ प्रतिशत गारंटी करने तथा जेल जाने के बाध्यता समाप्त कर सभी को सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रुपया देने की मांग अबुआ सरकार से की गई।

120 साल का गौरवशाली इतिहास : दुल्हन की तरह सज रहा गझंडी स्टेशन, 06 दिसम्बर को होगा भव्य समारोह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरी तिलैया : भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक नई दिल्ली-हावड़ा ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड के परिचालन के 120 वर्ष आगामी 6 दिसंबर को पूरे होने जा रहे हैं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को यादगार बनाने के लिए धनबाद रेल मंडल के अंतर्गत कोडरमा-गया रेलखंड पर स्थित गझंडी रेलवे स्टेशन को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। स्टेशन परिसर में रंग-रोगन, आकर्षक विद्युत सज्जा, साफ-सफाई और अन्य तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आयोजन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए धनबाद रेल मंडल के डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने स्टेशन का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि 6



दिसंबर 2006 को ग्रैंड कॉर्ड रेलखंड के 100 वर्ष पूरे होने पर गझंडी स्टेशन पर भव्य शताब्दी समारोह आयोजित किया गया था। उस कार्यक्रम में पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर के महाप्रबंधक सहित धनबाद, समस्तीपुर, डीडीयू और दानापुर रेल मंडलों के डीआरएम शामिल हुए थे। उस अवसर पर फिल्म 'गदर' में इस्तेमाल किया गया ऐतिहासिक वाष्प इंजन भी गझंडी पहुंचा था, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग जुटे थे। अब 120 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर की महाप्रबंधक डिम्पी गर्ग सहित कई वरिष्ठ रेल अधिकारियों के कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। इस आयोजन को लेकर रेलवे प्रशासन के साथ-साथ स्थानीय लोगों में भी खासा उत्साह है। उम्मीद जताई जा रही है कि इस अवसर पर रेल सुविधाओं के विस्तार और नई रेल सेवाओं को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं हो सकती हैं। इनमें नई दिल्ली-हावड़ा मार्ग पर ट्रेनों की गति 160 किलोमीटर प्रति घंटे तक बढ़ाने, कोडरमा-तिलैया-नवादा-राजगीर रेललाइन के परिचालन तथा हजारीबाग टाउन से नई ट्रेनें शुरू करने जैसी संभावित घोषणाएं शामिल हैं।

मॉडर्न किड्स पैराडाइज में थैंक्सगिविंग डे का भव्य आयोजन, नन्हे बच्चों ने जताया आभार



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरी तिलैया : मॉडर्न किड्स पैराडाइज, झुमरी तिलैया में आज थैंक्सगिविंग डे बड़े ही उत्साह और भावनात्मक माहौल के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अपने शिक्षकों, प्राचार्य, सुरक्षा कर्मी, चालक एवं सभी सहायक कर्मचारियों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की।कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपने हाथों से बनाए गए सुंदर थैंक यू कार्ड सभी को भेंट किए। बच्चों ने अपने शिक्षकों, दीदी, गार्ड अंकल, ड्राइवर अंकल और विद्यालय के सभी कर्मचारियों को कार्ड देकर कहा – थैंक यू, आपके प्यार और मेहनत के लिए दिल से धन्यवाद। बच्चों ने कृतज्ञता का अर्थ समझते हुए यह सीखा कि हमें अपने माता-पिता, शिक्षकों और हमारे आसपास हमारी मदद करने वाले हर व्यक्ति का हमेशा आभारी रहना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका संगीता शर्मा ने कहा – थैंक्सगिविंग सिर्फ एक दिन का उत्सव नहीं है, यह एक संस्कार है। हम चाहते हैं कि हमारे बच्चे बचपन से ही धन्यवाद कहना सीखें। जो बच्चा आज कृतज्ञता व्यक्त करना सीखेगा, वही कल एक अच्छा और संवेदनशील इंसान बनेगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला का अल्पायु व जबरन विवाह उन्मूलन पर चला जागरूकता अभियान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : बाल, अल्पायु एवं जबरन विवाह उन्मूलन हेतु अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार झालसा रांची के निदेर्शानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-



अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला श्री अजीत कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार (DLSA), गुमला द्वारा जिले के विभिन्न प्रखंडों के विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आमजनों को बाल विवाह, अल्पायु विवाह तथा जबरन विवाह के दुष्परिणामों और इससे संबंधित कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन तथा समाज के विभिन्न वर्गों तक जागरूकता का संदेश पहुंचाने के लिए पैरा लीगल वॉलंटियर्स (PLVs), शिक्षकों एवं अन्य संबंधित हितधारकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई।

कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्
झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा
Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

पत्रांक : ..... **शुद्धि पत्र (Corrigendum)** दिनांक : .....

नगर परिषद झुमरी तिलैया अन्तर्गत आमंत्रित अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती आम सूचना पत्रांक 7302 दिनांक 13.11.2026 (PR No 393920 Urban Development 2026-27:D) में आंशिक संशोधन करते हुए निम्नलिखित तालिका अनुरूप यथा संशोधित किया जाता है:–

कम सं0	पूर्व प्रकाशन	संशोधन
1	आवेदन पत्र कार्यालय से प्राप्त की तिथि – 26.11.2026	आवेदन पत्र कार्यालय से प्राप्त की तिथि – 04.12.2026
2	आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की तिथि – 27.11.2026	आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की तिथि – 05.12.2026
3	डाक की तिथि – 28.11.2026	डाक की तिथि – 07.12.2026

शेष सभी शर्तें एवं समय यथावत रहेंगे।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी
झुमरी तिलैया नगर परिषद

PR 394741 Urban Development(26-27)#D

अर्जुन मुंडा के जमशेदपुर स्थित घोड़ाबांधा आवास पहुंचे मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन

पूर्व मुख्यमंत्री की स्मृति शेष माता स्व. सायरा मुंडा को सीएम ने दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

- शोकाकुल परिवारजनों को बंधाया ढाढ़स

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची/जमशेदपुर : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन शुक्रवार को जमशेदपुर के घोड़ाबांधा स्थित झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुण्डा के आवास पहुंचे और उनके स्मृति शेष माताजी स्व. सायरा मुण्डा के चित्र पर पुष्पांजलि कर श्रद्धासुमन अर्पित की। मुख्यमंत्री के साथ उनकी धर्मपत्नी कल्पना सोरेन भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने



ईश्वर से दिवंगत पुण्यात्मा की शांति और श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। साथ ही, उन्होंने अर्जुन मुण्डा एवं उनके शोक संतप्त परिवारजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दुःखद घड़ी में उन्हें धैर्य, साहस व सम्बल प्रदान करने की कामना की। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को जमशेदपुर के घोड़ाबांधा स्थित हैलिपैड पहुंचने पर स्थानीय प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। साथ ही, उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक एवं स्थानीय प्रशासन के अन्य पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग

ई– अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा सं0 :– RDSPL/SD/HZB/47/2026-27

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

ग्रुप सं0	आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या	प्रखण्ड	योजना का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1.	RDSPL/SD/HZB/47/2026-27	चलकुशा	Renovation of staff Quarter of Chalkusha Block.	17309500.00	346200.00	10000.00	12 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 04.12.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 04.12.2026 से दिनांक 18.12.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –18.12.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9934523795
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,हजारीबाग

PR 394745 Rural Development(26-27).D

एक झलक

जनता दरबार में एडीएम ने सुनी आमजनों की फरियाद त्वरित निष्पादन के दिये निर्देश

धनबाद : जिले के आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर आयोजित जनता दरबार में एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अरविंद कुमार ओझा ने विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान लोगों ने अपनी व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं से उन्हें अवगत कराते हुए समाधान की गुहार लगायी। जनता दरबार में सबसे अधिक शिकायतें जमीन विवाद, दाखिल-खारिज, सरकारी जमीन पर अतिक्रमण और अवैध कब्जे से संबंधित सामने आईं। इसके अलावा छात्रवृत्ति की राशि लंबित रहने के कारण शैक्षणिक प्रमाण पत्र रोके जाने, अबुआ आवास का लाभ नहीं मिलने, बिजली का पुनः कनेक्शन नहीं दिए जाने तथा स्कूलों में नामांकन से जुड़ी समस्याएं भी लोगों ने रखीं। एडीएम ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवेदन सौंपते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा, ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। जनता दरबार के माध्यम से लोगों को प्रशासन के समक्ष सीधे अपनी बात रखने का अवसर मिला।

कोयले के साथ हाइवा में लोड होकर साइडिंग पहुंचा युवक का शव

बाघमारा (धनबाद) : बीसीसीएल ब्लॉक-2 क्षेत्र की बेनीडीह मेन रेल साइडिंग में शुक्रवार सुबह उस समय अफरातफरी मच गई, जब कोयला उतारने के दौरान ढेर के बीच से एक युवक का शव बरामद हुआ। आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत नदखुरकी कोलडंप में कोयला उठाने के दौरान डोजर की चपेट में आने से हुई। इसके बाद शव कोयले के साथ हाइवा में लोड होकर साइडिंग तक पहुंच गया। मृतक की पहचान भीमकनाली निवासी सुनील रवानी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सुनील शुक्रवार तड़के बाइक से नदखुरकी कोलडंप कोयला लेने पहुंचा था। इसी दौरान अंधेरे में कोयला उठाने के काम में लगा डोजर उसकी चपेट में आ गया। आशंका है कि हादसे के बाद युवक का शव कोयले के साथ हाइवा में लोड हो गया। हाइवा जब बेनीडीह रेल साइडिंग पहुंचा और कोयला अनलोड किया गया, तब शव भी नीचे गिर पड़ा। मजदूरों की नजर शव पर पड़ते ही हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और सीआईएसएफ के जवान मौके पर पहुंचे। परिजन भी घटनास्थल पर पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई। पुलिस कोलडंप से लेकर साइडिंग तक पूरे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। साथ ही डोजर संचालन और सुरक्षा व्यवस्था में संभावित लापरवाही की भी जांच की जा रही है।

दो मिठाई दुकानों में खाद्य सुरक्षा विभाग की छापेमारी गंदगी मिलने पर नोटिस

सिन्दरी (धनबाद) : खाद्य पदार्थों में मिलावट और साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को धनबाद जिला खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सिंदरी के शहरपुरा मार्केट स्थित दो मिठाई दुकानों में औचक छापेमारी की। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजा कुमार के नेतृत्व में पहुंची टीम ने दुकानों की साफ-सफाई और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान दोनों दुकानों में गंदगी मिलने पर संचालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए नोटिस जारी किया गया। जांच के दौरान बंगाल स्वीट्स की रसोई में चूल्हे और स्टोर रूम के आसपास गंदगी का अंबार मिला। टीम ने दुकानदार को तत्काल साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही दुकान से रसगुल्ला, कलाकंद समेत अन्य मिठाइयों के नमूने जांच के लिए जब्त किये गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजा कुमार ने बताया कि मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच कराई जायेगी। जांच रिपोर्ट में मिलावट की पुष्टि होने पर संबंधित दुकानदारों के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खाद्य पदार्थों में मिलावट और स्वच्छता के मानकों की अनदेखी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। छापेमारी दल में राहुल कुमार, राहुल कुमार पासवान और सेफ्टी ऑफिसर शुभम कुमार शामिल थे।

सदर अस्पताल में एक करोड़ की लागत से सड़क, पार्किंग शेड, स्ट्रीट लाइट और फूलों की क्यारी का किया उद्घाटन

शिक्षा और नागरिक सुविधाओं को मिलेगी मजबूती

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : धनबाद विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा और नागरिक सुविधाओं के विस्तार की दिशा में शुक्रवार को विधायक राज सिन्हा ने कई विकास योजनाओं की शुरूआत की। उन्होंने क्षेत्र के सात स्थानों पर विद्यालय भवन एवं सामुदायिक शौचालय निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। वहीं, डीएमएफटी फंड से सदर अस्पताल परिसर में एक करोड़ रुपये की लागत से विकसित सुविधाओं का फीता काटकर उद्घाटन किया। विधायक निधि से नौ लाख रुपये की लागत से हीरापुर स्थित विवेकानंद चौक के समीप सामुदायिक शौचालय का निर्माण



कराया जाएगा। इसके अलावा पार्क मार्केट, हीरापुर में भी शौचालय निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। वहीं, सदर अस्पताल के समीप, सीसीडब्ल्यूओ सरायढेला, मिडिल स्कूल धैया, मिडिल स्कूल भूली डी-ब्लॉक, उर्दू स्कूल वासेपुर और मटकुरिया अपग्रेड आदिवासी विद्यालय में निर्माण कार्यों की आधारशिला रखी गई। इधर, डीएमएफटी फंड से सदर अस्पताल के पुराने मुख्य द्वार से अस्पताल तक सड़क, पार्किंग शेड, स्ट्रीट लाइट, ड्रेनेज और फूलों की क्यारियों के निर्माण से जुड़ी सुविधाओं का उद्घाटन किया गया। इस पर लगभग एक करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इस मौके पर विधायक राज सिन्हा ने कहा कि विकास का उद्देश्य केवल सड़क और भवन बनाना नहीं, बल्कि आम लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। विद्यालयों में आधारभूत संरचना मजबूत होने से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। वहीं, बाजार और सार्वजनिक स्थलों पर शौचालय निर्माण से विशेषकर महिलाओं को सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को सुनना और विकास योजनाओं को धरातल पर उतारना उनकी प्राथमिकता है। धनबाद के विकास की यह यात्रा आगे भी जारी रहेगी। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद थे।

बारामुड़ी खटाल का मुद्दा विधानसभा में गूंजा, विस्थापितों को पट्टे की जगी उम्मीद

बाघमारा (धनबाद) : धनबाद के बारामुड़ी खटाल में बसे विस्थापित परिवारों को भूमि आवंटन और पट्टा मिलने की उम्मीद जगी है। 21 वर्षों से लंबित इस मामले के विधानसभा में उठने के बाद विस्थापितों में नई आस बंधी है। शुक्रवार को नवागढ़ स्थित अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता कर समाजसेवी कारू यादव ने इसे मीडिया और धनबाद की जनता के सामूहिक संघर्ष की जीत बताया। उन्होंने कहा कि चार नवंबर को आयोजित गरीब आशियाना बचाव रैली का सकारात्मक असर अब दिखने लगा है। रैली में जिले के सभी वर्गों और समुदायों के लोगों ने एकजुट होकर भाग लिया था। यह किसी एक समाज का नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के आशियाने से जुड़ा मुद्दा है। कारू यादव ने कहा कि बारामुड़ी में जिन परिवारों को आज अतिक्रमणकारी बताया जा रहा है, उन्हें करीब 21 साल पहले तत्कालीन उपायुक्त बीला राजेश के कार्यकाल में बसाया गया था। उस समय भूमि की बंदोबस्ती और बिजली सहित अन्य सुविधाएं देने का



आश्वासन मिला था। आज परिवार बिजली बिल और होल्डिंग टैक्स जमा कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें अतिक्रमणकारी कहना उचित नहीं है। उन्होंने धनबाद विधायक राज सिन्हा पर इस मुद्दे को नहीं उठाने का आरोप लगाया और देवघर विधायक सुरेश पासवान तथा पूर्णिया सांसद पप्पू यादव की सराहना की। 25 नवंबर को सुरेश पासवान ने विधानसभा में विस्थापितों को भूमि आवंटित करने की मांग उठाई थी। कारू यादव ने सरकार से जल्द निर्णय लेने की मांग करते हुए मीडिया, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो और सुरेश पासवान के प्रति आभार जताया। प्रेस वार्ता में बिनोद ठाकुर, रॉकी मोदक, जयप्रकाश यादव, राजकुमार यादव, संजीव मोदक सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

धनबाद में 1667 परिवारों को मिला पक्के घर का तोहफा, गृह प्रवेश सप्ताह में खुशियों से रौशन हुए गरीबों के आशियाने

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : झारखंड स्थापना दिवस पखवाड़ा के तहत जिले में चल रहे गृह प्रवेश सप्ताह से हजारों परिवारों का पक्के मकान का सपना साकार हो रहा है। जिला प्रशासन की ओर से 15 से 28 नवंबर तक जिले के सभी प्रखंडों में विशेष अभियान चलाकर विभिन्न आवास योजनाओं के तहत बनकर तैयार घरों में लाभुकों का विधिवत गृह प्रवेश कराया जा रहा है। अभियान के तहत 15 से 27 नवंबर तक जिले में कुल 1667 परिवारों को नए घर में प्रवेश कराया जा चुका है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर संचालित इस अभियान का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराना है। इसके तहत



प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के लाभुकों को लाभ मिल रहा है। गृह प्रवेश के साथ लाभुकों के परिवारों में उत्साह और खुशी का माहौल है। जिला प्रशासन शेष आवासों में भी 28 नवंबर तक गृह प्रवेश की प्रक्रिया पूरी कराने में जुटा है। यह अभियान जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक जीवन की नई शुरूआत देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो रहा है।

नवोदय मॉक टेस्ट में 21 स्कूलों के विद्यार्थियों ने दिखाया दम



बाघमारा (धनबाद) : जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा से पूर्व शुक्रवार को अंगारपथरा स्थित संकल्प एजुकेशन में जय धरती मां फाउंडेशन के तत्वावधान में मॉक टेस्ट आयोजित किया गया। इसमें कतरास और राजगंज क्षेत्र के 21 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। ओएमआर शीट पर हुई परीक्षा में 80 प्रश्नों के लिए 100 अंक निर्धारित थे। इसमें मानसिक योग्यता, पर्यावरण, गणित और भाषा के 20-20 प्रश्न शामिल थे। परीक्षा में अनिकेत मुर्मू, अल्तमस सुफियान, अयान कुमार विश्वकर्मा, प्रियांशु मुर्मू और आलोक महतो ने 97.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया। किंजल कुमारी, सौम्या कुमारी और आरुषि कुमारी ने 96.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। संकल्प एजुकेशन के निदेशक सह जिला सचिव सहदेव महतो ने विद्यार्थियों को तनावमुक्त रहकर परीक्षा देने, पर्याप्त नींद लेने और पहले आसान प्रश्न हल करने की सलाह दी।

2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का संकल्प कतरास समेत दर्जनों गांवों में निकला कैंडल मार्च



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा (धनबाद) : बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने और लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विश्व बाल विवाह निषेध दिवस पर झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की ओर से कतरास सहित आसपास के दर्जनों गांवों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न गांवों में कैंडल मार्च निकालकर ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। उदलबनी, जमुवाटांड़, लालचक, फुलवार, कोड़ाडीह, श्यामडीह, कोलमूरना, सेनीडीह, टुंडू और चिटाही सहित कई गांवों में महिला कार्यकताओं, किशोरियों और ग्रामीणों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर मार्च निकाला। इस दौरान बाल विवाह मुक्त गांव और बाल विवाह मुक्त भारत बनाने का संकल्प लिया गया। ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कहा कि बाल विवाह बच्चों के बचपन, शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य के अधिकारों का हनन है। इसका सबसे अधिक प्रतिकूल प्रभाव बेटियों की शिक्षा और शारीरिक एवं मानसिक विकास पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह रोकना केवल सरकार या संस्थाओं की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज का सामूहिक दायित्व है। उन्होंने ग्रामीणों और अभिभावकों से अपील की कि नाबालिगों की शादी की जानकारी मिलने पर चुप न रहें, बल्कि तत्काल प्रशासन और पुलिस को सूचित करें। उन्होंने वर्ष 2030 तक बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को पूरा करने के लिए जनभागीदारी पर जोर दिया। मौके पर दीपा रवानी, पूजा कुमारी, आशा महतो, लक्ष्मी देवी सहित दर्जनों महिला कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

एक्सआईएसएस में 'मैक्सफेस्ट 5.0' का आयोजन



रांची : जेवियर इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल सर्विस (एक्सआईएसएस) में 'मैक्सफेस्ट 5.0'(इंटर बी-स्कूल फेस्ट) का आयोजन मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम और मार्कबज क्लब नेस्टार्टअप झारखंडके सहयोग सेशुक्रवार को अपने कैंपस में किया। इस फेस्ट में आईआईएमरांची, बीआईटी मेसरा, एमिटी यूनिवर्सिटी, सरला बिड़ला यूनिवर्सिटी, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (तिरुचिरापल्ली), नेशनल एकेडमी ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च मैनेजमेंट (हैदराबाद), सेंट जेवियर्स कॉलेज, मारवाड़ी कॉलेज, केजरीवाल कॉलेज और एक्सआईएसएस रांची के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। पूरे दिन चले इस फेस्ट में कई रोमांचक प्रतियोगिताएं हुईं। दिन की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन समारोह के साथ हुई। इसमें सहायक निदेशक,डॉ प्रदीप केरकेट्टा एसजे, डीन (एकेडमिक्स) डॉ अमर तिग्गा, फाइनेंस ऑफिसर, फादर अशोक कंडुलना, मार्केटिंग मैनेजमेंट प्रोग्राम्स के हेड, डॉ बी.पी. महापात्रा और अन्य प्रोग्राम हेड्स शामिल हुए। एक्सआईएसएसऔर अन्य कॉलेजों के छात्रों की मौजूदगी में हुए इस समारोह में ईश्वर का आशीर्वाद लिया गया। संस्थान के निदेशक, डॉ. जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने एक विशेष वीडियो संदेश के जरिए छात्र आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्रों ने 'मैक्सफेस्ट' की योजना बनाकर और उसे सफलतापूर्वक आयोजित करके मैनेजमेंट के सिद्धांतों को असल जिंदगी में उतारने का काम किया है। उनके प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा, यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि सभी ने टीम वर्क, आपसी तालमेल और चुनौतियों से निपटने की क्षमता दिखाई है - जो एक अच्छे मैनेजर के लिए बहुत जरूरी गुण हैं। टीम वर्क के बिना आप आगे नहीं बढ़ पाएंगे; भविष्य में आप जिन कंपनियों या संगठनों में काम करेंगे, वहां टिके रहने के लिए टीम वर्क बहुत जरूरी है।

स्थापना दिवस पखवाड़ा पर समाहरणालय में रक्तदान शिविर, डीडीसी समेत कई अधिकारियों ने किया रक्तदान

धनबाद : झारखंड स्थापना दिवस पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को समाहरणालय परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ओर से आयोजित शिविर में जिला प्रशासन के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर का उद्घाटन उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने स्वयं रक्तदान कर दूसरों को भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया। शिविर में अपर समाहर्ता प्रदीप कुमार शुक्ला, जिला आपूर्ति पदाधिकारी पंकज कुमार सहित विक्रम कुमार पांडेय, अंशु देव, राम बिलास राम, दिनेश प्रसाद वर्मा, संतोष कुमार, ईशान राठौर और रवि कुमार समेत कई कर्मियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

बंद आवास का ताला तोड़ कर सामान की चोरी, रात्रि गश्त पर उठे सवाल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झरिया (धनबाद) : झरिया थाना क्षेत्र के भगतडीह स्थित ऐना कोलियरी में चोरों ने एक बार फिर बंद आवास को निशाना बनाते हुए हजारों रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। गुरुवार की देर रात चोरों ने अन्ना देवी के बंद आवास का ताला तोड़कर घर में रखे कीमती सामानों की चोरी कर ली। बताया जाता है कि आवास पिछले तीन दिनों से बंद था। इसी का फायदा उठाकर चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। गृहस्वामी अन्ना देवी ने बताया कि चोर घर से करीब 20 हजार रुपये मूल्य के कांसे के बर्तन, चांदी की चार चेन और दो जोड़ी पायल चोरी कर ले गए हैं। चोरी गए चांदी के आभूषणों का कुल वजन करीब 250 ग्राम बताया गया है। गृहस्वामी के अनुसार चोरी गए सामानों की कुल कीमत लगभग 60 हजार रुपये आंकी जा रही है।
घटना की जानकारी अन्ना देवी को उनके पोते ने फोन पर दी। स्थानीय



निवासी रोहित चंद्र ने बताया कि इस आवास में पहले भी चोरी हो चुकी है। उस दौरान चोर मोबाइल, टीवी और जरूरी दस्तावेज लेकर फरार हो गए थे। बार-बार चोरी की घटनाएं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी है। लोगों ने पुलिस की रात्रि गश्ती पर सवाल उठाते हुए कहा कि इलाके में नियमित गश्ती नहीं होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से नियमित रात्रि गश्ती कराने और चोरों पर अंकुश लगाने की मांग की है। समाचार लिखे जाने तक थाने में लिखित शिकायत नहीं दी गई थी।

बीसीसीएल क्वार्टर का ताला तोड़ कब्जा, सामान गायब करने का आरोप

झरिया (धनबाद) : झरिया थाना क्षेत्र के भालगोरा ताराबागान स्थित बीसीसीएल कॉलोनी में क्वार्टर पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक महिला के बंद क्वार्टर का ताला तोड़कर उस पर कब्जा कर लिया गया और घर में रखे सामान भी गायब कर दिए गए। विरोध करने पर महिला और उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के बाद से मां-बेटे दहशत में हैं और अपने ही घर के बाहर रहने को मजबूर हैं। पीड़िता रानी देवी ने झरिया थाना में लिखित शिकायत देकर महेंद्र रविदास के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। रानी देवी के अनुसार, उनके पति बड़कू मांझी बीसीसीएल के बोरागढ़ क्षेत्र में कार्यरत थे। पति के निधन के बाद पुत्र की नौकरी से संबंधित कागजी प्रक्रिया के लिए उन्हें कार्यालय और अपने पैतृक गांव जमुई आना-जाना पड़ता था। इसी क्रम में दुगार्पूजा के दौरान वह परिवार के साथ जमुई गई थीं। रानी देवी का आरोप है कि 20 नवंबर को लौटने पर देखा कि क्वार्टर का ताला टूटा हुआ है और महेंद्र रविदास ने उस पर कब्जा कर लिया है। घर में रखा सामान भी गायब था। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए मां-बेटे को जान से मारकर फेंक देने की धमकी दी। साथ ही दबंग लोगों का संरक्षण होने की बात कहकर डराया। पीड़िता का कहना है कि भय के कारण शिकायत करने में भी विलंब हुआ। फिलहाल वह अपने पुत्र प्रमोद के साथ क्वार्टर के बाहर रहने को मजबूर हैं। उन्होंने पुलिस से सुरक्षा और अपना आवास वापस दिलाने की गुहार लगाई है। इधर मामले में पक्ष जानने के लिए राजापुर कोलियरी के पीओ से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

राजकमल में संविधान दिवस मनाया गया

- संविधान को जानें एवं आत्मसात करें : सुमंत कुमार मिश्रा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : राजकमल सरस्वती विद्या मंदिर अशोकनगर धनसार धनबाद में 26 नवम्बर गुरुवार को संविधान दिवस मनाया गया, जिसमें विद्यालय के लगभग 4000 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया एवं संविधान रक्षा की शपथ ली। छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य सुमंत कुमार मिश्रा ने कहा कि संविधान लोकतंत्र की आत्मा है। भारत का संविधान विश्व के सभी देशों के संविधान से



सशक्त एवं विचारणीय है। मैं तो कहता हूं कि आप सभी संविधान को जाने एवं उसे आत्मसात करें। प्राचार्य श्री मिश्रा ने यह भी कहा कि संविधान में दिये गये अधिकार एवं कर्तव्य को हर किसी को जानना आवश्यक है। इस अवसर पर सामाजिक विज्ञान के शिक्षक विभाष कुमार ने संविधान के ऊपर तथ्यात्मक उद्बोधन से बच्चों को मंत्र मुक्त कर दिया। हिन्दी के शिक्षक राकेश कुमार मिश्रा ने उद्देशिका की शपथ दिलायी। मौके पर प्राचार्य सुमन्त कुमार मिश्रा, उप प्राचार्य मनोज कुमार, उप प्राचार्या लीला सिंह एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

धूमधाम से मना कुमार जयमंगल सिंह का जन्मदिन, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काटा केक

जोड़ापोखर (धनबाद) : बेरमो के विधायक एवं राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के अध्यक्ष कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप



सिंह का जन्मदिन शुक्रवार को जोड़ापोखर स्थित उनके आवासीय कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने केक काटकर विधायक की लंबी उम्र और बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर जन्मदिन की खुशियां साझा कीं। मौके पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सतपाल सिंह ब्रोका ने विधायक को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि अनूप सिंह हमेशा शोषितों, पीड़ितों और मजदूरों के अधिकारों के लिए मुखर रहे हैं। जनसेवा को अपना दायित्व मानकर वे आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास करते हैं। मजदूरों के हितों की रक्षा और जनकल्याण के मुद्दों पर उनकी सक्रियता ने लोगों के बीच अलग पहचान बनाई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि विधायक भविष्य में भी इसी समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ जनसेवा करते रहेंगे। कार्यक्रम में अरुण डरावनी, पप्पू सिंह, संतोष सिंह, नमिता दास, रतन दास, श्यामल चटर्जी, भोला पासवान, नीतू मोदक, जीतू मोदक, सनी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

डीएवी बनियाहीर में हिन्दी क्विज प्रतियोगिता आयोजित, विद्यार्थी सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अलकडीहा (धनबाद) : राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार और विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से शुक्रवार को लोदना क्षेत्र के डीएवी बनियाहीर में हिंदी क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई।



निदेशक (मानव संसाधन) के निदेशानुसार प्रत्येक माह राजभाषा से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करने की कड़ी में यह आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक (वित्त) हरिपद दीक्षित का स्वागत प्रबंधक (मानव संसाधन) धर्मेंद्र ने पुस्तक एवं पौधा भेंट कर किया। दीक्षित ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। उन्हें राजभाषा हिंदी के महत्व को समझना चाहिए और इसके प्रचार-प्रसार में योगदान देना चाहिए। प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को क्षेत्रीय प्रबंधक (प्रशासन) अमित कुमार गुप्ता ने पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। राजभाषा पखवाड़ा-2026 में प्रथम स्थान पर अक्षत, निशांत, रोशनी व श्रद्धा, द्वितीय स्थान पर दिव्यांश, पिंकी, मुस्कान, सिमरन व सोनाक्षी तथा तृतीय स्थान पर विधि, रिया, मो. वरजान व आयुष रहे। शिवम कुमार और अब्दुल मन्नान को प्रोत्साहन पुरस्कार मिला। 12वीं बोर्ड परीक्षा में हिंदी में सर्वाधिक अंक लाने वाली रिया कुमारी और पुष्पक राज को मेडल, नकद राशि एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन विश्वनाथ धीबर एवं रोशन कुमार शर्मा ने किया।

अड्डेबाजी के खिलाफ धनबाद पुलिस का जिलेभर में अभियान, 78 लोग हिरासत में

- सुनसान इलाकों, स्कूल परिसरों और पार्कों में की गयी छापेमारी
- सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीनेवालों पर भी कार्रवाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : जिले में अड्डेबाजी और असामाजिक गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए धनबाद पुलिस ने गुरुवार की देर शाम व्यापक स्तर पर विशेष अभियान चलाया। एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में एक साथ की गई कार्रवाई के दौरान अड्डेबाजी करते हुए 78 लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से विभिन्न इलाकों में अनावश्यक जमावड़ा लगाने वालों में हड़कंप मच गया। अभियान के तहत पुलिस टीमों ने



सुनसान स्थानों, स्कूल परिसरों, पार्कों, खेल मैदानों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विशेष निगरानी रखी। यहां बेवजह जमावड़ा लगाकर अड्डेबाजी करने वाले लोगों को हिरासत में लेकर थाने लाया गया। उनसे पूछताछ करने के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई। पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर खुलेआम शराब पीने वालों के खिलाफ भी अभियान चलाया। जांच के दौरान विभिन्न जगहों पर शराब का सेवन करते पकड़े गए लोगों पर कार्रवाई की गई। अभियान की कमान संबंधित थाना प्रभारियों ने संभाली, जबकि डीएसपी स्तर के अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी की। पुलिस का उद्देश्य असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण के साथ महिलाओं, छात्राओं और आम नागरिकों के लिए सुरक्षित माहौल तैयार करना है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर अड्डेबाजी, शराबखोरी और संदिग्ध गतिविधियों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

टेक्निकल सेल की मदद से कुख्यात अपराधी विजय महतो गिरफ्तार, बीबीएम कॉलेज के पास पुलिस ने की घेराबंदी

सिन्दरी (धनबाद) : सिन्दरी पुलिस ने टेक्निकल सेल की मदद से फरार चल रहे कुख्यात अपराधी विजय महतो को शुक्रवार को बीबीएम कॉलेज, बलियापुर के समीप गिरफ्तार कर लिया। एसडीपीओ सिंदरी प्रकाश चंद्र महतो और निरीक्षक सह सिंदरी थाना प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने यह कार्रवाई की। थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि 13 नवंबर को इमली बस्ती में मोटरसाइकिल चोरी की घटना के दौरान विजय महतो रंगेहाथ पकड़ा गया था। इस दौरान उसका एक साथी विजय महतो पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। फरार आरोपी बलियापुर थाना क्षेत्र के कालीपुर का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, फरार विजय महतो बलियापुर थाना क्षेत्र में हुई डकैती, चोरी और मारपीट समेत कई आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। इसी क्रम में टेक्निकल सेल की मदद से उसके मोबाइल लोकेशन का पता लगाया गया। लोकेशन मिलने के बाद पुलिस टीम ने बीबीएम कॉलेज के आसपास घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पुलिस अब उससे पूछताछ कर उसके आपराधिक नेटवर्क और अन्य मामलों में संलिप्तता की जानकारी जुटा रही है।

अक्टूबर में 12 मामलों में 29 अभियुक्त दोषी, चार को उम्रकैद



धनबाद : धनबाद व्यवहार न्यायालय ने अक्टूबर 2026 में विभिन्न आपराधिक मामलों की सुनवाई करते हुए 12 मामलों में 29 अभियुक्तों को दोषी करार दिया। इनमें चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई, जबकि दो को तीन वर्ष तक और 23 अभियुक्तों को दो वर्ष या उससे कम अवधि के कारावास से दंडित किया गया। न्यायालय की मासिक प्रतिवेदन रिपोर्ट के अनुसार, दोषसिद्धि के मामलों में हत्या, मारपीट, छेड़खानी, दंगा, जालसाजी, गबन, शस्त्र अधिनियम और जुआ अधिनियम से जुड़े मामले शामिल हैं। हत्या के दो मामलों में चार, मारपीट के एक मामले में दो और छेड़खानी के दो मामलों में चार अभियुक्त दोषी पाए गए। शस्त्र अधिनियम के दो मामलों में दो तथा जुआ अधिनियम के एक मामले में पांच अभियुक्तों को सजा मिली। इसके अलावा विविध श्रेणी के तीन मामलों में 10 अभियुक्त दोषी करार दिये गये। वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि अपराध नियंत्रण के साथ दोषियों को सजा दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है। इसके लिए वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य संकलन, गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान और समय पर आरोप पत्र दाखिल करने पर जोर दिया जा रहा है। गंभीर मामलों की लगातार समीक्षा की जा रही है।

एक झलक

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की गरिमामयी उपस्थिति में चतरा मंडल कारा का निरीक्षण

चतरा : चतरा मंडल कारा में सुरक्षा व्यवस्था एवं बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से करा के सरकारी परिदर्शक जिनमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चतरा शंभू लाल शॉ की गरिमामयी उपस्थिति में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अनिमेष नैथानी द्वारा मंडल कारा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारा परिसर की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, प्रवेश एवं निकास नियंत्रण, प्रहरी की तैनाती, साफ-सफाई, बंदियों के आवासन, भोजन, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया।
इस क्रम में कारा में स्थापित सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता की जांच की गई तथा सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर सतत निगरानी सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए रखने के लिए नियमित पेट्रोलिंग, आगंतुकों की समुचित जांच एवं आवश्यक रजिस्टरों के नियमित संधारण को लेकर भी निर्देश दिए गए। बंदियों के आवासन से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान वार्डों की साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश एवं वेंटिलेशन, स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता तथा गुणवत्तापूर्ण भोजन की व्यवस्था का जायजा लिया गया। वहीं स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत नियमित चिकित्सकीय जांच, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों की भी समीक्षा की गई।
निरीक्षण के दौरान कारा की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं तथा किसी प्रकार की अनियमितता अथवा आपत्तिजनक स्थिति सामने नहीं आई। इस दौरान कारा प्रशासन को वर्तमान व्यवस्थाओं को बनाए रखने के साथ-साथ सुरक्षा एवं बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की नियमित निगरानी करने तथा आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया गया, ताकि कारा का संचालन सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं मानवीय दृष्टिकोण के अनुरूप सुनिश्चित किया जा सके।

कुंदा स्वास्थ्य केन्द्र में सीएस का औचक निरीक्षण, कई स्वास्थ्य कर्मी मिले अनुपस्थित

चतरा : प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुंदा में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सिविल सर्जन (सीएस) डॉ सतेंद्र कुमार सिन्हा अचानक निरीक्षण करने पहुंच गए. सीएस के औचक निरीक्षण से स्वास्थ्य कर्मियों में हलचल मच गई.निरीक्षण के दौरान कई स्वास्थ्य कर्मी अपने कार्यस्थल से अनुपस्थित पाए गए.इस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मियों की हाजिरी काट दी और उनसे स्पष्टीकरण की मांग की । इस दौरान सीएस ने ओपीडी, प्रसव गृह, लैब सहित स्वास्थ्य केंद्र के विभिन्न वार्डों का बारीकी से निरीक्षण किया. उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और केंद्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया.वहीं स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई की कमी देखकर संबंधित कर्मियों को फटकार लगाई और नियमित रूप से साफ-सफाई बनाए रखने का सख्त निर्देश दिया ।

श्रीलंका ने सेमीफाइनल में तोड़ा इंडिया ए का सपना, 42 ओवर में चेज किया 318 रन का टारगेट

एजेंसी

दोहा : श्रीलंका ए ने एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2026 के पहले सेमीफाइनल में भारत ए को आठ विकेट से करारी शिकस्त देकर फाइनल में जगह बना ली। भारत ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 317 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका ए ने सलामी बल्लेबाजों के शानदार शतकों की बदौलत 41.3 ओवर में ही दो विकेट खोकर 318 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया। इस हार के साथ भारतीय टीम का टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया। श्रीलंका ए अब रविवार को होने वाले फाइनल में पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेगी।



अभिषेक और तिलक के अर्द्धशतक

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत ए को वैभव सूर्यवंशी और अभिषेक शर्मा ने तेज शुरूआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 48 गेंदों में 80 रन जोड़े। वैभव 27 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 40 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद कप्तान तिलक वर्मा ने अभिषेक के साथ दूसरे विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी की। अभिषेक ने 63 गेंदों में 12 चौकों की मदद से 78 रन बनाए, जबकि तिलक ने 66 गेंदों पर 53 रन की पारी खेली। दोनों के आउट होने के बाद भारतीय पारी लड़खड़ा गई और 235 रन तक छह विकेट गिर गए। ऐसे मुश्किल समय में शाहबाज अहमद ने मोर्चा संभाला। उन्होंने 48 गेंदों में चार छक्कों की मदद से नाबाद 54 रन बनाए। तनुष कोटियान ने 28 रन का योगदान दिया। दोनों ने सातवें विकेट के लिए 55 गेंदों में 73 रन जोड़कर भारत को 317 रन तक पहुंचाया। श्रीलंका की ओर से रविंदु फर्नांडो, जनिथ लियानागे और निपुण धनंजय ने दो-दो विकेट लिए, जबकि गरुका संकेत और लाहिरू समराकून को एक-एक सफलता मिली।

श्रीलंकाई सलामी बल्लेबाजों के शतकों ने पलटा मैच

318 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका ए की टीम ने भारतीय गेंदबाजों को कोई मौका नहीं दिया। लसिथ क्रूसपुले और सिनेथ जयवर्धने ने पहले विकेट के लिए 174 रन की शानदार साझेदारी कर जीत की नींव रखी। क्रूसपुले ने 107 गेंदों में 12 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 116 रन बनाए। वहीं, जयवर्धने ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 70 गेंदों पर 10 चौकों और छह छक्कों की मदद से 105 रन ठोक दिए।

पहले दिन न्यूजीलैंड ने 05 विकेट पर बनाये 246 रन

एजेंसी

क्राइस्टचर्च : आकाश दीप की शानदार गेंदबाजी के बावजूद टॉम लैथम और टॉम ब्लंडेल के अर्धशतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त होने तक पांच विकेट पर 246 रन बना लिए। लैथम ने शीर्ष क्रम में संयमित बल्लेबाजी करते हुए पारी की नींव रखी, जबकि दोपहर के सत्र में भारत के लगातार तीन विकेट लेने के बाद ब्लंडेल ने पारी को संभाला। ब्लंडेल और ग्लेन फिलिप्स के बीच छठे विकेट के लिए हुई 62 रन की अटूट साझेदारी दिन की तीन अर्धशतकीय साझेदारियों में से एक रही। उतार-चढ़ाव भरे दिन के अंत में न्यूजीलैंड ने अच्छी स्थिति हासिल कर ली। भारत के गेंदबाजी चुनने के बाद न्यूजीलैंड ने पहले घंटे में बिना विकेट गंवाए चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना किया। जसप्रीत बुमराह और अंशुल कंबोज ने गेंद को अच्छी स्विंग और सीम मूवमेंट दिलाई। दोनों ने कई बार बल्लेबाजों के बाहरी किनारे को छकाया। पहले बदलाव के रूप में गेंदबाजी करने आए आकाश दीप ने भी दोनों तरफ मूवमेंट हासिल कर डेवोन कॉनवे को परेशान किया। टॉम लैथम बुमराह की गेंद पर पगबाधा के फैसले से बाल-बाल बचे। उन्होंने समीक्षा ली, जिसमें गेंद ट्रैकिंग से पता चला कि गेंद लेग स्टंप के बाहर पिच हुई थी। भारत ने कुछ मौके जरूर बनाए, लेकिन लाइन और लेंथ में निरंतरता की कमी के कारण उन्हें विकेट में नहीं बदल सका। आकाश दीप को लैथम का विकेट मिल सकता था, लेकिन दूसरी स्लिप में केएल राहुल ने उनका बाहरी किनारा छोड़ दिया। दूसरी ओर, धीमी शुरूआत के बाद कॉनवे ने नियमित रूप से गेंद को सीमा रेखा के पार पहुंचाना शुरू किया और सत्र आगे बढ़ने के साथ उनका आत्मविश्वास बढ़ता गया। न्यूजीलैंड के दोनों सलामी बल्लेबाज अच्छी तरह जम चुके थे और बिना विकेट गंवाए लंच तक पहुंचने की स्थिति में दिख रहे थे। लेकिन लंच से ठीक पहले आखिरी गेंद पर पदार्पण कर रहे गुरनूर बराड़ ने कॉनवे को पगबाधा आउट कर दिया। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने फैसले की समीक्षा ली, लेकिन गेंद ट्रैकिंग में गेंद लेग स्टंप के ऊपरी हिस्से से टकराती दिखाई दी। इस तरह न्यूजीलैंड ने 26 ओवर में एक विकेट पर 77 रन बनाकर लंच किया। लंच के बाद न्यूजीलैंड ने लगातार रन बनाना जारी रखा। पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शून्य पर आउट होने वाले लैथम ने इस दौरान अपना अर्धशतक पूरा किया। भारत ने लैथम के खिलाफ संभावित डीआरएस का एक मौका गंवाया। इसके अलावा जोखिम भरे एक रन के लिए दौड़े हेनरी निकोल्स को रन आउट करने का मौका भी हाथ से निकल गया। गेंद में सीम मूवमेंट जारी था और भारतीय गेंदबाज लगातार बल्लेबाजों को असहज कर रहे थे, लेकिन इन मौकों को विकेट में नहीं बदल सके। न्यूजीलैंड ने लंच के बाद का पहला घंटा बिना कोई विकेट गंवाए निकाल लिया। लंच के बाद दूसरे घंटे में भारतीय गेंदबाजों ने कहीं अधिक आक्रामक अंदाज में गेंदबाजी की और आकाश दीप ने अगुआई की। दूसरे विकेट के लिए 33 रन जुड़ने के बाद आकाश दीप ने लैथम को विकेट के पीछे कैच कराकर साझेदारी तोड़ी। इसके बाद कंबोज ने निकोल्स को आउट किया, जो पुल शॉट खेलने के प्रयास में गेंद को हवा में उछाल बैठे। बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश दीप ने फिर रचिन रवींद्र को भी विकेट के पीछे कैच कराकर पवेलियन भेज दिया। एक विकेट पर 110 रन से न्यूजीलैंड का स्कोर चार विकेट पर 110 रन हो गया। डैरिल मिचेल और टॉम ब्लंडेल ने सत्र का बाकी खेल संभाला। न्यूजीलैंड ने इस सत्र में 24 ओवर में तीन विकेट गंवाकर 54 रन बनाए। इस दौरान मिचेल पगबाधा की अपील पर भी बच गए और भारत ने एक समीक्षा गंवा दी। चाय के बाद बुमराह ने दूसरे सत्र में अपनाए गए अपने थोड़े बदले हुए रन-अप के साथ गेंदबाजी जारी रखी। उन्होंने पुल शॉट खेलने के प्रयास में मिचेल के दस्ताने से गेंद का संपर्क कराया, लेकिन ऋषभ पंत एक मुश्किल कैच नहीं पकड़ सके। मिचेल ने बराड़ की गेंद पर भी तीसरी स्लिप के खाली क्षेत्र से किनारा लगाकर चौका हासिल किया। दूसरी ओर, स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक नीतीश रेड्डी ने दूसरे छोर पर रन आउट का मौका गंवा दिया, जिससे ब्लंडेल को जीवनदान मिला। भारत ने वाशिंगटन सुंदर को गेंदबाजी पर लगाया, लेकिन ब्लंडेल ने उनका स्वागत दो चौकों के साथ किया। पांचवें विकेट के लिए साझेदारी 50 रन के पार पहुंच गई। इसके बाद मिचेल ने आकाश दीप की गेंद पर तीसरी स्लिप के अभाव में बाहरी किनारा लगाकर एक और चौका हासिल किया।



- टॉम लैथम ने 59 रन की खेली संयमित पारी
- टॉम ब्लंडेल ने अपने 50वें टेस्ट में नाबाद बनाये 53 रन
- ग्लेन फिलिप्स 36 रन बना कर रहे नाबाद
- आकाश दीप ने शानदार गेंदबाजी करते हुए हासिल किये दो विकेट
- अंशुल कंबोज और वाशिंगटन सुंदर को मिला एक-एक विकेट

रोहित 03 साल बाद फिर बने मुम्बई इंडियंस के कप्तान

- 05 आईपीएल खिताब जिताये, 11 सीजन सम्भाली कैप्टेंसी
- हार्दिक के पंजाब जाने के बाद मिली जिम्मेदारी



एजेंसी

नयी दिल्ली : आईपीएल 2027 से पहले मुंबई के पास कप्तानी के लिए सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और तिलक वर्मा जैसे विकल्प थे। कई रिपोर्ट्स में तिलक को कप्तानी दी जाने की बात कही गई थी। रोहित ने खुद भी कप्तानी के लिए तिलक का नाम सुझाया था, लेकिन फ्रेंचाइजी ने उनसे दोबारा जिम्मेदारी संभालने की रिक्वेस्ट की। कई दौर की बातचीत के बाद रोहित इसके लिए तैयार हो गए। रोहित 2011 से मुंबई का हिस्सा हैं। उनकी एक खासियत मैच की स्थिति को समझकर सही समय पर फैसले लेना भी रही है। मुंबई के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भी रोहित की इसी क्वालिटी को सराहा था। इसके अलावा, रोहित की फैन फॉलोइंग भी मुंबई के लिए अहम है। 2024 में हार्दिक को कप्तान बनाए जाने पर वानखेड़े में दर्शकों ने उनकी हूटिंग की थी।

2013 में पहली बार कप्तानी मिली, उसी सीजन चैम्पियन बनाया

रोहित को IPL 2013 के बीच में मुंबई की कप्तानी मिली थी। उस सीजन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग टीम की कमान संभाल रहे थे। पोंटिंग को मुंबई ने 2013 की नीलामी में खरीदा था और उन्हें कप्तान बनाया था। शुरूआती 6 मैचों में मुंबई को तीन जीत मिली थीं। पोंटिंग का बल्ला भी नहीं चल रहा था। इसके बाद उन्होंने खुद को प्लेइंग-11 से बाहर रखा और कप्तानी छोड़ दी। उस समय टीम में सचिन तेंदुलकर और हरभजन सिंह जैसे अनुभवी खिलाड़ी मौजूद थे, लेकिन मैनेजमेंट ने रोहित को जिम्मेदारी सौंपी। रोहित ने 24 अप्रैल 2013 को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ पहली बार मुंबई की कप्तानी की। टीम ने वह मैच पांच विकेट से जीता। इसके बाद मुंबई ने उसी सीजन अपना पहला IPL खिताब भी जीत लिया।

IPL में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर

रोहित आईपीएल में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर हैं। उन्होंने 281 मैचों में 7,329 रन बनाए हैं। रोहित के नाम 2 शतक और 49 अर्धशतक हैं। इस लिस्ट में विराट कोहली 9,336 रन के साथ पहले और शिखर धवन 6,769 रन के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

हार्दिक की कप्तानी में मुंबई 39 में से 15 मैच जीत सकी

हार्दिक पंड्या 27 नवंबर 2023 को गुजरात टाइटंस से ट्रेड होकर मुंबई इंडियंस में आए थे। फ्रेंचाइजी ने उन्हें 2024 सीजन से पहले टीम का कप्तान बनाया। इससे पहले हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने 2022 में अपने पहले ही सीजन में आईपीएल खिताब जीता था और 2023 में फाइनल तक पहुंची थी।

स्ट्राइकर्स ने वाईसीसी को 121 रन से हराया

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : ज़िला खेल स्टेडियम में आयोजित क्रिकेट लीग में स्ट्राइकर्स ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए वाईसीसी को 121 रन से करारी शिकस्त दी। बल्लेबाजी में उपयोगी योगदान और गेंदबाजों की धारदार प्रदर्शन के दम पर स्ट्राइकर्स ने मुकाबले में अपना दबदबा बनाए रखा। वाईसीसी की टीम 24.3 ओवर में 89 रन बनाकर सिमट गई और उसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा।स्ट्राइकर्स की ओर से पप्पू कुमार ने जिम्मेदारी के साथ बल्लेबाजी करते हुए 82 गेंदों में 51 रन बनाए। उनकी पारी में तीन चौके शामिल रहे। उन्होंने एक छोर संभालकर टीम को मजबूती दी। वहीं साहिल विल्सन ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 36 गेंदों में 45 रन ठोक दिए। उनकी पारी में पांच चौके और दो छक्के शामिल रहे। दोनों बल्लेबाजों के योगदान से स्ट्राइकर्स को मुकाबले में मजबूत स्थिति बनाने में मदद मिली।वाईसीसी की ओर से शिवम कुमार यादव ने संघर्षपूर्ण बल्लेबाजी की। उन्होंने 47 गेंदों में 33 रन बनाए और छह चौके लगाए। हालांकि, दूसरे बल्लेबाजों से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने के कारण टीम लक्ष्य तक पहुंचने की चुनौती से जूझती रही और पूरी टीम 89 रन पर ढेर हो गई।गेंदबाजी में स्ट्राइकर्स के अमित चौबे ने विपक्षी बल्लेबाजों पर कहर बरपाया।



झारखंड

चतरा कॉलेज चतरा बी.एड. विभाग में मना संविधान दिवस



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चतरा : चतरा कॉलेज चतरा बी.एड. विभाग में संविधान दिवस मनाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब डॉ. बी. आर. अम्बेडकर जी को पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में बहुत ही सुन्दर विचार प्रकट कर अपने शिक्षकों द्वारा उद्बोधन हुआ। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर सिंह सहित विभाग के सभी सम्मानित शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में इ.ए.ि के विद्यार्थियों ने भारतीय संविधान निर्माण में सभी सदस्यों सहित डॉ. भीमराव अम्बेडकर के योगदान, समानता, स्वतंत्रता, न्याय एवं बंधुत्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।संविधान की विशेषता पर डॉ. नंदकिशोर सिंह ने सभी महत्वपूर्ण तत्वों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान आज भी सभी को अमीर-गरीब, किसान, नौकर, नौजवान, वृद्ध को समान अधिकार एवं कर्तव्य के महत्व को बताता है। कार्यक्रम का समापन संविधान के प्रति सम्मान, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता बनाए रखने के संकल्प के साथ हुआ।

सहोदया अंतरविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कटकमसांडी(हजारीबाग) : हजारीबाग स्थित गैलेक्सी हाई स्कूल, पबरा रोड के परिसर में दिनांक 26 अक्टूबर 2026 को सहोदया अंतरविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी खेल प्रतिभा, शारीरिक क्षमता, अनुशासन तथा टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान 'जन गण मन' के सामूहिक गायन के साथ हुआ। प्रतियोगिता में जैक एंड जिल स्कूल, गैलेक्सी हाई स्कूल, न्यू एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल, न्यू हजारीबाग पब्लिक स्कूल, आई .एम. एस.एम .एम. एम. इंग्लिश मीडियम स्कूल, विवेकानंद विद्या मंदिर, मोंटफोर्ट स्कूल, एंथेन पब्लिक स्कूल, बॉन सेकर्स स्कूल, डॉ. राधाकृष्णन स्कूल ऑफ लर्निंग तथा माउंट एगमाउंट स्कूल सहित विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई। इस अवसर पर गैलेक्सी हाई स्कूल के निदेशक चाँद अंसारी, प्रधानाचार्य दीपक कुमार शर्मा एवं उप-प्रधानाचार्य सादिक इकबाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री मुरारी जी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के दौरान बालक एवं बालिका दोनों वर्गों के खिलाड़ियों ने पूरे जोश, उत्साह और खेल भावना के साथ अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मैदान में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप बालक वर्ग में डॉ. राधाकृष्णन स्कूल ऑफ लर्निंग की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया ।

संविधान दिवस के अवसर पर लाल प्रीतम बी.एड कॉलेज में भव्य कार्यक्रम आयोजित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चतरा : भारत के संविधान दिवस के अवसर पर लाला प्रीतम बी.एड. कॉलेज एवं लाला प्रसाद इवनिंग डिग्री कॉलेज, जितनी मोड़, किशुनपुर, चतरा (झारखंड) के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सत्र 2025-27 एवं सत्र 2026-28 के प्रशिक्षणार्थी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने संविधान में निहित प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। इस अवसर पर सभी प्रशिक्षुओं ने अपने प्रशिक्षकों के संग शपथ लेकर संकल्प लिया कि वे समानता, संप्रभुता एवं भेदभाव रहित स्वच्छ समाज के निर्माण में अपना उत्तरदायित्व एवं कर्तव्य का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम में संविधान के मूल्यों, मौलिक अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के सचिव लाला प्रसाद साहू ने उपस्थित प्रशिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि एक शिक्षक ही समाज में संवैधानिक चेतना जगाने का सबसे सशक्त माध्यम है .इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. जी. डी. मिश्रा ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए संविधान के आदर्शों को अपने जीवन में उतारने का आह्वान किया।

एमएमडीआर संशोधन विधेयक पर विधायक राज सिन्हा ने सदन में सरकार को घेरा; कहा

केवल टैक्स और सेस बढ़ाने से नहीं, वैध खनन और कोयला उत्पादन बढ़ाने से मजबूत होगा राज्य का खजाना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद/रांची : झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के अंतिम दिन खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम के विरोध में राज्य सरकार की ओर से पेश संकल्प पर चर्चा के दौरान सचेतक सह धनबाद विधायक राज सिन्हा ने सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि झारखंड खनिज संपदा से समृद्ध राज्य है, इसके बावजूद राजस्व बढ़ाने के लिए केवल टैक्स और सेस बढ़ाने पर जोर देना उचित नहीं है। राज्य की



आमदनी बढ़ाने का वास्तविक रास्ता वैध खनन को प्रोत्साहन देना, कोयला उत्पादन बढ़ाना और अवैध कारोबार पर प्रभावी रोक लगाना है। विधायक ने धनबाद समेत राज्य के विभिन्न कोयलांचलों में बड़े पैमाने पर हो रही कोयला चोरी और अवैध खनन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि अवैध कारोबार के कारण राज्य को भारी राजस्व नुकसान हो रहा है। सीआईएसएफ की ओर से सैकड़ों ट्रकों में अवैध कोयला पकड़े जाने का उल्लेख करते हुए उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी पर भी सवाल खड़े किए। दुमका में सर्वेक्षण टीम के जीएम के साथ मारपीट की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि अवैध खनन रोकने वाले अधिकारियों और सुरक्षा बलों को पर्याप्त संरक्षण मिलना चाहिए। सीआईएसएफ को मिले अधिकारों का प्रभावी इस्तेमाल कर कोयला चोरी पर अंकुश लगाया जाना जरूरी है। राज सिन्हा ने सरकार से मांग की कि एमएमडीआर संशोधन अधिनियम से झारखंड को होने वाले संभावित आर्थिक नुकसान का स्पष्ट और प्रमाणिक आंकड़ा सदन में रखा जाए। इसके लिए विस्तृत श्वेत पत्र जारी किया जाना चाहिए, ताकि जनता को वास्तविक स्थिति की जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्यहित में वैध खनन, उत्पादन वृद्धि और रॉयल्टी सुनिश्चित करने की ठोस कार्ययोजना जरूरी है। केवल अतिरिक्त कर लगाने के बजाय सरकार को राजस्व के मौजूदा स्रोतों को मजबूत करने पर ध्यान देना चाहिए। कहा- खनिज संपदा झारखंड की तो राजस्व पर भी राज्य का अधिकार होना चाहिएः झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में विधायक जयराम महतो ने संविधान दिवस की शुभकामनाएं देते हुए खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) संशोधन विधेयक का विरोध किया।

गोरखपुर में आयोजित अखिल भारतीय विज्ञान प्रश्नमंच में कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर का परचम

गौरव, आर्यन और रौशन ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरी तिलैया (कोडरमा) : उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित 'अखिल भारतीय विज्ञान प्रश्नमंच' प्रतियोगिता में कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर बाल वर्ग मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के होनहार भैया कुमार गौरव किशन , आर्यन कुमार और रौशन कुमार ने अपनी उत्कृष्ट बौद्धिक क्षमता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का परिचय देते हुए यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल कर पूरे विद्यालय और जिले तथा उत्तर पूर्व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गोरखपुर में संपन्न हुई इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रांतों से आए प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए विद्यालय के छात्रों ने यह मुकाम हासिल किया। इस ऐतिहासिक सफलता पर विद्यालय परिवार में हर्ष और उत्साह का माहौल है। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य आनंद मोहन ने विजेता भैया के इस सफलता पर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, ₹गोरखपुर में आयोजित अखिल भारतीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कुमार गौरव किशन, आर्यन कुमार और रौशन कुमार की यह ऐतिहासिक जीत उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और विज्ञान के प्रति गहरी रुचि का परिणाम है। राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करना पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है।



एक झलक

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.44 अरब डॉलर घट कर 700.90 अरब डॉलर पर आया

नयी दिल्ली : विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार दूसरे हफ्ते गिरावट दर्ज हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 नवंबर को समाप्त हफ्ते में 4.443 अरब डॉलर घटकर 700.90 अरब डॉलर रह गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। इससे एक सप्ताह पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14.21 अरब डॉलर घटकर 705.34 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार इस दौरान विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 26.6 करोड़ डॉलर घटकर 583.18 अरब डॉलर रही। वहीं, सोने का भंडार लगातार दूसरे सप्ताह घटा। इसमें 4.09 अरब डॉलर की बड़ी गिरावट आई और यह 94.52 अरब डॉलर रहा। आंकड़ों के अनुसार विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 6.7 करोड़ डॉलर घटकर 18.45 अरब डॉलर रहा है। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 1.5 करोड़ डॉलर घटकर 4.74 अरब डॉलर रहा। उल्लेखनीय है कि देश का विदेशी मुद्रा भंडार 04 सितंबर को समाप्त हफ्ते में 785.70 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इसकी वजह प्रवासी भारतीयों की जमा पर विशेष रियायती अदला-बदली व्यवस्था के तहत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा का आना था।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पूरा होने के करीब : पीयूष गोयल

नयी दिल्ली : केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता पूरा होने के करीब है। इसे अंतिम रूप देने की प्रक्रिया अब आकार ले रही है। गोयल ने वर्चुअल माध्यम से 'इंडिया डेट कैपिटल मार्केट समिट 2026' को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, "अमेरिका के साथ व्यापार समझौता पूरा होने के करीब है। वह प्रक्रिया और मार्ग, जिसकी वजह से समझौते को अंतिम रूप देने में हमेशा रुकावट आती थी, उसमें अब कुछ बात बन रही है।' केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता पूरा होने के करीब है। गोयल ने कहा कि इस समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया तथा रूपरेखा अब आकार ले रही है। उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे भारत ने वैश्विक चुनौतियों के बीच भी आगे बढ़ना जारी रखा है। सुधार लागू किए हैं और आर्थिक नींव को मजबूत किया है। साथ ही वैश्विक साझेदारों के साथ मिलकर विकास के व्यापक अवसर भी प्रदान किए हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर इस वर्ष के अंत तक हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। गोयल ने कहा कि यह अगले वर्ष मार्च या अप्रैल तक लागू हो सकता है। उन्होंने कहा, आर्थिक आंकड़े इन प्रयासों की सफलता को दर्शाते हैं। गोयल का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका ने हाल ही में भारत से आयात होने वाले कुछ उत्पादों पर 25 फीसदी तक अतिरिक्त टैरिफ लगाने का प्रस्ताव दिया है।

भारतीय निर्यातकों से अधिक भागीदार देश उठा रहे एफटीए का लाभ : आरबीआई गवर्नर

नयी दिल्ली/मुंबई : रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर करने वाले देश इन समझौतों का लाभ भारतीय निर्यातकों की तुलना में कहीं बेहतर तरीके से उठा रहे हैं। उन्होंने भारतीय कंपनियों से इन समझौतों का अधिकतम लाभ उठाने का आग्रह किया। संजय मल्होत्रा ने मुंबई में एसएमई चैंबर ऑफ इंडिया के 33वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एसएमई वित्त और निवेश शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस शिखर सम्मेलन में आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में एमएसएमई क्षेत्र के वित्तपोषण, विस्तार तथा नवाचार पर जोर दिया है।

मल्होत्रा ने कहा कि घरेलू निर्यातक एफटीए का 'बहुत कम' इस्तेमाल कर रहे हैं। भारत के मुक्त व्यापार समझौतों के तहत कम शुल्क का लाभ उठाने के पात्र भारतीय निर्यातकों में से केवल 20-30 फीसदी ही इसका फायदा उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई एक लचीली और समावेशी अर्थव्यवस्था के लिए उत्प्रेरक हैं।

मल्होत्रा ने कहा कि घरेलू निर्यातक एफटीए का 'बहुत कम' इस्तेमाल कर रहे हैं। भारत के मुक्त व्यापार समझौतों के तहत कम शुल्क का लाभ उठाने के पात्र भारतीय निर्यातकों में से केवल 20-30 प्रतिशत ही इसका फायदा उठा रहे



हैं। उन्होंने कहा, "भारत को निर्यात करने वाले भागीदार देशों के 60-70 फीसदी निर्यातक इन समझौतों का लाभ उठा रहे हैं, जबकि भारत में इनका इस्तेमाल बेहद कम है। इस तरह हम एक बड़े अवसर का लाभ उठाने से चूक रहे हैं।" आरबीआई गवर्नर ने कहा कि कारोबारियों से मिलना महत्वपूर्ण है और उनकी मंशा पर संदेह नहीं करना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि रिजर्व बैंक एमएसएमई क्षेत्र के लिए ऋण की उपलब्धता बढ़ाने और इसकी बाधाओं को दूर करने के प्रयास जारी रखेगा। उन्होंने इस क्षेत्र को किसी भी अर्थव्यवस्था की 'जीवनरेखा' बताया। उन्होंने बैंकों से एमएसएमई क्षेत्र को कर्ज देने को केवल नियामकीय अनुपालन का मामला नहीं मानने को कहा। बैंकों को इन उद्यमों को अपनी वृद्धि में संभावित भागीदार के रूप में देखना चाहिए और इस क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के सामाजिक महत्व को भी समझना चाहिए। मल्होत्रा ने कहा, 'भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में एमएसएमई क्षेत्र की हिस्सेदारी 31 फीसदी है। विनिर्माण उत्पादन में इसका योगदान 35 फीसदी और वस्तुओं के कुल निर्यात में करीब आधा है। कृषि के बाद यह रोजगार देने वाला दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र है और 45 करोड़ लोगों को रोजगार देता है।' संजय मल्होत्रा ने एमएसएमई ऋणों को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) घोषित करने की अवधि 90 दिन से बढ़ाकर 180 दिन करने की मांग खारिज कर दी। उन्होंने छोटे कारोबारियों से ऋणदाताओं के साथ बेहतर शर्तों पर बातचीत करने और अपनी नकदी की उपलब्धता के अनुरूप ऋण चुकाने के लिए अधिक मोहलत लेने की व्यवस्था करने को कहा, ताकि उनका ऋण एनपीए बनने से बच सके। एसएमई वित्त और निवेश शिखर सम्मेलन के इस संबोधन में संजय मलहोत्रा ने भारत की विकास यात्रा में एमएसएमई की भूमिका, वित्त तक पहुंच बेहतर बनाने के उपायों और इस बात पर चर्चा किया कि कैसे उद्यम और ऋणदाता मिलकर उत्पादकता, नवाचार और विस्तार (स्केल) को बढ़ावा दे सकते हैं।

ISB के PGP YL के दूसरे बैच को समर इंटर्नशिप में शानदार सफलता, 45 कम्पनियों से मिले 200 से अधिक ऑफर

हैदराबाद : इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (ISB) ने अपने पोस्ट ग्रेजुएट प्रोग्राम इन मैनेजमेंट फॉर यंग लीडर्स (PGP YL) के दूसरे बैच (2026-2028) के समर इंटर्नशिप परिणाम घोषित किए हैं। 130 विद्यार्थियों वाले इस बैच को 45 कंपनियों से 200 से अधिक इंटर्नशिप ऑफर मिले हैं। विद्यार्थियों का औसत कार्य अनुभव महज 9 महीने है। दो महीने की इंटर्नशिप के लिए औसत स्टाइपेंड 3.44 लाख रुपये रहा, जबकि अधिकतम स्टाइपेंड 7.9 लाख रुपये दर्ज किया गया। भर्ती प्रक्रिया में मैकिंजी एंड कंपनी, बेन एंड कंपनी, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप, एक्सेंचर, डेलॉइट, गोल्डमैन सैक्स, बार्कलेज, सिटी, जेफरीज, गूगल, मास्टरकार्ड, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाटा एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विसेज जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने हिस्सा लिया। कंसल्टिंग और इन्वेस्टमेंट बैंकिंग क्षेत्र में सर्वाधिक 117 ऑफर मिले। एक्सेंचर सॉल्यूशंस ने 29, ईवाई-पार्थेनॉन ने 17 और डेलॉइट कंसल्टिंग ने 9 ऑफर दिए। वहीं, टेक्नोलॉजी क्षेत्र में 27 ऑफर मिले, जिनमें पर्पल ने 6 ऑफर दिए। एफएमसीजी कंपनियों ने 17 और बड़े उद्योग समूहों ने 16 इंटर्नशिप ऑफर दिए। क्रइ के एसोसिएट डीन प्रोफेसर प्रणव जिंदाल ने कहा कि ये परिणाम कार्यक्रम की बढ़ती प्रासंगिकता और युवा प्रतिभाओं में कंपनियों के भरोसे को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि ISB विद्यार्थियों को प्रबंधन, विश्लेषण और समस्या समाधान के कौशल के साथ वास्तविक व्यावसायिक अनुभव देने के लिए प्रतिबद्ध है। 20 महीने का PGP छ कार्यक्रम हाल ही में स्नातक हुए और करियर की शुरूआत कर रहे युवाओं के लिए तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य बिजनेस, टेक्नोलॉजी और लीडरशिप के क्षेत्र में भविष्य के सक्षम पेशेवर तैयार करना है।

झारखंड में फेनेस्टा के पदचिह्नों का विस्तार दुमका में खुला पहला और राज्य का 9वां शोरूम

दुमका : फेनेस्टा, विंडो और डोर उत्पादों में भारत के नंबर 1 ब्रांड, ने झारखंड में अपने विस्तार का सिलसिला जारी रखते हुए दुमका में अपना पहला शोरूम लॉन्च करने की घोषणा की है। इसी के साथ राज्य में फेनेस्टा के शोरूमों की संख्या बढ़कर 9 हो गई है। यह नया आउटलेट फेनेस्टा, शर्मा हार्डवेयर, कुसुमडीह, दुमका, झारखंड-814101 में स्थित है तथा शर्मा हार्डवेयर द्वारा संचालित है। यह विस्तार न केवल क्षेत्र के ग्राहकों तक फेनेस्टा की पहुंच को और आसान बनाएगा, बल्कि राज्य में फेनेस्टा के विश्व-स्तरीय उत्पादों को उपलब्ध कराने की ब्रांड की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है। हाल ही में खुले इस शोरूम में ग्राहकों को फेनेस्टा के उत्पादों की विस्तृत रेंज देखने को मिलती है



और वे यू-पीवीसी और एल्युमिनियम के विंडो और डोर, सॉलिड पैनल डोर और फसाड जैसे उत्पादों का अनुभव ले सकते हैं। निर्माण की बदलती प्राथमिकताओं और आधुनिक जीवनशैली की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए यह शोरूम, होमओनरों, आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिजाइनरों, बिल्डरों और ठेकदारों के लिए एक ही जगह पर हर प्रकार के उत्पाद उपलब्ध कराता है। आपके भवन में चार-चांद लगाने के लिए फेनेस्टा के उच्च-प्रदर्शन वाले, टिकाऊ और आकर्षक डिजाइन के उत्पाद यहाँ उपलब्ध हैं। इस लॉन्च के अवसर पर साकेत जैन, बिजनेस हेड, फेनेस्टा, ने कहाः ₹झारखंड में आवासीय और व्यावसायिक विकास में तेजी के साथ-साथ ग्राहकों की बदलती प्राथमिकताओं की बदौलत फेनेस्टा के प्रीमियम उत्पादों के लिए बेहतरीन अवसर पैदा हो रहे हैं। हम दुमका में शर्मा हार्डवेयर के सहयोग से अपना पहला शोरूम लॉन्च कर रहे हैं, जो झारखंड में अपनी उपस्थिति मजबूत करने और फेनेस्टा के विश्व-स्तरीय उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। यह शोरूम ग्राहकों को हमारे विविध उत्पादों की रेंज का प्रत्यक्ष अनुभव लेने और अपने घरों तथा परियोजनाओं के लिए सही चुनाव करने का अवसर प्रदान करेगा।

अगले दो दशकों में बिजली क्षेत्र में 200 लाख करोड़ रुपये निवेश का मौका : मनोहर लाल

नयी दिल्ली : केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को कहा कि देश के ऊर्जा क्षेत्र में अगले दो दशकों में 200 लाख करोड़ रुपये के निवेश का अवसर है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी हितधारकों को मिलकर काम करना होगा। नई दिल्ली में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दो दिवसीय ऊर्जा मंत्रियों के सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हमें निजी क्षेत्र के साथ मिलकर काम करना होगा, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हम इस लक्ष्य को पूरा कर सकें। विद्युत मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन में 28 राज्यों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों के विद्युत मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और विद्युत नियामक भाग ले रहे हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता केंद्रीय विद्युत एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल कर रहे हैं। इससे पहले यह सम्मेलन वर्ष 2024 में आयोजित किया गया था।

हार्ले-डेविडसन का भारत में विस्तार, हीरो मोटोकॉर्प के साथ साझेदारी मजबूत

रांची : भारत में हार्ले-डेविडसन के 17 साल पूरे होने के मौके पर कंपनी ने हीरो मोटोकॉर्प के साथ साझेदारी को और मजबूत करते हुए कारोबार विस्तार की योजना बनाई है। दोनों कंपनियां 'मिशनः द बिग राइड' पहल के तहत ग्राहकों को बेहतर अनुभव देने, नए उत्पाद पेश करने, डीलरशिप नेटवर्क बढ़ाने और राइडर समुदाय से जुड़ाव मजबूत करने पर ध्यान देंगी। हार्ले-डेविडसन के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आर्टी स्टार्स और हीरो मोटोकॉर्प के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. पवन मुंजाल ने भारत में ब्रांड की मौजूदगी बढ़ाने की प्रतिबद्धता जतायी। कंपनी अपने वैश्विक



मोटरसाइकिल पोर्टफोलियो के साथ हार्ले-डेविडसन एक्स रेंज के नए मॉडल भी पेश करती रहेगी। वर्ष 2023 में लॉन्च हुई एक्स रेंज की अब तक 50 हजार से अधिक इकाइयां बिक चुकी हैं, जबकि भारत में कंपनी का कुल ग्राहक आधार 80 हजार पार कर गया है। कारोबार विस्तार के तहत रायपुर और इंदौर में दो नई पूर्ण श्रेणी की डीलरशिप खोली जायेंगी, जिससे देश में हार्ले-डेविडसन डीलरशिप की संख्या 23 हो जायेगी। वहीं, हार्ले-डेविडसन एक्स मोटरसाइकिलों की बिक्री में सहयोग देने वाले हीरो प्रीमिया का नेटवर्क 152 केन्द्रों तक पहुंच चुका है। कंपनी मार्च 2027 तक विभिन्न राइडिंग कार्यक्रमों, इंडिया बाइक वीक, इंडिया एच.ओ.जी. रैली और डेस्टिनेशन एक्स जैसे आयोजनों के जरिए राइडर समुदाय का विस्तार करने की तैयारी कर रही है। भारत में हार्ले ओनर्स ग्रुप के 3,000 से अधिक सदस्य हैं और 100 से ज्यादा भारतीय राइडर्स 27 और 28 नवंबर को थाईलैंड में होने वाले एशिया हार्ले डेज में हिस्सा लेंगे।

क्रोमा की ब्लैक फ्राइडे सेल शुरू, गैजेट्स और अप्लायंसेज पर 50 प्रतिशत तक की छूट

रांची : टाटा समूह के ओमनी-चैनल इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेलर क्रोमा ने अपनी सालाना ब्लैक फ्राइडे सेल शुरू कर दी है। 26 से 30 नवंबर तक चलने वाली इस पांच दिवसीय सेल में स्मार्टफोन, लैपटॉप, टीवी, घरेलू उपकरण और पर्सनल केयर उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। ग्राहकों को बैंक कैशबैक, एक्सचेंज बोनस और आसान ईएमआई का लाभ भी मिलेगा। सेल के तहत आईफोन 16 (128 जीबी) 45,490 रुपये और आईफोन 17 प्रो मैक्स (256 जीबी) 96,290 रुपये की प्रभावी कीमत पर उपलब्ध है। वहीं, मैकबुक निओ (8 जीबी+256 जीबी) की शुरूआती कीमत 42,714 रुपये रखी गई है।

croma
A TATA Enterprise

स्मार्टफोन की श्रेणी में ओप्पो, रेडमी और सैमसंग के चुनिंदा मॉडल्स पर भी आकर्षक ऑफर दिए जा रहे हैं। लैपटॉप की खरीदारी पर 20 प्रतिशत तक एक्सचेंज बोनस और कैशबैक का लाभ मिलेगा। टीवी श्रेणी में एलजी का 55 इंच 4K एआई नैनो टीवी 44,990 रुपये, 75 इंच मॉडल 89,990 रुपये और सोनी का 65 इंच ब्राविया 3 क्क टीवी 1,16,990 रुपये में उपलब्ध है। चुनिंदा टीवी पर 26,000 रुपये तक कैशबैक और साउंडबार की खरीद पर 12 प्रतिशत तक की छूट भी दी जा रही है। घरेलू उपकरणों में फिलिप्स का 4.2 लीटर डिजिटल एयर फ्रायर 7,299 रुपये से शुरू है। वहीं, फिलिप्स के चुनिंदा पर्सनल केयर उत्पादों पर 30 प्रतिशत और हैवेल्स के ग्रूमिंग व पर्सनल केयर उत्पादों पर 50 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है। इन्फिनिटी रिटेल लिमिटेड के प्रवक्ता ने कहा कि ब्लैक फ्राइडे सेल का उद्देश्य ग्राहकों को आकर्षक कीमतों, एक्सचेंज लाभ, बैंक कैशबैक और आसान फाइनेंस विकल्पों के जरिए तकनीक और घरेलू उपकरणों को अपग्रेड करने का बेहतर अवसर देना है। ग्राहक 30 नवंबर तक देशभर के क्रोमा स्टोर्स में इन ऑफर्स का लाभ उठा सकते हैं। सभी ऑफर नियम एवं शर्तों और उत्पादों की उपलब्धता के अधीन हैं।

उर्वशी उसी जादू को खत्म करने की कोशिश कर रही है, जिसे उसने खुद पैदा किया था



मुंबई : सोनी सब का लो चुड़ैल चली ससुराल एक मजेदार पारिवारिक कॉमेडी है, जो उर्वशी (हिबा नवाब) की कहानी को दर्शाता है। उर्वशी एक प्यारी और स्नेहिल चुड़ैल है, जो अपने पति आरव (अधिक मेहता) और उसके परिवार के साथ नयी जिंदगी की शुरूआत करते हुए अपनी पहचान को एक राज बनाए रखती है। जैसे-जैसे उर्वशी अपने जादू से पटेल परिवार की जिंदगी में खुशियां लाने की कोशिश करती है, उसके अच्छे इरादों से किए गए जादू अक्सर अप्रत्याशित परेशानियां खड़ी कर देते हैं। आगामी एपिसोड्स में, जब विमला (कंचन गुप्ता) आरव के व्यस्त कार्य शेड्यूल और काम व परिवार के बीच संतुलन न बना पाने को लेकर चिंता व्यक्त करती हैं, तो उर्वशी उसकी जिंदगी में संतुलन लाने के लिए अपने जादू का इस्तेमाल करने का फैसला करती है। वह एक जादू करती है, जिसके कारण आरव की शख्सियत दो बिल्कुल अलग व्यक्तित्वों में बंट जाती है। घर पर वह बेहद प्यार करने वाला और परिवार को प्राथमिकता देने वाला इंसान बन जाता है, जबकि ऑफिस में वह एक सख्त और अपने काम पर पूरी तरह केंद्रित बिजनेसमैन में बदल जाता है।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 'DRUM TAO' की भारत वापसी का किया एलान, इस बार 21 शहरों में होगा भव्य टूर

जमशेदपुर : टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (TKM) ने जापान के मशहूर अंतरराष्ट्रीय पर्कशन ग्रुप 'DRUM TAO' की भारत में वापसी की घोषणा की। DRUM TAO टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के ब्रांड एंबेसडर भी हैं। यह भारत में उनके दूसरे टूर का आयोजन होगा। पिछले साल 13 शहरों में आयोजित टूर को दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली थी। इसी को देखते हुए इस बार कंपनी ने टूर का विस्तार करते हुए इसे देश के चारों क्षेत्रों के 21 शहरों तक पहुंचाने का फैसला किया है। इस बार खास तौर पर टियर-2 शहरों पर ध्यान दिया जाएगा।

DRUM TAO अपने पारंपरिक जापानी 'वा-डाइको' ड्रमिंग और आधुनिक स्टेज परफॉर्मेंस के अनूठे संगम के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है। इस टूर के जरिए देश के अधिक से अधिक दर्शकों को उनकी शानदार प्रस्तुति देखने का मौका मिलेगा।

यह टूर दो चरणों में आयोजित किया जायेगा। पहला चरण 1 दिसंबर से 24 दिसंबर 2026 तक और दूसरा चरण 8 जनवरी से 1 फरवरी 2027 तक चलेगा।

टूर की शुरूआत नागालैंड के हॉर्नबिल फेस्टिवल से होगी।



इसके अलावा लखनऊ के रेपर्टवाहर कल्चरल फेस्टिवल और पोर्ट ब्लेयर के आइलैंड म्यूजिक फेस्टिवल जैसे प्रमुख संगीत एवं सांस्कृतिक आयोजनों में भी DRUM TAO अपनी प्रस्तुति देगा। टूर का समापन चंडीगढ़ में होगा।

टूर का पूरा शेड्यूल और आयोजन स्थलों की जानकारी टोयोटा की आधिकारिक वेबसाइट और सोशल मीडिया चैनलों पर उपलब्ध कराई जायेगी।

इस घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स, सर्विस और यूज्ड कार बिजनेस के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट सबरी मनोहर ने कहा, पिछले साल भारत के अलग-अलग शहरों में ज़बरदस्त ढअड को दर्शकों से जो प्यार और शानदार प्रतिक्रिया मिली, वह हमारे लिए बेहद खास थी। इसी उत्साह ने हमें इस बार संगीत और संस्कृति के इस उत्सव को देश के अधिक से अधिक शहरों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया है।

संगीत एक ऐसी सार्वभौमिक भाषा है, जो खासतौर पर आज की युवा पीढ़ी से जुड़ती है। इस टूर के माध्यम से हमारा उद्देश्य लोगों को खुशी और आपसी जुड़ाव के ऐसे यादगार अनुभव देना है, जो टोयोटा के विजन 'Mass Happiness for All' यानी सभी के लिए खुशियां के विचार को दर्शाते हैं।

पेज एक के शेष

शहीदों के संघर्ष से बना अलग झारखंड राज्य : हेमन्त सोरेन...

गिरिडीह, टुंडी, धनबाद, उत्तरी-दक्षिणी छोटानागपुर से लेकर संथाल परगना तक अत्याचार के विरुद्ध जो छोटी-छोटी चिनगारियां फूटीं, वही आगे चल कर अलग झारखंड राज्य के आन्दोलन का रूप लिया। उस समय लोग हंसते थे कि कम पढ़े-लिखे आदिवासी-मूलवासी अपना अलग राज्य कैसे चलायेंगे, लेकिन आज उन्हीं शहीद परिवारों के बीच से निकला एक नौजवान राज्य को संवारने का काम कर रहा है।

महिला सशक्तीकरण और आर्थिक स्वावलम्बन

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हम राज्य की आंतरिक स्थिति को भली-भांति समझते हैं। गांव-देहात और सुदूर क्षेत्रों से लेकर शहरों तक के लोगों को अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए सरकार निरन्तर कार्य कर रही है। पहले चरण में राज्य की लगभग 50 लाख महिलाओं (18 से 50 आयु वर्ग) को प्रतिमाह 2500 रुपये की सम्मान राशि दी जा रही है। देश के किसी अन्य राज्य में ऐसी योजना नहीं चल रही है। हमारा उद्देश्य है कि हमारी माताएं-बहनें सशक्त बनें और स्वयं अपने माथे से गरीबी की लकीर मिटाने का काम करें।

अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए संसाधन जुटाने के मार्ग में कई तरह की बाधाएं और भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। हमारे राजस्व के स्त्रोतों को बंद करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन हम इससे घबरानेवाले नहीं हैं। जिस तरह हमने लड़ कर अलग झारखंड राज्य लिया है, उसी तरह लड़ कर अपना अधिकार भी लेंगे। अब यह वह झारखंड नहीं है, जहां बाहर से आकर कोई हमारा शोषण कर सके। पहले हम अपने राज्य के लोगों को उनका पूरा अधिकार दिलायेंगे। मुख्यमंत्री ने वर्तमान घटनाक्रम की ओर भी लोगों का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने कहा कि इस बार कार्यक्रम को सादगी के साथ आयोजित किया गया है, लेकिन आनेवाले समय में इसे और अधिक भव्य तथा उत्साहपूर्वक मनाया जायेगा।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक कल्पना सोरेन, विधायक ममता देवी, आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल विजय कुमार गुप्ता, पुलिस महानिरीक्षक शैलेन्द्र सिन्हा, पुलिस उप महानिरीक्षक अंजनी कुमार झा, उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज, पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत आदि पदाधिकारीगण, रामगढ़ जिला के अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित प्रबुद्ध नागरिकगण व बड़ी संख्या में आमलोग उपस्थित थे।

लोकसभा सीटें 50% बढ़ाने का प्रस्ताव कैबिनेट से पारित...

के जरिये केन्द्र सरकार ने परिसीमन की प्रक्रिया को अगली जनगणना से अलग करने का रास्ता तैयार किया है। पहले आशंका थी कि जनसंख्या के आधार पर सीटों का बंटवारा होने से ज्यादा आबादीवाले राज्यों को अधिक सीटें मिल सकती हैं। अब सभी राज्यों की सीटें 50 प्रतिशत बढ़ाने के प्रस्ताव से इस चिन्ता को दूर करने की कोशिश की गयी है।

दक्षिणी राज्यों की बड़ी चिन्ता होगी दूर

दक्षिण भारत के राज्य लम्बे समय से परिसीमन को लेकर चिन्ता जताते रहे हैं। उनका तर्क है कि तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में बेहतर प्रदर्शन किया है। वहीं, उत्तर भारत के कई राज्यों में आबादी तेजी से बढ़ी है। ऐसे में अगर सीटों का बंटवारा केवल जनसंख्या के आधार पर होता, तो दक्षिणी राज्यों की लोकसभा में हिस्सेदारी घट सकती थी। सभी राज्यों में समान अनुपात से सीटें बढ़ाने का प्रस्ताव इस आशंका को दूर कर सकता है।

अगले सप्ताह संसद में पेश होगा विधेयक

केन्द्र सरकार ने महिला आरक्षण को परिसीमन की प्रक्रिया से जोड़ते हुए संसद में संशोधित विधेयक लाने की तैयारी की है। इसके तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का रास्ता भी बनाया जाना है। संसद का विशेष सत्र 30 नवम्बर से शुरू होगा। इससे पहले अप्रैल में पेश संविधान (131वां संशोधन) विधेयक विपक्ष के विरोध के कारण पारित नहीं हो पाया था। विपक्ष ने महिला आरक्षण लागू करने को अगली जनगणना और परिसीमन से जोड़ने पर आपत्ति जतायी थी।

अप्रैल में 54 वोट से गिर गया था बिल...

समर्थन की जरूरत थी। इस हिसाब से विधेयक को कम से कम 352 वोट चाहिए थे। विधेयक को 298 वोट ही मिले; अर्थात यह 54 वोट से पास नहीं हो सका।

संसद का विशेष सत्र बुलाये जाने पर विपक्ष ने सरकार को घेरा...

सभी राज्यों की सीटें समान अनुपात में बढ़ाने के बावजूद उत्तर और दक्षिण के राज्यों के बीच सीटों की वास्तविक संख्या का अंतर बढ़ सकता है। परिसीमन के दौरान निर्वाचन क्षेत्रों का नये सिरे से निर्धारण सत्तारूढ़ दल के अनुकूल किया जा सकता है। चिदम्बरम ने लोकसभा की सदस्य संख्या 543 पर बनाये रखने और इसी संख्या में महिलाओं को 181 सीटें देने की मांग की।

समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद राजीव राय ने कहा कि सरकार ने लोकतंत्र और संसद का मजाक बना दिया है। सरकार सात महीने बाद विशेष सत्र बुला रही है और इस दौरान खरीदो, तोड़ो और धमकाओ की राजनीति करती रही है। परिसीमन से उत्तर और दक्षिण भारत के बीच लोकसभा सीटों के प्रतिनिधित्व का अंतर और बढ़ सकता है। सपा के सलेमपुर के सांसद रामाशंकर राजभर ने भी विशेष सत्र बुलाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब शीतकालीन सत्र होना था, तो तीन दिन के सत्र की जरूरत क्यों पड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार देश को उत्तर और दक्षिण के आधार पर बांटने की कोशिश कर रही है।

राजद सांसद मनोज कुमार झा ने विशेष सत्र को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र अभी समाप्त हुए कुछ ही समय हुआ है और अब शीतकाल में विशेष सत्र बुलाया जा रहा है। उन्होंने इसे परिसीमन के बजाय लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश बताते हुए आरोप लगाया कि सरकार का उद्देश्य निर्वाचन क्षेत्रों का अपने अनुकूल पुनर्गठन करना है। उन्होंने असम में परिसीमन की प्रक्रिया का भी उल्लेख किया।

पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने कहा कि विशेष सत्र पहले बुलाया जाना चाहिए था। सरकार महिला आरक्षण के नाम पर राजनीतिक एजेंडे को आगे बढ़ा रही है। परिसीमन जैसे विषय पर पूरे देश और कांग्रेस सहित सभी दलों से सहमति ली जानी चाहिए।

देश में लोकसभा की राज्यों के बीच सीटों की संख्या 1971 की जनगणना के आधार पर स्थिर रखी गयी है। 1976 में 42वें संविधान संशोधन के जरिए इस पर रोक लगाई गई थी। बाद में 84वें संविधान संशोधन, 2001 के माध्यम से इस रोक को 2026 के बाद होनेवाली पहली जनगणना के आंकड़े प्रकाशित होने तक बढ़ा दिया गया। निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाओं का पिछला परिसीमन 2001 की जनगणना के आधार पर हुआ था और आयोग के आदेश 2008 में लागू हुए थे।

किरेन रिजिजू ने चार दिवसीय संसद सत्र में सदस्यों से सार्थक चर्चा का किया आग्रह...

की टिप्पणियों पर केन्द्रीय संसदीय कार्य मंत्री कहा, 'मैंने पहले ही ऐसी टिप्पणियां नहीं करने की अपील की है।

किरेन रिजिजू ने कहा कि संसद में कई सत्र होते हैं मॉनसून, शीतकालीन और बजट सत्र और जरूरत पड़ने पर विशेष सत्र भी बुलाये जाते हैं। संसद के भीतर सदस्य अपने विचार खुल कर रखने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन ये सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है कि सदन सुचारु रूप से काम करे।

रिजिजू ने कहा कि उन्होंने प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बातचीत की है और इस सम्बन्ध में सभी राजनीतिक दलों से अपील भी की है। रिजिजू ने सभी राजनीतिक दलों के नेताओं और संसद के प्रत्येक सदस्य से यह भी आग्रह किया कि वे पेश किये जानेवाले विधेयकों पर होनेवाली चर्चा में पूरे मन से हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि यह सभी सांसदों की जिम्मेदारी है कि वे सुनिश्चित करें कि संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारू रूप से चले।

रूस से सकुशल स्वदेश लौटे झारखंड के मनीष साहू...

मनीष साहू ने स्वयं विभाग को सूचित किया कि स्थानीय पुलिस द्वारा उन्हें हिरासत में लिया गया था। उन्होंने कथित दुर्व्यवहार, झूठे आरोप और दबाव की बात कही। विभाग ने स्पष्ट किया कि ये आरोप मनीष साहू द्वारा दी गयी जानकारी पर आधारित हैं और इनका स्वतंत्र रूप से सत्यापन नहीं किया गया था।

मामले की ग

एक झलक

यमन के 50 ठिकानों पर बमबारी, 19 की मौत

रियाद/सना : यमन के हूती विद्रोहियों ने गुरुवार को सऊदी अरब की जाजान तेल रिफाइनरी पर हमला किया। इसमें नेपाल के एक कर्मचारी की मौत हो गई और 11 लोग घायल हुए। जवाब में सऊदी अरब के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने यमन में हूतियों के 50 ठिकानों पर हमले किए। हूतियों के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया कि पिछले 48 घंटे में इन हमलों में 19 नागरिकों की मौत हुई और 25 लोग घायल हुए। इससे एक दिन पहले हूतियों ने सऊदी अरब की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी रास तनुरा पर भी हमले का दावा किया था। हूती विद्रोहियों के सैन्य संगठन के मुताबिक, हमले से रास तनुरा में आग लग गई। रास तनुरा रिफाइनरी पर हमले के बाद यहां तेल की लोडिंग रोक दी गई थी।

तूफान से 09 लाख घरों की बिजली गुल

वॉशिंगटन : अमेरिका में तूफान से तेज हवाओं और भारी बारिश के कारण 9 लाख से ज्यादा घरों की बिजली गुल हो गई। वहीं, 1800 फ्लाइट्स लेट हुई और 400 से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि पूर्वी तट पर समुद्र का पानी 14 साल में सबसे ऊंचे लेवल पर पहुंच सकता है। तटीय इलाकों में बाढ़ का खतरा भी बढ़ गया है। पूर्वी तट पर 'नॉरईस्टर' नाम का तूफान आगे बढ़ रहा है। इसके चलते न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी, फिलाडेल्फिया और आसपास के इलाके प्रभावित हुए हैं। खराब मौसम के कारण लाखों लोगों की यात्रा प्रभावित हो रही है।
थैंक्सगिविंग अमेरिका का बड़ा त्योहार है। इस दौरान लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने के लिए दूसरे शहरों में जाते हैं। ऐसे में हवाई सफर में देरी से यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। इसका असर सिर्फ हवाई सफर पर ही नहीं, बल्कि त्योहार के कार्यक्रमों पर भी पड़ा है। न्यूयॉर्क में होने वाली मशहूर थैंक्सगिविंग डे परेड को शनिवार तक के लिए टाल दिया गया है। यह परेड का 100वां साल है और इसके इतिहास में पहली बार इसे टालना पड़ा है।

यूक्रेन युद्ध ने रूस की अर्थव्यवस्था पर बढ़ाया सैन्य बोझ

मॉस्को : यूक्रेन के साथ करीब पांच साल से जारी युद्ध ने रूस की अर्थव्यवस्था और सरकारी बजट की प्राथमिकताएं बदल दी हैं। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की सरकार ने सैन्य खर्च को लेकर सोवियत संघ के विघटन के बाद का सबसे बड़ा बजट तैयार किया है। अगले तीन वर्षों में रूस सेना और रक्षा क्षेत्र पर करीब 50 लाख करोड़ रूबल यानी 54 लाख करोड़ रुपए खर्च करने की योजना बना रहा है। यह भारत के वित्त वर्ष 2026-27 के रक्षा बजट 7.85 लाख करोड़ रुपए से करीब 2.3 गुना अधिक है। रूस के नए बजट का सबसे अहम पहलू यह है कि सरकार की कुल कमाई और खर्च का बड़ा हिस्सा युद्ध और सैन्य तैयारियों पर लगाया जा रहा है। इसका असर अब स्वास्थ्य सेवाओं, पेंशन, आवास और आर्थिक विकास से जुड़ी योजनाओं पर भी दिखाई देने लगा है। यानी युद्ध के मोर्चे पर खर्च बढ़ाने के लिए घरेलू कल्याणकारी योजनाओं के बजट में कटौती की जा रही है।

नेपाल-भारत के बीच गैस पाइपलाइन समझौते पर काम शुरू

काठमांडू : नेपाल में पाइपलाइन सहित गैस भंडारण गृह निर्माण की योजना पर हुए समझौते के तहत इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसी) और नेपाल ऑयल निगम (एनओसी) के अधिकारियों को शामिल कर एक संयुक्त कार्यदल बनाया गया है। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के हाल ही में हुए भारत दौरे में हुए समझौते के तहत इस कार्यदल के गठन का निर्णय लिया गया था। नेपाल की ओर से उद्योग मंत्रालय के सह सचिव और भारत की ओर से पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के संयुक्त सचिव इसके नेतृत्व की जिम्मेदारी संभालेंगे। नेपाल सरकार के अधीन गैस भंडारण गृह निर्माण की घोषणा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा हैदराबाद हाउस में किए जाने के बाद इस संयुक्त कार्यदल का गठन किया गया है।

नौसेना को मिला प्रोजेक्ट 17ए का आखिरी एडवांस्ड स्टेल्थ फ्रिगेट 'विंध्यगिरी'

एजेंसी

नयी दिल्ली : ब्रह्मोस एंटी-शिप और लैंड-अटैक क्रूज मिसाइलों के साथ-साथ बराक 8 एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलों से लैस स्वदेशी एडवांस्ड स्टेल्थ फ्रिगेट 'विंध्यगिरी' शुक्रवार को नौसेना को सौंप दिया गया। प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट कई तरह से इस्तेमाल होने वाले मल्टी-मिशन प्लेटफॉर्म हैं, जिन्हें समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह नीलगिरी क्लास का सातवां और आखिरी जहाज है, जिसे कोलकाता में गार्डन रीच शिपबिल्डिंग एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने बनाया है। कर्नाटक में विंध्यगिरी पर्वत श्रृंखला के नाम पर रखा गया यह जहाज पहले के आईएनएस विंध्यगिरी का नया रूप है, जो एक लिएंडर-क्लास फ्रिगेट था। इस युद्धपोत में बेहतर स्टील्थ फीचर्स, उन्नत हथियार और सेंसर और प्लेटफॉर्म प्रबंधन सिस्टम हैं। तकनीकी रूप से उन्नत यह फ्रिगेट अपने पूर्ववर्ती लिएंडर क्लास एएसडब्ल्यू फ्रिगेट आईएनएस विंध्यगिरी को विशिष्ट सेवा के लिए एक तरह से श्रद्धांजलि है। आईएनएस विंध्यगिरी ने 08 जुलाई, 1981 को नौसेना में शामिल होकर 11 जून, 2012 तक विभिन्न चुनौतीपूर्ण अभियानों और बहुराष्ट्रीय अभ्यासों के दौरान लगभग 31 वर्षों तक सेवा दी थी। नवनिर्मित 'विंध्यगिरी' स्वदेशी रक्षा क्षमताओं के साथ आगे बढ़ते हुए अपनी समृद्ध नौसैनिक विरासत को संभालने के



■ स्वदेशी रक्षा क्षमताओं के साथ नौसैनिक विरासत को सम्भालने के लिए तैयार

लिए तैयार है। इन जहाजों में शिवालिक क्लास की तुलना में हथियारों और सेंसर का एक एडवांस्ड सेट है। जहाजों को कंबाइंड डीजल या गैस प्रोपल्शनप्लांट के साथ कॉनफि गर किया गया है, जिसमें एक डीजल इंजन और एक गैस टर्बाइन शामिल है। शक्तिशाली और तकनीकी रूप से एडवांस्ड हथियार और सेंसर सूट जहाजों की एंटी-सरफेस, एंटी-एयर और एंटी-सबमरीन डोमेन में मल्टी-डाइमेंशनल युद्ध क्षमताओं को काफी बढ़ाता है। इस वॉरशिप को पूर्वी नौसेना कमान के अंतर्गत नौसेना डॉकयार्ड, विशाखापत्तनम के सुपरिटेंडेंट रियर एडमिरल आरएस धालीवाल ने स्वीकार किया। विंध्यगिरी की डिलीवरी इस सीरीज के दूसरे वॉरशिप दूनागिरी की डिलीवरी के आठ महीने से भी कम समय में हुई है। विंध्यगिरी जीआरएसई का बनाया और डिलीवर किया गया 811वां जहाज है और इसके शानदार शिपबिल्डिंग इतिहास में 121वां वॉरशिप है, जो शिपयार्ड के लिए एक और बड़ी कामयाबी है। यह वॉरशिप इसलिए भी खास है क्योंकि इसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 17 अगस्त, 2023 को लॉन्च किया था। ये 149 मीटर लंबे, 6,670 टन वजनी वॉरशिप सबसे बड़े और सबसे एडवांस्ड गाइडेड-मिसाइल फ्रिगेट हैं, जिन्हें एक डिफेंस पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग के तौर पर छह दशकों से ज्यादा के अनुभव में बनाया गया है। विंध्यगिरी ब्रह्मोस एंटी-शिप और लैंड-अटैक क्रूज मिसाइलों के साथ-साथ बराक 8 एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलों से लैस है, जो नेवल स्ट्राइक और डिफेंसिव क्षमताओं में बड़ी छलांग है। ज्यादा स्वदेशी चीजों के साथ यह वॉरशिप डिफेंस प्रोडक्शन में भारत की आत्मनिर्भरता का एक मजबूत प्रतीक है। यह फ्रिगेट डीजल इंजन और गैस टर्बाइन के कॉम्बिनेशन से चलता है और इसमें एडवांस्ड एईएसए रडार और मॉडर्न कॉम्बैट सिस्टम लगे हैं।

हिन्द महासागर की शांति व सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी : जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली : विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र में शांति, स्थिरता, सुरक्षा और विकास सुनिश्चित करना सभी सदस्य देशों की सामूहिक जिम्मेदारी है। बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों में हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) को अपनी सामूहिक आवाज मजबूत करने और एक समावेशी क्षेत्रीय मंच के रूप में अपनी भूमिका को और प्रभावी बनाने की जरूरत है।
जयशंकर ने यहां आईओआरए की 25वीं मंत्रिपरिषद बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि हिंद महासागर वैश्विक व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा, संपर्क और आर्थिक समृद्धि के लिहाज से केंद्रीय महत्व रखता है। यह क्षेत्र अपार विविधता, अवसरों और साझा चुनौतियों से भरा है। ऐसे में सभी देशों की जिम्मेदारी है कि इसे शांतिपूर्ण, स्थिर और सुरक्षित बनाए रखने के साथ विकास के अनुकूल बनाया जाए। उन्होंने कहा कि आईओआरए के प्रति भारत का दृष्टिकोण और संगठन की अध्यक्षता विजन महासागर (महासागर) से निर्देशित है। इसका आशय विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक एवं समग्र प्रगति सुनिश्चित करना है। यह भारत के पहले के सागर यानी क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाता है।
विदेश मंत्री ने कहा कि भारत की अध्यक्षता का विषय हिंद महासागर क्षेत्र में 'नवाचार, खुलापन, लचीलापन और अनुकूलन क्षमता' है। ये सिद्धांत इस विश्वास को दशार्ते हैं कि आईओआरए को बदलते क्षेत्रीय और वैश्विक वातावरण के प्रति संवेदनशील और अनुकूल बने रहना चाहिए तथा अपने सदस्य देशों को ठोस लाभ पहुंचाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत अपनी अध्यक्षता के दौरान आईओआरए के प्राथमिकता वाले क्षेत्रों और उनसे जुड़े अन्य मुद्दों पर सहयोग मजबूत करने, संवाद साझेदारों के साथ भागीदारी गहरी करने, व्यावहारिक क्षेत्रीय पहलों को बढ़ावा देने तथा संगठन की वित्तीय एवं संस्थागत क्षमता मजबूत करने की दिशा में काम कर रहा है।
जयशंकर ने कहा कि क्षेत्र में आईओआरए की व्यापक भूमिका को प्रभावी ढंग से निभाने के लिए उसकी संस्थागत नींव मजबूत करना आवश्यक है। इस संदर्भ में बैठक का विषय 'मजबूत क्षेत्रीय आवाज : बदलती वैश्विक व्यवस्था में आईओआरए की स्थिति' विशेष रूप से प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक बदलावों के दौर में आईओआरए को अपनी सामूहिक आवाज बुलंद करने और एक समावेशी क्षेत्रीय मंच के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत करने की आवश्यकता है।



आईओआरए की बैठक में दो उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित करने के भारत के प्रस्ताव को मंजूरी

भारत की अध्यक्षता में शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) की 25वीं मंत्रिपरिषद बैठक में समुद्री विज्ञान और समुद्री कानून के क्षेत्र में दो उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के भारत के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही भारत ने संगठन की संस्थागत और वित्तीय क्षमता मजबूत करने के लिए पांच लाख अमेरिकी डॉलर की सहायता देने की घोषणा की। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के अनुसार, बैठक की अध्यक्षता विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने की। इसमें आईओआरए के 23 सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों और प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों के अलावा 12 संवाद साझेदार देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में आईओआरए की विशेष एजेंसियों और पर्यवेक्षक संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। बैठक में हिंद महासागर क्षेत्र से जुड़े क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर विचार-विमर्श किया गया। मंत्रियों ने आपसी हित के विभिन्न क्षेत्रों में सदस्य देशों के बीच सहयोग मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। इसके अलावा संगठन की वर्ष 2028 से 2032 तक की प्रस्तावित कार्ययोजना पर भी विचार किया गया और संवाद साझेदार देशों के साथ सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर चर्चा हुई। भारत की ओर से प्रस्तावित दो उत्कृष्टता केंद्रों में पहला आईओआरए डिजिटल नवाचार केंद्र होगा, जिसे गोवा स्थित वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान में स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र समुद्री विज्ञान के क्षेत्र में काम करेगा।

कैंसर के इलाज और शोध को बेहतर बनाने के लिए सामूहिक राष्ट्रीय प्रयास जरूरी : उपराष्ट्रपति

एजेंसी

नयी दिल्ली : उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने शुक्रवार को कैंसर के उपचार और इससे जुड़े शोध को बेहतर बनाने के लिए देशभर के अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों के बीच सामूहिक प्रयासों तथा सहयोग बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चिकित्सा अनुसंधान और नई खोजों का लाभ पूरी मानवता तक पहुंचना चाहिए, न कि इसे कुछ देशों या विशेष वर्गों तक सीमित रखा जाना चाहिए।
राधाकृष्णन ने यहां ओखला स्थित होली फैमिली अस्पताल के नए सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में यह बात कही। इस अवसर पर उन्होंने 'होली फैमिली अस्पताल स्मारिका 2026' का विमोचन किया और नए ब्लॉक के निर्माण में योगदान देने वाले



व्यक्तियों को सम्मानित किया।
उपराष्ट्रपति ने कैंसर के खिलाफ लड़ाई में सामूहिक प्रयासों के महत्व को रेखांकित करते हुए देशभर के कैंसर अस्पतालों और चिकित्सा संस्थानों को एक साझा मंच पर लाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इससे विभिन्न संस्थान अपने शोध, अनुभव, ज्ञान और उपचार के बेहतर तरीकों को एक-दूसरे के साथ साझा कर सकेंगे। उन्होंने इस दिशा में सहयोग को मजबूत करने के लिए पहल की इच्छा व्यक्त की।
उन्होंने कहा कि अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ करुणामय, मानवीय और किफायती उपचार सुनिश्चित करना चाहिए। नए सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक से विशेष चिकित्सा सुविधाओं तक लोगों की पहुंच बढ़ेगी लेकिन ऐसी सुविधाओं की वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि उन्नत उपचार कितनी किफायती दरों पर और कितनी मानवीय संवेदना के साथ उपलब्ध कराया जाता है।

बिना पासपोर्ट-वीजा रह रहा बांग्लादेशी परिवार पकड़ा गया

नयी दिल्ली : दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत उत्तरी जिला पुलिस ने बाड़ा हिंदूराव इलाके से एक ही परिवार के छह सदस्यों को पकड़ा है। इनमें दो नाबालिग बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, जांच में सभी के बांग्लादेशी नागरिक होने की पुष्टि हुई है। उनके पास भारत में रहने के लिए वैध पासपोर्ट और वीजा नहीं मिले। इसके बाद सभी को मेडिकल जांच के बाद विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) के समक्ष पेश किया गया। एफआरआरओ के आदेश पर फिलहाल सभी की आवाजाही सराय रोहिल्ला स्थित सेवा सदन तक सीमित कर दी गई है।

कोल इंडिया में मनाया गया संविधान दिवस



एजेंसी

कोलकाता : भारतीय संविधान को अंगीकार किए जाने के उपलक्ष्य में कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के कोलकाता स्थित कॉर्पोरेट कार्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारियों और कर्मचारियों ने डॉ. बी.आर. आंबेडकर को पुष्पांजलि अर्पित की तथा संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन किया।

अरविन्द केजरीवाल का 'शीश महल' खुला

एजेंसी

नयी दिल्ली : दिल्ली सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के पूर्व सरकारी आवास 'शीश महल' को शुक्रवार को मीडिया के लिए खोला है। 'शीश महल' में रखे महंगे फर्नीचर को उनकी कीमत के साथ प्रदर्शित किया गया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक बयान जारी करते हुए 'शीश महल' को लेकर कहा कि दिल्ली की जनता के बाद अब पंजाब की जनता को भी देखना चाहिए कि किस तरह जनता की खून-पसीने की कमाई से आलीशान शीशमहल बनाया गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली और पंजाब की जनता के सामने इस पूरे मामले की सच्चाई आनी चाहिए। दिल्ली के लोक निर्माण विभाग के मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने पत्रकारों से कहा कि दिल्ली की जनता का पैसा,



- महंगे फर्नीचर कीमत के साथ प्रदर्शित
- मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता बोलीं, जनता के खून-पसीने की कमाई से बनाया गया आलीशान 'शीश महल'

यानी टैक्स देने वालों का पैसा कहां और कितना खर्च किया गया, इसका पूरा हिसाब हर सरकार को देना चाहिए। जनता को यह जानने का अधिकार है कि दिल्ली के विकास पर खर्च होने वाला उसका पैसा पिछले मुख्यमंत्री ने किस तरह का फर्नीचर खरीदने में खर्च किया। यहां हमारा कोई राजनीतिक उद्देश्य नहीं है। यहां लिखी गई हर रकम के साथ हमने उसका बिल नंबर और इनवॉइस नंबर भी दिया है।

श्रीनगर का तापमान शून्य से नीचे 2.0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा

श्रीनगर : कश्मीर में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। इस सर्दी के मौसम में श्रीनगर का न्यूनतम तापमान गिरकर शून्य से नीचे 2.0 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो अब तक का सबसे निचला स्तर है। शोपियां घाटी का इलाका सबसे ठंडा रहा, जहां तापमान शून्य से नीचे 4.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के ताजा आंकड़ों के अनुसार पूरे कश्मीर में रात के तापमान में और गिरावट आई है। कई इलाकों में तापमान शून्य से नीचे चला गया है, जिससे क्षेत्र में ठंड का असर और तेज हो गया है। दक्षिण कश्मीर के काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 2.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि कुलगाम जिले के खुदवानी में तापमान शून्य से नीचे 3.0 डिग्री सेल्सियस रहा।

एआई इंसानी भावनाओं की जगह नहीं ले सकता : अनन्या

एजेंसी

मुम्बई : अभिनेत्री अनन्या पांडे का मानना है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) फिल्म निर्माण की प्रक्रिया को आसान और तेज बना सकता है, लेकिन इसके कारण इंसानी प्रतिभा और भावनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। बॉम्बे हाई कोर्ट से अपने व्यक्तित्व अधिकारों की अंतरिम सुरक्षा हासिल करने वाली अनन्या ने कहा कि एआई अब हमारी जिंदगी का हिस्सा बन चुका है और इससे पूरी तरह बचना संभव नहीं है। हालांकि, जब इस तकनीक का इस्तेमाल इंसानों की जगह लेने या उनकी पहचान का गलत फायदा उठाने के लिए किया जाता है, तो यह चिंता का विषय बन जाता है। बातचीत में अनन्या ने बताया कि फिल्म निर्माण के दौरान एआई कई तकनीकी समस्याओं को दूर करने में मददगार साबित हो रहा है। पहले शोर या अन्य बाधाओं के कारण जिन दृश्यों को बार-बार फिल्माना पड़ता था, अब तकनीक की मदद से उन्हें ठीक करना आसान हो गया है। लेकिन



उन्होंने स्पष्ट किया कि एआई इंसानी भावनाओं और रचनात्मकता की जगह नहीं ले सकता। अनन्या के मुताबिक, किसी की तस्वीर या वीडियो बिना अनुमति तैयार करना, उसे बदनाम करने अथवा उसकी छवि खराब करने के लिए तकनीक का इस्तेमाल करना गलत है। उन्होंने एआई के जिम्मेदार इस्तेमाल के लिए स्पष्ट सीमाएं तय करने की जरूरत भी बताई। गौरतलब है कि अनन्या ने अपनी तस्वीरों, नकली विज्ञापनों, डीपफेक वीडियो और एआई आधारित चैटबॉट्स के कथित दुरुपयोग के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उनका आरोप था कि कुछ कंपनियां और वेबसाइट उनकी पहचान का इस्तेमाल व्यावसायिक लाभ के लिए कर रही थीं और आपत्तिजनक सामग्री भी प्रसारित की जा रही थी।

इनोवेटिव दवा खोज व डेवलपमेंट का ग्लोबल हब बनने की ओर बढ़ रहा भारत : डॉ. जितेन्द्र

एजेंसी

लखनऊ : केन्द्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को लखनऊ में केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान (सीडीआरआई) में अत्याधुनिक बायोसेफ्टी लेवल-3 फैसिलिटी का उद्घाटन किया। यह नई हाई-कंटेनमेंट बीएसएल-3/एबीएसएल-3 प्रयोगशाला माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस (टीबी) और नॉन-ट्यूबरकुलस माइकोबैक्टीरिया (एनटीएम) जैसे चुनौतीपूर्ण संक्रामक रोगों पर सुरक्षित वैज्ञानिक अध्ययन करने की क्षमता को मजबूत करेगी। इस अवसर पर मंत्री ने परिसर में नवनिर्मित डॉ. बी. मुखर्जी लेक्चर थिएटर का भी लोकार्पण किया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि भारत का फार्मास्युटिकल क्षेत्र अब केवल जेनेरिक दवाओं के निर्माण तक सीमित न रहकर नई और इनोवेटिव दवाओं की खोज का वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सीडीआरआई की सराहना करते हुए बताया कि सीडीआरआई ने अब तक 13 ऐसी दवाएं विकसित की हैं, जो बाजार में पहुंच चुकी हैं, 80 से अधिक प्रोसेस टेक्नोलॉजी का लाइसेंस दिया है और 1,000 से अधिक पेटेंट दाखिल किए हैं। उन्होंने 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को प्राप्त करने और दवा खोज की गति तेज करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के उपयोग, क्लिनिकल ट्रांसलेशन और उद्योग जगत के साथ साझेदारी पर विशेष जोर



- सीडीआरआई ने अब तक 13 ऐसी दवाएं विकसित की हैं, जो बाजार में पहुंच चुकी हैं
- 80 से अधिक प्रोसेस टेक्नोलॉजी का लाइसेंस दिया है, 1,000 से अधिक पेटेंट दाखिल किये हैं

देते हुए कहा कि भारत इनोवेटिव दवा खोज और डेवलपमेंट का ग्लोबल हब बनने की ओर बढ़ रहा है।
केंद्रीय विज्ञान और टेक्नोलॉजी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और सीएसआईआर के उपाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र सिंह ने सेंट्रल ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीडीआरआई) में आयोजित इस कार्यक्रम में कहा कि देश को अब जेनेरिक दवाओं के एक बड़े ग्लोबल सप्लायर के रूप में अपनी स्थापित स्थिति से आगे बढ़ना चाहिए और इनोवेटिव इलाज के खोजकर्ता और डेवलपर के रूप में उभरना चाहिए, जिसमें स्वदेशी रिसर्च, क्लिनिकल डेवलपमेंट और इंडस्ट्री पार्टनरशिप इस बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि यह बदलाव भारत की फार्मास्यूटिकल लीडरशिप को मजबूत करने और विकसित भारत 2047 के विजन को पाने के लिए जरूरी है।
उन्होंने उम्मीद जतायी कि नई शुरू हुई बीएसएल-3/एबीएसएल-3 फैसिलिटी माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस और नॉन-ट्यूबरकुलस माइकोबैक्टीरिया (एनटीएम) से जुड़ी साइंटिफिक स्टडीज के लिए हाई-कंटेनमेंट रिसर्च इंफ्रास्ट्रक्चर देगी, जिससे मुश्किल संक्रामक बीमारियों पर रिसर्च में इंस्टीट्यूट की क्षमता मजबूत होगी। डॉ. जितेंद्र सिंह ने सीएसआईआर - सीडीआरआई को आइसीएमआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च इन ट्राइबल हेल्थ, उत्तर प्रदेश यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज और मेदांता हॉस्पिटल के साथ हुए कोलेबोरेटिव एग्रीमेंट के लिए भी बधाई दी। उन्होंने भरोसा जताया कि इन पार्टनरशिप से फायदेमंद कोलेबोरेटिव रिसर्च प्रोग्राम शुरू होंगे, क्लिनिकल ट्रांसलेशन में तेजी आएगी और समाज को ऐसे फायदे मिलेंगे जिन्हें मापा जा सके।
मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, साइंस, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन भारत के राष्ट्रीय विकास के लिए सेंट्रल बन गए हैं, जिसमें ऐसे रिसर्च पर जोर दिया गया है जो नागरिकों की जरूरतों को पूरा करे और ठोस समाधान दे। उन्होंने दवा की खोज और क्लिनिकल डेवलपमेंट से लेकर डायग्नोस्टिक्स, प्रोसेस टेक्नोलॉजी और सस्ते हेल्थकेयर इंटरवेंशन तक सीएसआईआर-सीडीआरआई के सफर का ज़िक्र करते हुए कहा कि कैसे साइंटिफिक रिसर्च से लोगों को अच्छा फायदा हो सकता है।